



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 83 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.8 2082 गुरुवार, 19 जून-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## बीते 24 घंटे में कोरोना से 4 मौतें

### देश में अब तक 113 लोगों की जान गई

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज ने जान गंवाई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 113 की मौत हुई है। मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा केरल में 36 और महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। देश के 32 राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना के 6483 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में 1384 मामले हैं। गुजरात में 1105 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव केस हैं।

# जी7 शिखर सम्मेलन सार्थक : मोदी

## कहा-कौशल बढ़ाने के लिए एआई जरूरी

कनानास्किस, 18 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 आउटरीच सत्र को संबोधित किया। इस सत्र का विषय था- 'ऊर्जा सुरक्षा: विविधता, तकनीक और बुनियादी ढांचा ताकि बदलती दुनिया में पहुंच और वहन क्षमता सुनिश्चित की जा सके।' इस दौरान पीएम मोदी ने बताया कि भारत का तकनीक के प्रति दृष्टिकोण मानवीय केंद्रित है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत के 4ए सिद्धांतों पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

**कार्नी को आमंत्रण के लिए दिया धन्यवाद**

आमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी को धन्यवाद दिया और जी7 समूह को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने 4ए दृष्टिकोण विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत की समावेशी विकास की प्रतिबद्धता उपलब्धता, पहुंच, वहनीयता और स्वीकार्यता जैसे चार सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से



कनाडा के पीएम मार्क जोसेफ कार्नी से बातचीत करते पीएम मोदी।

बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन उसने पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले ही पूरा कर लिया है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने नई तकनीकों से जुड़ी चुनौतियों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऊर्जा के आपसी संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि जहां एआई, कौशल और नवाचार बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है, वहीं यह खुद भी ऊर्जा की खपत करता है। इसलिए यह जरूरी है कि हम इसे स्वच्छ और हरित तरीकों से टिकाऊ बनाएं। भारत के मानव केंद्रित तकनीकी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी तकनीक तब ही प्रभावी होती है, जब वह आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ा वैश्विक शासन (गवर्नेंस) एक अहम मुद्दा है, जिसे हल करना जरूरी है, ताकि नवाचार को बढ़ावा मिले। विदेश मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई के दौर में महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित और लचीली आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) होना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में मौजूद विविध और उच्च गुणवत्ता वाला डाटा जिम्मेदार एआई के लिए जरूरी हैं।

**भारत ने शुरू कीं कई वैश्विक पहलें**

पीएम मोदी ने कहा कि तकनीक-आधारित दुनिया में सतत विकास के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा और इसके लिए लोगों को प्रगति के केंद्र में रखना होगा। प्रधानमंत्री ने दुनिया के सामने भारत की हरित और टिकाऊ भविष्य की प्रतिबद्धता को लेकर बताया कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन, मिशन लाइफ, वन सन-वन वर्ल्ड-वन ग्रिड जैसी कई वैश्विक पहलें शुरू की हैं।

# आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर 3 नक्सली ढेर

> इनमें 40 लाख का इनामी गजरला > 1 करोड़ के इनामी चलपति की पत्नी अरुणा शामिल

जगदलपुर, 18 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर मारेडपल्ली में हुई मुठभेड़ में ग्रेहाउंड्स फोर्स ने नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर गजरला रवि, अरुणा समेत 3 बड़े कैडर्स को मार गिराया है। गजरला 40 लाख का इनामी था। फिलहाल मुठभेड़ खत्म हो गई है। इलाके में सर्चिंग जारी है। मामला आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम जिले का है। एनकाउंटर में मारी गई अरुणा स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर एसजेडसीएम थी और नक्सली लीडर चलपति की पत्नी है। इस पर 20 लाख का इनाम था। आंध्र के अल्लुरी सीताराम जिले के एसपी अमित बरदार ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

**गजरला पर केस**

10 फरवरी 2012 को गजरला रवि ने अपने साथियों के साथ बीएसएफ की टीम पर हमला किया। कमांडेंट सहित तीन जवानों को मार दिया और उनके हथियार लूट लिए। 2014 से फरार था। छत्तीसगढ़ में एक्टिव था। बीजापुर



के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया था। वो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित था। वहीं 12 दिन पहले बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने 45 लाख रुपए के इनामी नक्सली भास्कर (45 साल) को भी मार गिराया। मुठभेड़ इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई, यहां जवानों ने भास्कर के शव के साथ ही ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन मार्च 2026 तय की है। उन्होंने ये बात अगस्त 2024 में में बस्तर दौरे के दौरान कही थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि सरेंडर पॉलिसी, हमले और विकास के दम पर नक्सलियों को खत्म किया जाएगा। शाह का यह दावा इसलिए भी मजबूत माना जा रहा है क्योंकि नक्सलियों के गढ़ फोर्सेस लगातार अभियान चला रही है। लगातार नक्सलियों का एनकाउंटर हो रहा है।

## 'अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर नहीं, युद्ध की तरह देखता है भारत'

> ट्रंप को पीएम मोदी की दो टूक

कनानास्किस (कनाडा), 18 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी और साफ किया कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर की तरह नहीं देखेगा, वह से युद्ध कार्रवाई की तरह देखता है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-ट्रंप फोन कॉल पर एक बयान में कहा, 'पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में व्यापार से संबंधित किसी भी विषय पर चर्चा नहीं की गई। >14

# 'अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे'

> अमेरिकी ने दखल दिया तो अंजाम बुरा होगा

तेहरान/तेल अवीव, 18 जून (एजेंसियां)। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।' खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा।



खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।' इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा-हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। >14

## 'अब 15 दिन के भीतर घर पहुंचेगा मतदाता पहचान पत्र, कर सकेंगे रियल-टाइम ट्रैकिंग'

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने एक नई प्रक्रिया शुरू की है, जिससे मतदाता पहचान पत्र अब मतदाता सूची में अपडेट (नया नामांकन या किसी जानकारी में बदलाव) के 15 दिनों के भीतर मतदाता को भेज दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचने में एक महीने से ज्यादा का समय लग जाता है। आयोग ने कहा कि नई प्रणाली के तहत मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) बनने से लेकर डाक विभागके जरिए मतदाता तक पहुंचने तक हर चरण की रियल-टाइम ट्रैकिंग की जा सकेगी। यह प्रक्रिया निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा कार्ड जनरेट किए जाने के बाद से शुरू होगी। चुनाव निकाय ने बताया कि इसके साथ ही हर चरण में मतदाता को संदेश (एसएमएस) के जरिए जानकारी दी जाएगी, ताकि उन्हें अपने मतदाता कार्ड की स्थिति (स्टेटस) का पता चलता रहे।

# नकली नोट मामले में बुल्गारियाई युवक को जमानत देने से 'सुप्रीम' इनकार

## कहा-इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में नकली नोट छापने का रैकेट चलाने के मामले में आरोपी बुल्गारियाई युवक को जमानत देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसी कार्रवाईयों से अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचता है। बुल्गारियाई युवक रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव को 21 जून 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह गुरुग्राम के पालम विहार में यूनिट लगाकर धड़ल्ले से नकली नोट छाप रहा था। साथ ही दिल्ली व गुरुग्राम में 70 लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट खपा चुका था।



आरोपी युवक ने सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ जमानत की याचिका से सहमत नहीं हुई। पीठ ने कहा कि ऐसे कृत्य अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण तत्वों को नष्ट कर देते हैं। विदेशी नागरिक को आठ लाख रुपये के जाली नोटों के साथ पकड़ा गया था। इस मामले में जमानत नहीं दी जा सकती। इससे पहले 12 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने बुल्गारियाई युवक रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि मेटोडीव जालसाजी में शामिल था।

डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्य, एसएसडी से बरामद वीडियो फाइल आरोपों को साबित कर रहे थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि मामला केवल आवेदक से एफआईसीएन की बरामदगी पर आधारित नहीं है, बल्कि जांच के दौरान उसके निवास से जब्त की गई अन्य सामग्री से भी इसकी पुष्टि होती है। आवेदक एक विदेशी नागरिक है और उसका पासपोर्ट पहले ही समाप्त हो चुका है। हालांकि उसने नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है, लेकिन इसकी स्थिति अभी भी लंबित है। उसके खिलाफ आरोपों की गंभीर प्रकृति और दोषी पाए जाने पर लंबी सजा की संभावना को देखते हुए यह साफ है कि आवेदक जमानत पर रिहा होने पर फरार हो सकता है। रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव सोफिया (बुल्गारिया) का स्थायी निवासी है।

## 'सर्वदलीय बैठक बुलाकर बताएं कि क्या बात हुई'

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत को लेकर भाजपा और विपक्ष आमने-सामने है। कांग्रेस-शिवसेना समेत तमाम विपक्षी दल पीएम मोदी पर निशाना साध रह हैं तो भाजपा विपक्षी दलों पर राजनीति करने का आरोप लगा रही है।

ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, 'मोदी के लोग यह कह रहे हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को इस बारे में ट्वीट करना चाहिए और कहना चाहिए कि वह अपने शब्द वापस लेते हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी जो कहेंगे, उस पर कौन विश्वास करेगा? सुधाकर बडगुजर के भाजपा में शामिल होने पर राउत ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रविरोधी पार्टी है। राष्ट्रवाद और देशभक्ति भाजपा के लिए सिर्फ दिखावा है। यह अब अटलजी और लालकृष्ण आडवाणीजी की पार्टी नहीं है, यह अब व्यापारियों की है।

## 190 पीड़ितों के डीएनए नमूने परिवार के सदस्यों के साथ मेल खाए

### 159 शव परिजनों को सौंपे गए

अहमदाबाद, 18 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे में 190 पीड़ितों के डीएनए नमूने परिवार के सदस्यों से मेल खा गए हैं। अब तक 159 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधीक्षक राकेश जोशी ने कहा, 'आज 10.45 बजे तक 190 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं।

159 मृतकों के पार्थिव अवशेष उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। 190 डीएनए नमूनों में से जो मेल खाए हैं, उनमें 123 भारतीय, सात पुर्तगाली, 27 ब्रिटेन, चार गैर-यात्री और एक व्यक्ति कनाडा से हैं। एकमात्र जीवित बचे विश्वास को छुट्टी दे दी गई है। उसे उसके परिवार के साथ घर वापस भेज दिया गया है।' >14

# बाढ़ और भूस्खलन से उबरने में मदद के लिए 2,006 करोड़ रुपए के कोष को दी मंजूरी



शिमला, 18 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश को 2023 की बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के बाद की स्थिति में रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में 2006.40 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से राज्य को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर विचार किया। रिकवरी योजना से राज्य को 2023 मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण होने वाली क्षति और विनाश के कारण रिकवरी और पुनर्निर्माण गतिविधियों में मदद मिलेगी। 2006.40 करोड़ रुपए में से 1504.80 करोड़ रुपए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से केंद्र का हिस्सा होगा। इससे पूर्व, गृह मंत्रालय ने इस आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश को राहत कार्यों के लिए, 12 दिसंबर 2023 को ही एनडीआरएफ से 633.73 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मंजूरी दी थी। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने शहरी बाढ़ के लिए 3075.65 करोड़ रुपए, भूस्खलन के लिए 1000 करोड़ रुपए, जीएलओएफ के लिए 150 करोड़ रुपए, जंगल की आग के लिए 818.92 करोड़ रुपए, बिजली गिरने के लिए 186.78 करोड़ रुपए और सूखे के लिए 2022.16 करोड़ रुपए के साथ खतरों के जोखिम को कम करने के लिए 7253.51 करोड़ रुपए के समग्र वित्तीय परिव्यय के साथ कई शमन परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। बयान के अनुसार, यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है।




# क्लासरूम घोटाला मामले में ईडी का एक्शन

## कॉन्ट्रैक्टर्स और ठेकेदारों के 37 ठिकानों पर रेड




नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने क्लासरूम निर्माण घोटाला मामले में 37 ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई ठिकानों पर छापा मारा है। यह घोटाला कथित तौर पर पिछली आप सरकार के दौरान हुआ था। ईडी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एफआईआर पर संज्ञान लेते हुए पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की है। ईडी ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के कम से कम 37 ठिकानों पर तलाशी कर रही है। जानकारी के लिए बता दें कि ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज अपनी एफआईआर में आप के नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गई थीं। दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री रहे मनीष सिसोदिया ने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने की योजना के अंतर्गत 193 स्कूलों में 2400 से अधिक कक्षाओं का निर्माण कराया था। निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई थी। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 17 फरवरी 2020 की एक रिपोर्ट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दिल्ली सरकार के स्कूलों में 2,400 से अधिक कक्षाओं के निर्माण में घोर अनियमितताओं को उजागर किया।

**बिना निविदा के दे दिए 500 करोड़**

सतर्कता आयोग ने भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जांच में पाया कि दिल्ली सरकार ने बिना निविदा के ही प्रोजेक्ट को 500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी मंजूर कर दी थी। यही नहीं बेहतर सुविधाओं के नाम पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट 90% तक बढ़ाई गई। हालांकि काम घटिया दर्जे का हुआ। जीएफआर, सीपीडब्ल्यूडी वर्क्स मैनुअल का जमकर उल्लंघन किया गया।

**1214 शौचालय बनाए और उन्हें ही बता दिया कक्षा**

जांच में यह भी पता चला कि 193 स्कूलों में 160 शौचालय बनाए जाने थे, लेकिन 37 करोड़ रुपये अधिक खर्च कर 1214 शौचालय बनाए गए। दिल्ली सरकार ने इन शौचालयों को कक्षा बताया और 141 स्कूलों में सिर्फ 4027 कक्षाएं ही बनाईं।

**आप सरकार ने ढाई साल दबाया मामला**

आम आदमी पार्टी सरकार ने इस मामले को ढाई साल तक दबाया। सीवीसी ने 17 फरवरी 2020 की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार उजागर किया था और रिपोर्ट पर सतर्कता निदेशालय से जवाब मांगा। लेकिन आम आदमी पार्टी सरकार ने ढाई साल तक इस मामले को आगे नहीं बढ़ाया। इसके बाद अगस्त 2022 में दिल्ली के एलजी ने मुख्य सचिव को निर्देश देकर देरी की जांच करके रिपोर्ट देने कहा।

## पूर्व फौजी का शव बरामद, हत्या की आशंका, थोड़ी दूरी पर मिला स्कूटर

अमृतसर, 18 जून (एजेंसियां)। अमृतसर में इंडिया गेट बाईपास के नजदीक एक 72 वर्षीय बुजुर्ग का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ है। मृतक की पहचान स्वर्ण सिंह निवासी निवासी भाई मझ रोड तरनतारन रोड के रूप में हुई है। मरने वाला भारतीय सेना का पूर्व फौजी बताया जा रहा है। पारिवारिक सदस्यों ने कहा कि रविवार को स्वर्ण सिंह गांव छिडन से वापस घर आ रहा था। उसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। इस संबंध में पुलिस को शिकायत भी दी गई थी। बुधवार को उनका शव इंडिया गेट के पास मिला। इसके अलावा कुछ दूरी के आगे से उनका स्कूटर भी बरामद हुआ है। शव को देखकर ऐसा लगता है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस थाना धरिडा ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अधिकारी की जसदीप सिंह ने कहा कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

# राजपूताना राइफल्स के सैनिकों का नाले से होकर गुजरना नहीं स्वीकार

## दिल्ली हाई कोर्ट का फुट-ओवर ब्रिज बनाने का आदेश, अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट




नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के अधिकारियों को राजपूताना राइफल्स के सैनिकों के लिए फुट-ओवर ब्रिज के निर्माण की योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इन सैनिकों को हर सुबह अपने बैरक से निकलते वक्त धौला कुआं के पास रिंग रोड के नीचे एक गंदे नाले से गुजरना पड़ता है। इस बदबूदार रास्ते जरिये उन्हें परेड ग्राउंड तक मार्च करना होता है। मुख्य न्यायाधीश प्रतिभा एम सिंह और न्यायधीश मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने पीडब्ल्यूडी, दिल्ली छावनी बोर्ड और ट्रैफिक पुलिस को इस मामले निर्देश दिया। कहा कि तीनों एक संयुक्त बैठक करें और सैनिकों को नाले से सुरक्षित रूप से पार करने के लिए तत्काल फुट-ओवर ब्रिज बनाने के समाधान पर विचार करें। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो दिल्ली छावनी बोर्ड को किसी भी सैन्य एजेंसी की सेवाओं का उपयोग करने की स्वतंत्रता होगी।

**कोर्ट ने ब्रिज के बजट, डिजाइन और समयसीमा की जानकारी मांगी**

बेंच ने कहा कि फुट-ओवर ब्रिज के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया जाए और उसके बजट, डिजाइन और निर्माण की समयसीमा पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके अलावा कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि फुट-ओवर ब्रिज के निर्माण का खर्च पीडब्ल्यूडी की ओर से वहन किया जाएगा, क्योंकि यह प्रस्ताव पहले मंजूर किया गया था, लेकिन अब तक इसका निर्माण नहीं हुआ है।

**हाई कोर्ट कहा- नाले में जलभराव न हो, निकासी की हो निगरानी**

दिल्ली हाई कोर्ट ने रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि नाले में जलभराव न हो, ताकि सैनिकों की आवाजाही में कोई रुकावट न हो। इसके अलावा दिल्ली हाई कोर्ट ने अधिकारियों को यह भी आदेश दिया कि वे नाले से पानी की निकासी की नियमित निगरानी करें।

# डोनाल्ड ट्रंप ने पाक के आसिम मुनीर को लंच पर बुलाया तो प्रियंका चतुर्वेदी बोलीं

**'आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि डेनाल्ड ट्रंप का पूरा ध्यान अपने देश को ईरान के साथ युद्ध में ले जाने पर है'**



मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को लंच पर बुलाया है। इसको लेकर उद्धव ठाकरे गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का बड़ा बयान आया है। उन्होंने ट्रंप और मुनीर की मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि डेनाल्ड ट्रंप का पूरा ध्यान अपने देश को ईरान के साथ युद्ध में ले जाने पर है और इसके लिए पाकिस्तान की आतंकवादी सेना की जरूरत होगी। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, उम्मीद करती हूं कि अमेरिकियों को एहसास होगा कि डोनाल्ड ट्रंप उनकी अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देंगे। उनके बच्चों को इस घातक अलगाव का बोझ उठाना पड़ेगा।

**'डियर अमेरिका, 9/11 कभी मत भूलना'**

शिवसेना यूबीटी सांसद ने कहा, डियर अमेरिका, अपने 9/11 हमले को कभी मत भूलना और इसके जवाब में अफगानिस्तान के खिलाफ कभी न खत्म होने वाला युद्ध छेड़ना, जो तालिबान से लड़ने से शुरू हुआ लेकिन तालिबान को वैध बनाने के साथ समाप्त हुआ। साथ ही इसमें पाकिस्तान की दोहरी भूमिका भी है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, अमेरिकियों ने अमेरिका को फिर से महान बनाने (मागा) के लिए वोट दिया, न कि अमेरिकियों को फिर से युद्ध पर जाने के लिए।

**डोनाल्ड ट्रंप और आसिम मुनीर की मुलाकात**

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को लंच पर बुलाया। इसके लिए पाकिस्तान आसिम मुनीर सोमवार को ही अमेरिका पहुंच गए थे। इस दौरान अमेरिका में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों का गुस्सा झेलना पड़ा था।

# जंगलचट्टी के पास भारी भूस्खलन

## चपेट में आए पांच यात्री, खाई में गिरने से दो की मौत, तीन घायल

रुद्रप्रयाग, 18 जून (एजेंसियां)। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के पास बड़ा हादसा हो गया। पहाड़ी से अचानक भारी मलबा गिरने के चलते पांच यात्री इसकी चपेट में आकर गहरी खाई में जा गिरे। हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पहाड़ी पर भूस्खलन की वजह से यह घटना हुई। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। घायलों को खाई से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। बीते कुछ दिनों से उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में प्री-मानसून की बारिश जारी है। मौसम विभाग ने पहले ही 19 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज गर्जना और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई थी। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया था। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य पहाड़ी जिलों में भी तेज गर्जन और हवाओं के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। विभाग के अनुसार 23 जून तक प्रदेश में मौसम ऐसा ही बना रहेगा, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## एडीजीपी जयराम की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा सवाल

# तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार



नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एडीजीपी जयराम की गिरफ्तारी को लेकर मद्रास हाईकोर्ट से सवाल पूछा है। हाईकोर्ट के कहने पर एक किडनैपिंग केस में एडीजीपी एच.एम जयराम को हिरासत में लिया गया था। इसी दौरान तमिलनाडु सरकार ने उन्हें सस्पेंड भी कर दिया। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने अब इसपर हाईकोर्ट से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की बेंच जस्टिस उज्जल भुयान और मनमोहन की तमिलनाडु सरकार ने बताया कि एडीजीपी एचएम जयराम को हिरासत में ले लिया गया था और उन्हें मंगलवार की शाम को 5 बजे रिहा कर दिया गया। एडीजीपी जयराम के वकील ने अदालत को बताया कि पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया था, लेकिन तमिलनाडु सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया। इस मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वो एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। आपको (तमिलनाडु सरकार) उन्हें सस्पेंड करने की क्या जरूरत थी? इस तरह के आदेश न सिर्फ चौंकाने वाले बल्कि मनोबल तोड़ने वाले हैं। तमिलनाडु सरकार के वकील ने एडीजीपी जयराम का सस्पेंशन रद्द करने का आश्वासन दिलाते हुए गुरुवार तक इस संदर्भ में कोर्ट को सूचित करने की बात कही है। बता दें कि मद्रास हाईकोर्ट ने किडनैपिंग केस में एडीजीपी जयराम को हिरासत में लेने का आदेश दिया था। ऐसे में एडीजीपी जयराम ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीजीपी जयराम के वकील राजेश सिंह चौहान ने हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि बिना कोई वजह बताए एडीजीपी जयराम को गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी याचिका मंजूर कर ली थी, जिसपर आज सुनवाई हुई।

# दिल्ली से बाली जा रही एअर इंडिया की उड़ान वापस लौटी

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। पूर्वी इंडोनेशिया में एक शक्तिशाली ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बुधवार को बाली जाने वाली एअर इंडिया की एक फ्लाइट सहित कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करना पड़ा। कई उड़ानों का रास्ता भी बदलना पड़ा, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी में मंगलवार शाम को विस्फोट हुआ। इससे राख के विशाल गुबार आसमान में 10,000 मीटर (32,800 फीट) से अधिक ऊंचाई तक उड़े। इसे लगभग 150 किमी दूर से देखा जा सकता था। एहतियात के तौर पर कई एयरलाइनों ने बाली के नगुराह राय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन निलंबित कर दिया। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया, जेटस्टार, एअर न्यूजीलैंड, सिंगापुर की टाइगरएयर, चीन की जुनेयाओ एयरलाइंस और एअर इंडिया समेत कई एयरलाइनंस ने अपनी उड़ानें रद्द कर दीं या उनका मार्ग बदल दिया। दिल्ली से बाली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट को बीच उड़ान में ही वापस लौटने की सलाह दी गई। इसके बाद विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से लैंड हुई। एयरलाइन ने साफ किया की कि सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, 'यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। हम प्रभावित यात्रियों को होटल में ठहरने की सुविधा दे रहे हैं। अगर वे चाहें तो टिकट रद्द या यात्रा में परिवर्तन या धनवापसी का विकल्प चुन सकते हैं।'

# 'जिन्होंने युद्ध के विमान उड़ाए, वही अब शांति के कबूतर उड़ा रहे', उद्धव ठाकरे गुट का पीएम मोदी पर हमला



मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी का दावा है कि उरी, पठानकोट, पुलवामा और पहलगाम हमलों के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति की। उद्धव गुट की ओर से कहा गया है कि पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों को अब तक न्याय नहीं मिला है। इसी के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक भावनात्मक राजनीतिक चाल बताया गया है। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला गया है। लेख में कहा गया है कि उरी, पठानकोट, पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमले मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए और इन हमलों का राजनीतिक फायदा ठाकरा बीजेपी ने वोट मांगे। इन शहीदों को असली न्याय आज तक नहीं मिला। सामना में कहा गया है कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी। उस समय पूरा देश शोक में डूबा था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उस वक्त साइप्रस दौरे पर गए हुए थे। वहां हंसते-खेलते फोटो खिंचवा रहे थे। इसी बात को लेकर ठाकरे गुट ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि जब वे साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पहनकर भारत लौटे, तब उन्हें उन 26 बहनों की याद रखनी चाहिए जिनके माथे से सिंदूर उजड़ गया। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला देते हुए शिवसेना ने कहा कि अब वही मोदी 'युद्ध अच्छा नहीं होता' और 'यह युद्ध का समय नहीं है' जैसी शांति की बातें कर रहे हैं। ठाकरे गुट ने तंज कसते हुए कहा कि इस बदले हुए रवैये का श्रेय अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हीं के दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई रुकी। शिवसेना ने नोटबंदी पर भी हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों की फंडिंग रोकने के लिए नोटबंदी की, लेकिन उसमें आम जनता पिसी और आतंकी गतिविधियां बंद नहीं हुईं। अगर अब भी आतंकियों को आर्थिक मदद मिल रही है तो इसके लिए गृह मंत्रालय जिम्मेदार है। शिवसेना ने तंज कसा कि "सिंदूर की रक्षा के लिए जिन लोगों ने युद्ध के विमान उड़वाए थे, वही मोदी अब शांति के कबूतर उड़ा रहे हैं।" शिवसेना ने यह सवाल भी उठाया कि क्या पहलगाम हमले में जिन महिलाओं का सिंदूर उजड़ गया, उन्हें इंसाफ मिला? जिन चार आतंकवादियों ने हमला किया था, उनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। ठाकरे गुट ने मांग की है कि उन चारों को पकड़कर दिल्ली के इंडिया गेट पर गोली मारी जाए, तभी जाकर पहलगाम का बदला पूरा होगा।

## केदारनाथ यात्रियों संग एक और हादसा, पैदल यात्रा मार्ग पर गिरा पहाड़ से मलबा, 2 की मौत



रुद्रप्रयाग, 18 जून (एजेंसियां)। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम में फिर बड़ा हादसा हो गया है। केदारनाथ मंदिर जाने वाले पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी बरसाती नाले के पास बुधवार को भूस्खलन होने से उसकी चपेट में आए दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि एक महिला समेत तीन अन्य घायल हो गए। बता दें कि दो दिन पहले भी भारी बारिश के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक व्यक्ति की मौत हुई थी। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे हुए लैंडस्लाइड का शिकार हुए लोगों को उपचार के लिए ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार, बरसाती नाले के पास ऊपर पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने के कारण इस क्षेत्र से गुजर रहे कुछ यात्री तथा पालकी संचालक इसकी चपेट में आकर नीचे खाई में गिर गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तथा जिला आपदा प्रबंधन बल की टीमें खाई में गिरे लोगों को निकाल कर ऊपर लायीं। घायलों में से एक महिला को हल्की चोटें आयी हैं जबकि दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए गौरीकुंड भेजा गया है। हादसे का शिकार हुए लोगों की पहचान की जा रही है। इस बीच, पुलिस की मौजूदगी में यात्रियों की आवाजाही कराई जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना जताई है, ऐसे में प्रशासन ने यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं से सतर्कता बरतने की अपील की है।

# 'धर्मांतरण कराने वाले को मारने पर दूंगा 11 लाख का इनाम'

## महाराष्ट्र के बीजेपी विधायक का बेतुका बयान



सांगली, 18 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के भाजपा विधायक ने बेहद बेतुका बयान दिया है। सांगली में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने कहा कि धर्मांतरण कराने वाले व्यक्ति को जो भी मारेगा, उसे मैं व्यक्तिगत तौर पर 11 लाख रुपये का इनाम दूंगा। उन्होंने यह बयान सांगली में ससुराल की ओर से ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाले जाने के बाद महिला के आत्महत्या करने के मामले में दिया। सांगली में पिछले दिनों 28 वर्षीय महिला ऋतुजा राजगे ने आत्महत्या कर ली थी। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वाले ईसाई धर्म का पालन करते थे। वह महिला ऋतुजा को अपने साथ चर्च जाने, बाइबल पढ़ने और प्रार्थना करने के लिए मजबूर करते थे। वह मना करती थी, तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। इन सबसे परेशान आकर महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने कहा कि जो कोई भी धर्मांतरण का काम करता है और अगर हमारे लोग उस व्यक्ति की हत्या करते हैं तो मैं व्यक्तिगत रूप से उसे 11 लाख रुपये का इनाम दूंगा। उन्होंने अपने बयान में सैराट फिल्म का भी जिक्र किया।

**सैराट फिल्म क्या थी**

सैराट के एक मराठी फिल्म थी। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दिखाया गया था कि गरीब दलित लड़के को एक अमीर ऊंची जाति की लड़की से प्यार हो जाता है दोनों अपने प्यार के लिए पूरी दुनिया से लड़ते हैं लेकिन अंत में इस प्यार की कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। सैराट जातीय भेदभाव, प्यार और हॉरर किलिंग की कहानी थी।

## शराब की दुकान में घुसा, बोरी में भरे 4 लाख रुपये के सिक्के और हो गया रफूचक्कर

नागपुर, 18 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में शराब की दुकान में चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। चोर ने दुकान में रखे 3.75 लाख रुपये के सिक्के समेत 5 लाख रुपये पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इन दिनों नागपुर में चोरों के निशाने पर शराब की दुकानें हैं। पिछले दो सप्ताह में शराब की दुकानों में चोरों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि 16 जून को कैसे एक शराब की दुकान में घुसकर चोर ने 4 लाख 87 हजार रुपये के कैश पर हाथ साफ कर दिया। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि 4.87 लाख में 3 लाख 75 हजार रुपये के सिक्के हैं

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले को जांच में नया खुलासा, 400 करोड़ रुपये का ओटीएस स्कैम आया सामने



मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की गबन की जांच के दौरान एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। ताजा मामले में करीब 400 करोड़ रुपये के लोन वन-टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) के जरिए बंद किए गए, जिनमें बैंक अधिकारियों की भूमिका को लेकर संदेह सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि, 274 लोन अकाउंट्स में ओटीएस दिया गया, जिनमें से 176 अकाउंट्स में 1 करोड़ रुपये से अधिक के लोन थे। ये सेटलमेंट्स कथित तौर से अचानक और बिना किसी की नजर में लाये हुए और अब इन पर जांच एजेंसियों की नजर पड़ी। सूत्रों ने बताया कि "जब हमने गहराई से जांच की तो पता चला कि ये ओटीएस एक स्क्रिप्टेड स्कैम था और यहां हमें सेटलमेंट के बाद कुछ अकाउंट्स में पैसे ब्राइब के रूप में ट्रांसफर होने के कुछ सबूत मिले हैं। ईओडब्ल्यू इस मामले में एफआईआर दर्ज करने जा रही है ताकि मामले की जांच और भी गहराई से की जा सके।

**कैसे हुआ लगभग 400 करोड़ रुपये का ये कथित घोटाला?**

एक अधिकारी ने बताया कि बैंक अधिकारियों ने जानबूझकर लोन को एनपीए घोषित किया और फिर ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) का सहारा लिया गया। कम रकम लेकर लोन माफ कर दिया गया। इसके बदले में अधिकारियों को कथित तौर पर मोटी रकम मिली जिसे की किकबैक भी कह सकते हैं। इस पूरे खेल में जांच एजेंसियों को पूर्व वाइस चेयरमैन हीरेन भानु और उनकी पत्नी गौरी भानु की बड़ी भूमिका नजर आ रही है। गौरी उस समय कार्यवाहक चेयरपर्सन थीं।

**हीरेन भानु के खिलाफ कदम**

सूत्रों ने दावा किया है कि हीरेन और गौरी भानु 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में पहले ही आरोपी बनाए जा चुके हैं और प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित हो चुके हैं। कोर्ट में इनकी ब्लू कॉर्नर नोटिस के तहत तलाश जारी है, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। जांच अधिकारी का यह भी दावा है की उनका आखिरी लोकेशन दुबई में पता चला था लेकिन अब शक है कि शायद वे लंदन में हो सकते हैं, क्योंकि हीरेन भानु के पास ब्रिटिश नागरिकता है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी हो रही है, जिससे इन्हें ट्रैक कर भारत लाया जा सके।

सु वि चा र
जीवन में अगर ये समज गये की क्या याद रखना है और क्या भूलना तो आप बहुत आगे निकल गये हो ।

# तेलंगाना में पर्याप्त बिजली : भट्टी

## डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बिजली से गहराई से जुड़ी हुई है, उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य में सभी बिजली परियोजनाएं पार्टी के शासन के दौरान शुरू और समाप्त हुईं। बुधवार को खम्मम जिला मुख्यालय में 1912 बिजली एम्बुलेंस सेवा और बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करने के बाद एक सार्वजनिक सभा में बोलते हुए, भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि कोत्तागुडेम थर्मल पावर स्टेशन के पहले से सातवें चरण तक, सभी कांग्रेस के शासन में शुरू और पूरे हुए। उन्होंने आलोचना की कि बीआरएस के दस साल के शासन में, बिजली की एक भी इकाई नहीं जोड़ी गई, और हालांकि कुछ परियोजनाएं शुरू हुईं, लेकिन कोई भी पूरी नहीं हुई। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि बीआरएस सरकार सुसंगत ऊर्जा नीति प्रदान करने में विफल रही, जिससे इस क्षेत्र में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के साथ ही विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से बिजली की मांग में वृद्धि हुई है। बीआरएस शासन के दौरान मार्च 2023 में मांग 15,000 मेगावाट थी, लेकिन कांग्रेस के शासन में यह मार्च 2025 तक बढ़कर 17,162 मेगावाट हो गई। पिछली सरकार की तुलना में 2,000 मेगावाट अतिरिक्त मांग के बावजूद निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रही। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिजली विभाग बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्र सरकार की एक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना को 2029-30 तक 26,299 मेगावाट और 2034-35 तक 33,773 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। राज्य सरकार भविष्य की इस मांग को देखते हुए उत्पादन को दोगुना करने के लिए पहले से ही अनुमान तैयार कर रही है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने नई हरित ऊर्जा नीति-2025 पेश की है और 1 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि 2029-30 तक 20,000 मेगावाट हरित ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य है। भट्टी विक्रमार्क ने जोर देकर कहा कि राज्य वर्तमान में 29,000 कृषि पंप सेटों को 24/7 मुफ्त बिजली की आपूर्ति करता है। इसके लिए सरकार किसानों की ओर से बिजली विभाग को सालाना 11,500 करोड़ रुपये का भुगतान करती है। इसके अतिरिक्त, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली के पात्र परिवार लाभान्वित हो रहे हैं, जिसमें 50.71 लाख से अधिक गरीब परिवार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। वित्त विभाग इस उद्देश्य के लिए बिजली उपयोगिताओं को 2,293 करोड़ रुपये का भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि सरकार 29,018 सरकारी शैक्षणिक संस्थानों को बिजली की आपूर्ति कर रही है, जिसके लिए वित्त विभाग द्वारा 198 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है। कुल मिलाकर, गरीबों को आर्थिक रूप से सहायता देने और अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने वाले परिवारों पर बोझ कम करने के लिए, वित्त विभाग मुफ्त बिजली योजनाओं के तहत बिजली कंपनियों को हर साल कुल 13,992 करोड़ रुपये का भुगतान कर रहा है।उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार के लिए, 108 चिकित्सा आपातकालीन सेवा के समान एक नई 1912 बिजली एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है। बिजली की समस्या होने पर उपभोक्ता कहीं से भी 1912 डायल कर सकते हैं। एक इंजीनियर, एक तकनीशियन, एक ट्रांसफार्मर, सीढ़ी और बिजली के तार मिनटों में स्थान पर पहुंच जाएंगे। यह सेवा अब पूरे राज्य में उपलब्ध है, भट्टी विक्रमार्क ने कहा। उन्होंने रात-दिन, यहां तक कि आंधी रात और आपात स्थिति में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए बिजली कर्मचारियों की सराहना की। बाढ़ और बढ़ती मांग के बावजूद, उन्होंने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि अधिकारी कर्मचारियों की किसी भी समस्या को सुनने के लिए उपलब्ध हैं, और प्रभारी मंत्री के रूप में, वह चिंताओं को दूर करने के लिए हमेशा समय आवंटित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पिछली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उस समय कर्मचारियों को अपनी बात कहने का मौका तक नहीं मिलता था। भट्टी विक्रमार्क ने बिजली कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। अब उन प्रोटोकॉल को लाइनमैन स्तर तक पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की स्थिति में अब कर्मचारियों को 1 करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा योजना के तहत कवर किया जाता है - यह योजना देश के किसी भी अन्य राज्य में नहीं है।

## सिंगरेनी को लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

पेड्डापल्ली, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) द्वारा कार्यान्वित लागत नियंत्रण उपायों के लिए कंपनी को लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के वार्षिक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी की अनुकरणीय प्रथाओं को मान्यता देते हुए, आईसीएमएआई ने सिंगरेनी को 2024 के लिए मेगा इंडस्ट्रीज श्रेणी में तीसरा पुरस्कार दिया। आईसीएमएआई के अध्यक्ष सीएमए बिभूति भूषण नायक ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश और राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली जूरी ने एससीसीएल सहित सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का चयन किया। यह पुरस्कार 23 जून को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।

# ब्रह्मोस एयरोस्पेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से उनके जुबली हिल्स स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। राज्य के आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू भी मौजूद थे। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के एमडी और सीईओ डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी, ब्रह्मोस हैदराबाद के कार्यकारी निदेशक सुरमपुडी संबाशिव प्रसाद, डीआरडीएल के निदेशक जी.ए. श्रीनिवास मूर्ति और अन्य ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। बैठक के दौरान, सीएम रेवंत रेड्डी ने प्रतिनिधिमंडल से हैदराबाद में ब्रह्मोस एयरोस्पेस के विस्तार का अनुरोध किया। सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को हैदराबाद और बेंगलुरु के बीच एक रक्षा गलियारे की स्थापना की संभावनाओं के बारे में बताया।मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस के अधिकारियों को यह भी बताया कि विभिन्न रक्षा संगठनों ने हैदराबाद में इकाइयां स्थापित की हैं और तेलंगाना देश में निवेश के लिए सबसे अच्छा गंतव्य है। सीएम रेवंत ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस कंपनी को हैदराबाद और तेलंगाना राज्य में अपनी विस्तार योजनाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से हर तरह के समर्थन का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार के लिए मुख्यमंत्री के निमंत्रण पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

## रिश्ते का विरोध करने पर युवा जोड़े ने की आत्महत्या

सिद्दीपेट, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। वारगल मंडल के अवुसलोनिपल्ली में मंगलवार देर रात एक युवा जोड़े की प्रेम कहानी दुखद रूप से समाप्त हो गई। पुलिस के अनुसार, शिवरामुलु (21) और कल्पना (19) अलग-अलग समुदायों से थे। उनके रिश्ते को दोनों परिवारों से कड़ा विरोध झेलना पड़ा और कल्पना के माता-पिता ने भावी वर की तलाश शुरू कर दी थी।

इस बात से दुखी होकर जोड़े ने अपनी जान लेने का फैसला किया। शिवरामुलु गांव के बाहरी इलाके में अपने खेत में लटके पाए गए, जबकि कल्पना ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार की सुबह प्रकाश में आई, जिससे गांव में गहरा सदमा लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए गजवेल के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## बेगमपेट हवाई अड्डे पर बम की धमकी के बाद हाई अलर्ट जारी

### जांच के बाद बताया गया अफवाह

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर बुधवार को बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद शहर की सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं । पूरी जांच के बाद सूचना को अफवाह घोषित कर दिया गया। बेगमपेट पुलिस के अनुसार, कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर एक ईमेल भेजा था जिसमें हवाई अड्डे के परिसर में बम रखे जाने की सूचना दी गई थी। सूचना मिलने पर हवाई अड्डे के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने तुरंत हैदराबाद पुलिस को सूचित किया, जिसने परिसर में तोड़फोड़ विरोधी और जांच दल को भेजा। सुरक्षा एजेंसियों ने मौके पर गहन जांच शुरू की, बम का पता लगाने और उसे नष्ट करने वाली टीमें मौके पर तैनात की गईं। गहन जांच के बाद अधिकारियों ने इसे अफवाह बताया। ईमेल भेजने वाले व्यक्तियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

पूर्व तट रेलवे
नीलामी कैटलॉग नं.: CAT-EXI-001
लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-VSKP-STGen-83-25-1(Misc-Static-Services-Static General)
विवरण: मेला, प्रदर्शनी, शिल्प बाजार, सम्मेलन, फूड (Food) बाजार / महोत्सव आदि के लिए रिक्त स्थान (Vacant Place) हेतु ठेका।
लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय: 23.06.2025 को 1100 बजे, लॉट बंद होने की तिथि एवं समय: 23.06.2025 को 1130 बजे।
न्यूनतम वृद्धि: 0.2%, लॉट स्थिति: ड्राफ्ट कैटलॉग में नया
संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टेयर
PR-251/Q/25-26

पूर्व तट रेलवे
नीलामी कैटलॉग नं.: WAT-ADVT-OSN-31
लॉट नं./वर्ग: ADVT-WAT-VSKP-OSN-223-25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital))
विवरण: विशाखापट्टणम रेलवे स्टेशन के गेट नं. 1 कॉनकोर्स एरिया, गेट नं. 3 फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफॉर्म-8 की तरफ, प्लेटफॉर्म-8 के प्रवेश द्वार एवं प्लेटफॉर्म नं. 1 से प्लेटफॉर्म नं. 8 के अंदर प्लेटफॉर्म के पिलर्स (Pillars) पर विज्ञापन होर्डिंग्स/ग्लो साइन (नॉन-डिजिटल)।
विज्ञापन के लिए प्रस्तावित कुल क्षेत्र - 2570 वर्गफुट।
लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय: 24.06.2025 को 1100 बजे, लॉट बंद होने की तिथि एवं समय: 24.06.2025 को 1130 बजे।
न्यूनतम वृद्धि: 0.2%, लॉट स्थिति: ड्राफ्ट कैटलॉग में नया।
संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टेयर
PR-250/Q/25-26

# केवीआईसी ने पीएमईजीपी के तहत देशभर में लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये वितरित किए

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत देशभर में 11,480 सेवा क्षेत्र के लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की। यह वितरण 906 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के एवज में किया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित राजघाट कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां से केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में यह सब्सिडी जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ रूप राशि सहित केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत" के विजन को मान्यता मिल रही है और पीएमईजीपी योजना इसका मजबूत स्तंभ बन गई है। उन्होंने दोहराया कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन भी बन गया है, जो कई लाख युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ रहा है। गांव-गांव में रोजगार और स्वावलंबन पैदा करने में इस योजना की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इस वितरण कार्यक्रम में देश के सभी छह जोन ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सेंट्रल जोन के तहत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में कुल 2403 परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जिसके लिए कुल 218 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। ईस्ट जोन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 996 परियोजनाओं को 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जबकि ऋण स्वीकृति लगभग 71 करोड़ रुपये रही। उत्तर भारत के राज्यों - पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ - को कुल 2713 परियोजनाओं को 61 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई और इन परियोजनाओं के लिए 184 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र की 81 परियोजनाओं को 2 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिली, जिसमें असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे राज्य शामिल थे। दक्षिणी राज्यों तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 4565 परियोजनाओं को कवर करते हुए 116 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जबकि इन परियोजनाओं के लिए 343 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए।

पश्चिमी क्षेत्र, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा राज्यों में, कुल 722 परियोजनाओं के लिए 82 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के मुकाबले 26 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अपनी स्थापना से लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का एक स्तंभ बन गया है। इस योजना के तहत अब तक कुल 10,18,185 सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए गए हैं, जिनके लिए भारत सरकार द्वारा 73,348 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इसके सापेक्ष लाभार्थियों को 27,166 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी प्रदान की गई है।

# किसानों के साथ विश्वासघात करने के लिए केटीआर ने की कांग्रेस की आलोचना

## स्थानीय चुनावों से पहले चुनिंदा गारंटी पर सवाल उठाए

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस सरकार चुनावी वादों की लंबी सूची को पूरा करने में विफल होकर तेलंगाना के लोगों को धोखा दे रही है। उन्होंने चल रहे वनकालम (खरीफ) सीजन के लिए रैतु भरोसा योजना की शुरुआत के समय पर सवाल उठाया और कहा कि यह पिछली किस्तों की उपेक्षा करते हुए आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को प्रभावित करने की एक चाल है। रामा राव ने रैतु भरोसा फंड जारी करने को सरकार के अधूरे आश्वासनों से ध्यान हटाने का एक दिखावा बताया। उन्होंने पूछा, 'धान के लिए वादा किया गया बोनस, कल्याण लक्ष्मी/शादी



मुबारक योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता और एक तोला सोना, केसीआर किट और पोषण किट, महालक्ष्मी योजना के तहत 2,500 रुपये प्रति माह, युवा महिलाओं को इलेक्ट्रिक स्कूटर, रैतु बीमा और अधूरी फसल ऋण माफी कहां है?' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक स्थानीय दैनिक के सरकारी विज्ञापन को साझा करते हुए, जिसमें कांग्रेस ने 100 दिनों के भीतर अपनी छह गारंटियों को लागू करने का वादा किया है, रामा राव ने कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे किए और फिर लोकसभा चुनावों के दौरान भगवान की कसम खाई। उन्होंने कहा, 'वादों को पूरा न करने के बावजूद, वे अब स्थानीय चुनावों से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए नए हथकंडे अपना रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता जनता से किए गए अपने वादों को पूरा करने की बजाय पद हासिल करने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि तेलंगाना की जनता सरकार द्वारा परिणाम दिए बिना पुराने वादों को नए सिरे से पेश करने के प्रयासों को करीब से देख रही है।

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट: www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है
सांकेतिक सूचना
(आईआरआईएफएम पर लेखांकन तथा वित्तीय प्रबंधन में चेयर प्रोफेसर पद हेतु)
विज्ञापन सं.001/2025/आईआरआईएफएम
आईआरआईएफएम द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए, (तत्संबंधित अवधि को कार्य निष्पादन व आपसी सहमति पर बढ़ाया जा सकता है) भारतीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान(आईआरआईएफएम), रेल मंत्रालय, भारत सरकार पर, लेखांकन तथा वित्तीय प्रबंधन में चेयर प्रोफेसर पद हेतु प्रख्यात पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित हैं।
बीआईआरआईएफएम वेबसाइट: https://irifm.indianrailways.gov.in/website/announcements recruitments.php पर शैक्षिक अर्हता, योग्यता, पारिश्रमिक एवं एप्लीकेशन लिंक दिया गया है।
आवेदनों की प्रस्तुति की अंतिम तिथि 15-07-2025 है।

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम
ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद -500 062, तेलंगाना
ईसीआईएल के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए जुड़ें
इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) ट्रेनी अधिकारी (रेडियोलॉजिकल सुरक्षा) (ईसी-02) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि 18.06.2025 (1400 बजे) एवं अंतिम तिथि 08.07.2025 (1400 बजे) तक है।
संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट https://www.ecil.co.in देखें।
विज्ञापन सं. 10/2025
उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)
cbc48138/12/0006/2526

## सिंचाई परियोजनाओं पर कांग्रेस सरकार की पोल खोलने के लिए बीआरएस करेगी बैठक

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सिंचाई परियोजनाओं पर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की जानबूझकर की जा रही लापरवाही के खिलाफ तेलंगाना के किसानों की ओर से लड़ने के लिए बीआरएस पार्टी तैयार हो रही है। सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और प्रबंधन पर राज्य सरकार की आपराधिक लापरवाही पर चर्चा के लिए बीआरएस पार्टी प्रमुख केसीआर के नेतृत्व में जल्द ही एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। उच्च स्तरीय बैठक में बीआरएस के शीर्ष नेता शामिल होंगे, जिसमें मुख्य रूप से सिंचाई परियोजनाओं के बारे में राज्य सरकार की सुस्ती और किसान विरोधी रवैये पर चर्चा होगी। बैठक के दौरान राज्य की सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की चुप्पी पर चर्चा की जाएगी। केसीआर नेताओं को कांग्रेस सरकार की साजिशों के बारे में बताएंगे, जो बीआरएस शासन के दौरान 90% पूरी हो चुकी पलामुरु-रंगा रेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना को दरकिनार कर रहे हैं और इसके दो स्तंभों के क्षतिग्रस्त होने के बहाने पूरे कालेश्वरम परियोजना का सुखा रही है। बीआरएस पार्टी के नेताओं का दावा है कि कांग्रेस सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण कालेश्वरम परियोजना से राज्य में लाखों एकड़ में किसानों को सिंचाई का पानी नहीं मिल पा रहा है।

CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, S Bharathi, W/o, No.14649998A, Hav, Salapu Uma Syam Kumar, R/o, Visakhapatnam Dist, A P, changed my name from S Bharathi to Salapu Bharathi vide Affidavit dt 18.06.2025, before Medchal Court, Telangana.
I, No.14649998A, Hav, Salapu Uma Syam Kumar, R/o, Visakhapatnam Dist, A P, changed my Father's name from Surya Rao to Salapu Suryarao vide Affidavit dt 18.06.2025, before Medchal Court, Telangana.
सावधान
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गए 5 स्कूल बस चालक

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद यातायात पुलिस ने बुधवार को शहर में नशे में वाहन चलाने की जांच के दौरान पांच स्कूल बस चालकों को पकड़ा। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शहर भर में 34 अलग-अलग स्थानों पर स्कूल बसों की जांच की। कुल 324 स्कूल बस चालकों की शराब पीने की जांच की गई, जिनमें से पांच शराब के नशे में पाए गए।

डीसीपी (ट्रैफिक-I) राहुल हेगड़े ने कहा कि स्कूल प्रबंधन को स्कूली बच्चों के परिवहन के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वाहनों के पास यात्री परिवहन वाहन के रूप में संचालन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध परमिट होना चाहिए और आगे और पीछे दोनों तरफ स्पष्ट रूप से 'ऑन स्कूल ड्यूटी' लिखा होना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'किसी भी वाहन में उसकी निर्धारित बैठने की क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए और किसी भी बच्चे को दूसरे की गोद में बैठने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।' वाहनों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, पीने का पानी और स्कूल का नाम तथा संपर्क नंबर भी होना चाहिए। स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों को ऐसे ड्राइवर द्वारा चलाया जाना चाहिए, जिसके पास ऐसे वाहन चलाने का कम से कम पांच साल का अनुभव हो और उसके पास पहले से कोई यातायात उल्लंघन का रिकॉर्ड न हो। बच्चों के सुरक्षित रूप से चढ़ने और उतरने को सुनिश्चित करने के लिए हर वाहन में एक अटेंडेंट मौजूद होना चाहिए।

## 2 अंतरराष्ट्रीय मरीजों की हुई बैरिएट्रिक सर्जरी

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। लाइफलाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने बुधवार को एक ही दिन में दो अंतरराष्ट्रीय मरीजों (दोनों बहनें) की सफल बैरिएट्रिक सर्जरी की घोषणा की, जिससे उन्हें स्वास्थ्य और जीवन शक्ति के लिए एक नया रास्ता मिल गया। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 36 और 29 वर्षीय बहनों का वजन क्रमशः 106.6 किलोग्राम और 91.8 किलोग्राम था और वे मोटापे के कारण गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रही थीं। ये सर्जरी चेयरमैन और मुख्य सर्जन डॉ. जेएस राजकुमार और वरिष्ठ बैरिएट्रिक सर्जन और संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. अनिरुद्ध राजकुमार ने की।

सर्जरी के बाद, दोनों बहनों की स्थिति में आशाजनक सुधार हुआ है, जिसमें उच्च रक्तचाप, स्लीप एपनिया, फैटी लीवर और जोड़ों के दर्द में कमी शामिल है। डॉ. जेएस राजकुमार ने कहा, 'पारंपरिक तरीकों से वजन कम करने के लिए संघर्ष कर रहे उच्च बीएमआई वाले रोगियों के लिए बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जरी एक वैज्ञानिक रूप से सिद्ध समाधान है।'

जन्मदिन की शुभकामनाएं

तेजा श्री
माता : चंदना श्री
पिता : संदीप यादव

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट: www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है
नं. सी/सी/210/एसटीबीए/जेटीबीएस/2025 दि.17-06-2025
भारत के राष्ट्रपति, भारतीय गणराज्य की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा एसटीबीए/जेटीबीएस के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है। तदनुसार, आवेदन पत्र, योग्यता मानदंड तथा अन्य विवरण को वेबसाइट: www.scr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

| श्रेणी | तिथि | कार्य विवरण |
| --- | --- | --- |
| एसटीबीए | निविदा दस्तावेज की प्रस्तुति की अंतिम तिथि 8-7-2025 के 15.00 बजे है। | सिकंदराबाद डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट्स (एसटीबीए'ज) की भर्ती हेतु निविदाएं आमंत्रित हैं। अधिसूचना दि.9-6-2025 |
| जेटीबीएस | निविदा दस्तावेज की प्रस्तुति की अंतिम तिथि 8-7-2025 के 12.00 बजे है। | जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों (जेटीबीएस) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। अधिसूचना दि.9-6-2025 |

इच्छुक पार्टीज एवं ठेकेदारगण इस बात पर ध्यान दें कि, एसटीबीए तथा जेटीबीएस की निविदाओं के विस्तृत विवरण हेतु उपरोक्त वेबसाइट पर जाएं।
पूछताछ/स्पष्टीकरणों हेतु कृपया अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर संपर्क करें।
A0894 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद

# आमिर-गौरी के रिश्ते पर सलमान ने ली चुटकी!

## कपिल के शो में शादी के सवाल पर बोले- वो परफेक्शनिस्ट हैं, शादी को परफेक्ट बनाकर छोड़ेंगे

कपिल शर्मा एक बार फिर अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ ओटीटी पर लौटने वाले हैं। शो के पहले एपिसोड में सलमान खान गेस्ट के तौर पर नजर आएंगे, जिसका टीजर जारी किया गया है। इसमें कपिल आमिर खान का उदाहरण देते हुए सलमान से पूछते हैं कि वह कब शादी करेंगे, जिसका सलमान ने बड़े मजेदार अंदाज में जवाब दिया।





वीडियो में कपिल शर्मा सलमान खान से पूछते नजर आ रहे हैं कि आमिर भाई ने सबको अपनी गर्लफ्रेंड गौरी से मिलवा दिया, वो रुके ही नहीं और आप हैं कि कर ही नहीं रहे। इसका जवाब देते हुए सलमान ने कहा, आमिर की बात ही अलग है। वो परफेक्शनिस्ट है। जब तक शादी को वो एकदम परफेक्ट नहीं बना लेगा'। एक्टर के इस जवाब से वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

**बर्थडे में की थी रिलेशनशिप की ऑफिशियल अनाउंसमेंट**

14 मार्च को आमिर खान ने मीडिया के साथ अपने 60वें बर्थडे का सेलिब्रेशन किया था। इस दौरान उन्होंने मीडिया को गौरी से मिलवाते हुए उनसे अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल कर दिया था।आमिर ने यह भी बताया था कि 12 मार्च को उन्होंने अपने घर में प्री-बर्थडे पार्टी रखी थी, जहां उन्होंने गौरी की मुलाकात सलमान खान और शाहरुख खान से भी करवाई थी।

**कौन हैं आमिर की गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट?**


बैंगलोर से ताल्लुक रखने वालीं गौरी स्प्रैट आमिर खान के प्रोडक्शन में काम करती हैं, साथ ही वो हेयरड्रेसिंग बिजनेस भी चलाती हैं। वो और आमिर पिछले 25 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं, हालांकि, डेढ़ साल पहले दोनों की नजदीकियां तब बढ़ीं, जब एक्टर के कजिन ने उनकी मुलाकात करवाई। गौरी स्प्रैट को पहली शादी से एक 6 साल का बेटा भी है।

# हेरा फेरी 3 विवाद पर अक्षय कुमार का रिएक्शन

## बोले- उम्मीद है सब ठीक हो जाएगा; फिल्म छोड़ने पर परेश रावल को भेजा था लीगल नोटिस

परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ दी है, जिसके बाद मेकर्स और एक्टर के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि इस पर लीगल एक्शन लेने की बात भी उठने लगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने इस मामले में अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सब कुछ ठीक हो जाएगा।

अक्षय कुमार से फिल्म को लेकर अपडेट पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'जो कुछ भी हो रहा है, वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी फिंगर्स क्रॉस करके रख रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। बल्कि, मुझे पक्का पता है कि सब ठीक ही होगा।' इससे पहले अक्षय ने 'हाउसफुल 5' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में परेश का बचाव किया था। उन्होंने कहा था, मैं उनके साथ 32 साल से काम कर रहा हूं। वो बहुत शानदार एक्टर हैं। मैं उनसे काफी कुछ सीखता हूं।



उनके बारे में कुछ गलत बातें नहीं होनी चाहिए।

**अक्षय कुमार की टीम ने भेजा था लीगल नोटिस**

दरअसल, परेश रावल हेरा फेरी 3 का हिस्सा थे, हालांकि उन्होंने अचानक फिल्म छोड़ दी। फिल्म को अक्षय कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। ऐसे में परेश के फिल्म छोड़ने की खबर आने के बाद एक्टर की टीम ने उन्हें लीगल नोटिस भेज दिया।

विवाद बढ़ने पर परेश रावल ने फिल्म का साइनिंग अमाउंट 11 लाख रुपए 5 प्रतिशत ब्याज के साथ लौटा दिया। विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि परेश रावल ने मेकर्स से फिल्म छोड़ने की बात करने से पहले मीडिया में इसकी अनाउंसमेंट कर दी थी।

**परेश रावल ने भी दिया था रिएक्शन**

परेश रावल ने हाल ही में 'हेरा फेरी 3' छोड़ने पर मिले लीगल नोटिस को लेकर चुप्पी तोड़ी थी। उन्होंने बताया कि उनके वकील अमीत नाइक ने कानूनी जवाब भेज दिया है। परेश ने कहा कि जवाब पढ़ने के बाद मामला शांत हो जाएगा।

# विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड स्टार्स पर साधा निशाना

## बोले- यहां कोई शहंशाह नहीं, बॉक्स ऑफिस के नंबर ईगो संतुष्ट करने के लिए बढ़ाए जाते हैं

फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड के कुछ सितारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों की कमाई को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है, ताकि एक्टर्स के अहंकार को सही ठहराया जा सके। इतना ही नहीं, कुछ प्रोडक्शन हाउस अपनी ही फिल्मों के बड़ी संख्या में टिकट खुद ही खरीद लेते हैं, ताकि लोगों को लगे कि उनकी फिल्में हिट हो गई हैं।

एक इंटरव्यू में विवेक अग्निहोत्री ने कहा, 'एक समय था जब फिल्म इंडस्ट्री राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती थी। जब कहीं भूकंप या बाढ़ आती थी, तो ये लोग पैसे इकट्ठा करते थे। ट्रकों पर चढ़कर लोगों की मदद के लिए जाते थे।



सुनील दत्त असली कांग्रेसी थे, जिन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा की थी। लेकिन आजकल के फिल्मी सितारे अपने घरों की बालकनी से हजारों लोगों को हाथ हिलाकर खुश हो जाते हैं। मुझे ये ठीक नहीं लगता। वे अपने हाथ गंदे नहीं करना चाहते। आप कोई शहंशाह नहीं हैं। किसी मुद्दे पर सिर्फ ट्वीट कर देना काफी नहीं है।

विवेक के बयान के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या यह टिप्पणी अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के लिए थी, जिन्हें 'शहंशाह' और 'बादशाह' कहा जाता है, तो अग्निहोत्री ने कहा कि उनका ऐसा कोई इरादा नहीं था।

विवेक अग्निहोत्री ने आगे कहा, 'एक समय था जब फिल्म इंडस्ट्री हर आंदोलन में सबसे आगे थी। अब वे चार्टर्ड प्लेन से ट्रैवल करते हैं। उन्होंने देश को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने बॉलीवुड को शैम्पू कंडीशनर इंडस्ट्री में बदल दिया है। इंडस्ट्री को ग्लैमर से जोड़ दिया है। क्या दीवार देश के बारे में नहीं थी? क्या सलीम खान और जावेद अख्तर द्वारा लिखी गई फिल्में देश के बारे में नहीं थीं? इन दिनों हीरो जिस एकमात्र व्यक्ति से लड़ रहा है, वह उसकी गर्लफ्रेंड का पिता है। उन्होंने इंडस्ट्री को बेवकूफ बना दिया है।'

जब विवेक से कॉर्पोरेट बुकिंग के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि आज का दर्शक इतना समझदार है कि ऐसे हथकंडों से उसे बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। यह सब सिर्फ एक्टर्स के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए किया जाता है।

# सलमान की 'सिकंदर' को हुआ 91 करोड़ का नुकसान

## नाडियाडवाला की कंपनी करेगी बॉलीवुड का सबसे बड़ा इंश्योरेंस क्लेम

साजिद नाडियाडवाला की कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट प्रा. लि. ने अपनी फिल्म 'सिकंदर' को हुए पायरेसी नुकसान के लिए 91 करोड़ रुपए का इंश्योरेंस क्लेम दाखिल करने की प्रोसेस शुरू कर दी है। यह क्लेम बॉलीवुड के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा पायरेसी इंश्योरेंस क्लेम बताया जा रहा है। सलमान खान स्टारर यह फिल्म 30 मार्च 2025 में रिलीज हुई थी।

एक सूत्र ने बताया कि कंपनी ने इंटरनल लेवल पर डिजिटल पायरेसी इंश्योरेंस कवर को लेकर चर्चा शुरू की है। इसके लिए अर्न्स्ट एंड यंग को ऑडिट सौंपा गया था, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पायरेसी से लगभग 91 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

**आंकड़े कैसे निकाले गए?**

फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के मुताबिक, ये आंकड़े बहुत सोच-समझकर और विश्लेषण के बाद निकाले गए हैं। फिल्म की थिएटर रिलीज से पहले की कमाई संभावनाओं, सीट ऑक्यूपेंसी डेटा, इलाकों के हिसाब से कमाई में गिरावट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर पाइरेटेड वर्जन की ट्रेसिंग के



आधार पर ये मूल्यांकन किया गया।

सूत्र ने कहा, "91 करोड़ का आंकड़ा कोई अंदाजा नहीं है, यह संभावित थियेट्रिकल और डिजिटल कमाई की एक्चुअल लॉस को दर्शाता है।"

**फिल्म कब और कैसे लीक हुई?**

ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया कि फिल्म की पाइरेटेड कॉपियां रिलीज के कुछ घंटों बाद ही टेलीग्राम ग्रुप्स और गैरकानूनी स्ट्रीमिंग साइट्स पर आ गई थीं। कुछ मामलों में तो रिलीज से पहले ही यह लीक हो चुकी थी। लीक का मुख्य स्रोत तमिलरॉकर्स, मूवीरुलज, फिल्मीजिला और कई टेलीग्राम चैनल बताए गए। ये सभी साइट्स और ग्रुप फिल्म के पूरा वर्जन को डाउनलोड और स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध करा रहे थे।

**पाइरेटेड वर्जन में क्या था अलग?**

सूत्रों ने यह भी बताया कि पाइरेटेड वर्जन में कई ऐसे सीन थे जो थिएट्रिकल वर्जन में नहीं थे। जैसे: धारावी में मेडिकल स्टूडेंट्स द्वारा सिकंदर से मिलना। कमरुद्दीन की बीमारी का लंबा फ्लैशबैक। रश्मिका की वकील बनने की इच्छा वाला सीक्वेंस।

इसके अलावा, इंटरवल से पहले एक ऐसा सीन जिसमें सिकंदर को कई समस्याएं बताई जाती हैं, वैदेही की सुसाइड अटेम्प्ट और एक कैब वाला सीन, जो फाइनल कट में नहीं था।

एक ट्रेड सूत्र ने बताया कि पाइरेटेड वर्जन में 'लग जा गले' का ओरिजिनल 1964 वर्जन था, जबकि थिएट्रिकल वर्जन में इसे यूलिया वंतूर ने गाया था। सलमान खान द्वारा गाया गया 'अजीब दास्तां' पाइरेटेड वर्जन में नहीं था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि लीक CBFC क्लीयरेंस के बाद हुआ, यानी इसमें इनसाइडर का हाथ हो सकता है।

**फिल्म की कमाई पर असर**

फिल्म 'सिकंदर' ने पहले दिन 27.5 करोड़ की ओपनिंग की थी, लेकिन वीकडेज में गिरावट आई और कुल कमाई 103.45 करोड़ पर रुकी। ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि पायरेसी ना होती तो यह फिल्म और बेहतर कमाई कर सकती थी।

**अभी तक आधिकारिक क्लेम नहीं**

एक अन्य सूत्र ने बताया, "अब तक कोई फॉर्मल इंश्योरेंस क्लेम दाखिल नहीं हुआ है। यह केवल इंटरनल चर्चा है, लीगल प्रोसेस अभी शुरू नहीं हुई।" लेकिन अगर एनजीईपीएल यह क्लेम दाखिल करती है, तो यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा पायरेसी इंश्योरेंस केस बन सकता है।

# ब्रेकअप के बावजूद अर्जुन-मलाइका के बीच अच्छा है बॉन्ड

**अर्जुन कपूर** और मलाइका अरोड़ा का भले ही ब्रेकअप हो चुका हो, लेकिन इसके बावजूद दोनों अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिन पर अर्जुन कपूर ने भी रिएक्शन दिया है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया यूजर्स के भी तरह-तरह के रिएक्शन सामने आ रहे हैं।

मलाइका अरोड़ा ने इन तस्वीरों में से एक पोस्ट पर लिखा, 'मैं तुम्हें अपने दिल और दिमाग से प्यार नहीं करती, मैं तुम्हें अपनी आत्मा से प्यार करती हूं। जब तक मेरा दिमाग मुझे भूल न जाए और मेरा दिल धड़कना बंद न कर दे।'

एक्ट्रेस की इस पोस्ट को अर्जुन कपूर ने भी लाइक किया, जिसके बाद फैंस के बीच यह चर्चा तेज हो गई कि क्या दोनों के बीच फिर से सब कुछ ठीक हो गया है। एक यूजर ने कमेंट किया, 'अर्जुन इज बैक!', वहीं एक दूसरे ने लिखा, 'अर्जुन और मलाइका को फिर से साथ आ जाना चाहिए।', इसके अलावा भी कई फैंस ने इस पोस्ट पर कमेंट किया है।

**मलाइका के साथ 8 साल रिश्ते में रहे, फिर हुआ ब्रेकअप**

मलाइका अरोड़ा ने पहली शादी 1998 में अरबाज खान से की थी। 2016 में दोनों अलग हो गए थे जिसके कुछ वक्त बाद ही मलाइका ने अर्जुन को डेट करना शुरू कर दिया था। 2019 में एक इंस्टा पोस्ट के जरिए दोनों ने अपना रिश्ता ऑफिशियली कन्फर्म किया था। हालांकि करीब 8 साल बाद दोनों ने ब्रेकअप कर लिया था। मलाइका अरोड़ा से रिश्ता टूटने के बाद अर्जुन कपूर फिलहाल सिंगल हैं। अब वे सिंगल होने के फायदों को लेकर मजेदार अंदाज में बातें करते नजर आ रहे हैं। अर्जुन 'शोशा रील अवॉर्ड्स' को होस्ट कर रहे थे, जहां उन्होंने अपने सिंगल स्टेटस पर चुटकी ली। एक्टर ने कहा, आज मैं अकेला ही सही। वैसे भी, अकेले रहने में कोई बुराई नहीं है। ये सिर्फ मेरे लिए नहीं, आप सबके लिए भी फायदेमंद है।



# 'लोगों ने कहा मुझे एक्टिंग नहीं आती' अनुपमा ने टार्गेटेड ट्रोलिंग पर की बात

एक्ट्रेस अनुपमा परमेश्वरन की गिनती साउथ की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। मलयाली होने के बावजूद अनुपमा ने तेलुगु सिनेमा में अपना एक अलग नाम कमाया है। अब अनुपमा सुरेश गोपी की फिल्म 'जानकी बनाम केरल राज्य' के साथ मलयालम सिनेमा में वापसी कर रही हैं।



फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट में अनुपमा ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया।

**ट्रोलिंग पर अनुपमा ने की बात**

'जानकी बनाम केरल राज्य' के ऑडियो लॉन्च इवेंट में अनुपमा परमेश्वरन अपनी आलोचनाओं को लेकर भी खुलकर बात की। साथ ही करियर के शुरुआती दिनों को भी याद किया। अभिनेत्री ने कहा, "कई लोगों ने मुझे मलयालम में यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मुझे अभिनय करना नहीं आता। मुझे बहुत ज्यादा टार्गेटेड ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। लोगों ने जानबूझकर मेरी आलोचना की और मुझे निशाना बनाया। इन सबके बावजूद इस फिल्म के निर्देशक प्रवीण नारायणन ने मुझे मुख्य किरदार के रूप में कास्ट किया। इस फिल्म में एक दिल है और वह जानकी है। मुझे उसे सौंपने के लिए प्रवीण नारायणन का धन्यवाद।"

**आखिरी बार 'कुरुप' में नजर आई थीं अनुपमा**

अनुपमा परमेश्वरन ने कल्ट फिल्म 'प्रेमम' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उन्होंने 'टिल्लू स्क्वायर', 'ए एए' और 'कार्तिकेय 2' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया। वो आखिरी बार 2021 में आई मॉलीवुड फिल्म 'कुरुप' में नजर आई थीं।

# अभिनेता आर्य के आवास पर आईटी विभाग ने मारा छापा

## रेस्टोरेंट के लेन-देन से जुड़ा है मामला



तमिल सिनेमा के अभिनेता आर्य के घर पर आयकर विभाग ने मंगलवार सुबह छापा मारा। यह कार्रवाई उनके 'सी शेल' रेस्टोरेंट से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं की जांच के तहत की गई। बताया जा रहा है कि आर्य ने इस रेस्टोरेंट को केरल के व्यवसायी कुन्ही मूसा को बेच दिया था, जिनकी संपत्तियों पर पहले से आयकर विभाग की नजर थी। इससे यह संकेत मिलता है कि ये छापा एक व्यापक वित्तीय जांच का हिस्सा हो सकता है।

**क्या है पूरा मामला?**

अभिनेता आर्य ने साल 2007 में 'सी शेल' रेस्टोरेंट की शुरुआत की थी, जो अडयार, चेन्नई में स्थित है। ये रेस्टोरेंट मलयाली और अरबी व्यंजनों के लिए फेमस है। आर्य ने इस व्यवसाय में कदम रखते हुए होटल उद्योग में भी अपनी पहचान बनाई थी। हालांकि आर्य ने इस रेस्टोरेंट को बेच दिया था, लेकिन आयकर विभाग की कार्रवाई से ये साफ होता है कि रेस्टोरेंट के वित्तीय लेन-देन और स्वामित्व की गहन जांच की जा रही है। आर्य के करीबी सूत्रों का कहना है कि वो इस मामले में पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं और किसी भी गलत काम में शामिल नहीं हैं। ये घटना तमिल सिनेमा जगत में एक बड़े वित्तीय विवाद की ओर इशारा करती है, जिसमें अभिनेता और व्यवसायी दोनों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आगे आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

**कौन हैं एक्टर आर्य?**

तमिल अभिनेता आर्य मूल रूप से केरल से हैं। उन्होंने तमिल सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत 'अरिंथुम अरियामलुम' से की और जल्द ही एक प्रमुख सितारे के रूप में अपनी पहचान बना ली। 'पट्टियाल', 'नान कडवुल', 'मद्रासपट्टिनम', 'बॉस एंगिरा भास्करन', 'अवन इवान', 'वेट्टई', 'राजा रानी' और 'अरंबम' जैसी फिल्मों में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें लोकप्रियता दिलाई। अभिनय के साथ-साथ आर्य ने निर्माता के रूप में भी काम किया।

शुरुआत में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ कुछ मलयालम फिल्मों का निर्माण किया और बाद में तमिल प्रोजेक्ट्स भी प्रोड्यूस किए। उनकी हालिया प्रोडक्शन 'डीडी नेक्स्ट लेवल', जिसमें उनके करीबी दोस्त संतनम मुख्य भूमिका में थे, उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई। वर्तमान में आर्य पा. रणजीत की फिल्म 'वेट्टुवम' में अभिनय कर रहे हैं और साथ ही वो 'मिस्टर एक्स' और 'आनंधन काडू' जैसी फिल्मों का भी हिस्सा हैं।

# दिखाना है तो छुपा क्यों रही हो? शॉर्ट कपड़ों पर जरीन खान ने उठाया सवाल तो खुशी मुखर्जी बोलीं- इतने एक्सप्रेशन वो फिल्मों में दे



स्प्लीटविला 10 फेम खुशी मुखर्जी अकसर अपने बोल्ड अवतार को लेकर चर्चा में रहती हैं। पैप्स के सामने कई बार वो ऊप्स मोमेंट का शिकार भी हो चुकी हैं। उनके शॉर्ट और रिवीलिंग आउटफिट्स के कारण कई लोग उनपर सवाल उठा चुके हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने भी उनके एक वीडियो को लेकर कमेंट किया था, जिसका करारा जवाब खुशी मुखर्जी ने उन्हें दिया।दरअसल कुछ दिनों पहले खुशी गोल्डन कलर की ड्रेस में नजर आई थीं। पैपराजी ने उन्हें स्पॉट किया और इस दौरान एक सड़क चलता आदमी उनके कपड़ों पर भद्दा कमेंट करता हुआ वहां से गुजरा। इसके बाद खुशी सीढ़ियां चढ़ते हुए अनकंफर्टेबल दिखीं और अपनी ड्रेस को संभालती हुई दिखीं।

इस वीडियो को शेयर करते हुए जरीन ने अपने इंस्टाग्राम पर कहा, "समझ ही नहीं आ रहा कहां से स्टार्ट करूं, वीडियोज देख रही हूं, पैप वीडियोज उन लड़कियों की जो लगभग नंगी होकर आ रही हैं और फिर मीडिया के सामने आकर छुपाने की कोशिश कर रही हैं।" इसके बाद जरीन ने बिना नाम लिए खुशी मुखर्जी के वीडियो का जिक्र किया, जिसमें उनकी ड्रेस उड़ रही है और पीछे से अपनी ड्रेस को ठीक करने की कोशिश कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए जरीन ने कहा, "स्कर्ट इतना सा है और फिर खींच खींचकर नीचे कर रहे हैं। इसका क्या तुख है? दिखाना है या छुपाना है? छुपाना है तो फिर इतना सा स्कर्ट क्यों पहना और दिखाना है तो फिर खींचकर छुपा क्यों रहे हो? बहुत कन्फ्यूजिंग है।"

इसके बाद एक इंटरव्यू में खुशी को इस बारे में बताया गया। जिसके बाद उन्होंने जरीन पर पलटवार किया। खुशी ने कहा, "अगर अपनी फिल्मों में इतना ज्यादा एक्सप्रेशन दे देती, जितना वो अब रील्स पर कर रही है तो शायद दीपिका पादुकोण के बाद वही होती।"

# न पत्थर, न लकड़ी, न सोना-चांदी

## गाय के गोबर से बने हैं ये गणेशजी



मध्य प्रदेश के खरगोन में एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जो भक्तों के लिए आस्था का नहीं, बल्कि आश्चर्य का भी केंद्र है। यहां भगवान गणेश की मूर्ति किसी पत्थर, धातु या लकड़ी से नहीं बल्कि गाय के गोबर से बनी है।हैरानी की बात ये कि यह प्रतिमा करीब 900 साल पुरानी है।इतने सालों में इस पर एक भी दरार या खरोंच तक नहीं आई है।

दरअसल, यह मंदिर खरगोन की धार्मिक नगरी महेश्वर में मौजूद है।हालांकि, महेश्वर नर्मदा घाट अहिल्या किला और महेश्वरी साड़ी के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहां स्थित गोबर गणेश मंदिर की ख्याति भी अब दिनों दिन बढ़ती जा रही है।लोग गणेशजी की इस अद्भुद प्रतिमा को देखने दूर-दूर से आने लगे हैं।भगवान गणेश के दर्शन के लिए यहां देश-विदेश श्रद्धालु आते हैं।

**रोज आती थीं अहिल्याबाई**

क्षेत्र में यह मंदिर गोबर गणेश के नाम से प्रसिद्ध है।मंदिर में स्थापित प्रतिमा 11वीं शताब्दी की बताई जाती है।करीब 4 फीट ऊंची है।पूरी तरह गाय के गोबर और मिट्टी से बनी है।यहां भगवान गणेश अपनी सवारी मूषक पर विराजमान हैं।गोबर गणेश के इस मंदिर से देवी अहिल्याबाई होल्कर काफी गहरा ताल्लुक रहा है।वे यहां नियमित दर्शन के लिए आती थीं।इस मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्हीं के द्वारा करवाया गया था।

**क्षेत्र के इकलौता पूर्ण मंदिर**

मंदिर के पुजारी मंगेश जोशी बताते हैं कि रिद्धी-सिद्धि के साथ गणेश, शिव, पार्वती सहित पूरा परिवार एवं परिक्रमा होने से यह क्षेत्र का एकमात्र पूर्ण गणेश मंदिर है। यहां गर्भगृह की छत महालक्ष्मी यंत्र के आकार में बनी है जो इस मंदिर को और खास बनाती है।इसी के साथ मंदिर में गणेशजी गौमय होकर पंचभूतात्मक गणेश हैं जो पार्थिव पूजा के रूप में पूजित हैं।

**गोबर गणेश का विशेष महत्व**

मान्यता है कि गणेश पुराण के अनुसार भाद्रपद चतुर्थी से 11 दिन तक गोबर और मिट्टी से बने गणेश की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।यहां गणेश जी को सिंदूर चढ़ता है।इनके पूजन से धनधान्य, लक्ष्मी, सुख-सौभाग्य की शीघ्र प्राप्ति होती है।कलयुग में गोबर गणेश शीघ्र फल देने वाले देवता भी माने गए हैं।इसलिए इस मंदिर की महत्ता और ज्यादा बढ़ जाती है।यहीं वजह है कि मध्य प्रदेश सहित देश विदेश से श्रद्धालु यहां शीश नवाने आते है।

# द्वारका लौट रहे श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को दी सीख

## सफलता के साथ ही नई जिम्मेदारियां और परेशानियां भी आती हैं, इसलिए हमेशा सतर्क रहें



महाभारत का युद्ध खत्म होने के बाद युधिष्ठिर राजा बनने वाले थे। श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया है, मुझे द्वारका लौट जाना चाहिए।

श्रीकृष्ण ने पांडवों से भी ये बात कही तो कुंती ने उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन श्रीकृष्ण तय कर चुके थे। युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से कहा कि माता तो आपसे रुकने के लिए कह ही रही है और मैं भी चाहता हूं कि आप द्वारका न जाएं, अभी भी हमारी परेशानियां खत्म नहीं हुई हैं।

श्रीकृष्ण ने कहा कि राजन तुम तो युद्ध जीत चुके हो, अब क्या परेशानी है?

युधिष्ठिर कहा कि मुझे ये जीत अपने लोगों को मारकर मिली है। मैंने कभी सोचा भी नहीं था ये जीत इतना दुख देगी।

श्रीकृष्ण से कहा कि राजा बनना और राजा बने रहना बहुत मुश्किल है। धर्म बचाने के लिए आपने युद्ध किया और उसके बाद आपको ये जीत मिली है। हमें एक बात हमेशा ध्यान रखनी चाहिए- हर जीत के साथ नई जिम्मेदारियां आती हैं, नई परेशानियां आती हैं। जीत के पीछे असफलता भी छिपी होती है, उस असफलता के बारे में सोच-सोचकर भविष्य के लिए सीख लेनी चाहिए। सफलता मिलने के बाद भी हमें सतर्क रहना चाहिए, लापरवाही और अहंकार से बचना चाहिए। समझदार वही है जो जीत के पीछे छिपी असफलता को पहचानता है और उससे सीख लेकर आगे बढ़ता है।

युधिष्ठिर ने बताया कि उन्हें बात समझ आ गई है, लेकिन श्रीकृष्ण युधिष्ठिर को देखकर समझ गए थे कि इन्हें अभी बात पूरी तरह समझ नहीं आई है। श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर से कहा कि हमें भीष्म के पास चलना चाहिए, वे ही राज धर्म से जुड़ी बातें अच्छी तरह समझा सकते हैं। इसके बाद श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म के पास पहुंचे। भीष्म पितामह ने पांडवों को राज धर्म के बारे में समझाया था।

**प्रसंग की सीख**

**सफलता के साथ आती हैं नई समस्याएं**

जब महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ, युधिष्ठिर को सत्ता मिली, लेकिन उनके मन में शांति नहीं थी, उनके मन में दुविधाएं थीं। जब हमें सफलता जीवन में आती है तो वह अपने साथ नई जिम्मेदारी और नई परेशानी भी लेकर आती है। एक सफल व्यक्ति वही है जो इनसे भागे नहीं, बल्कि इनका सामना करता है।

**दुख से सीखें, उसमें उलझें नहीं**

कई बार सफलता के बाद भी हम अशांत रहते हैं। युधिष्ठिर का दर्द इस बात का प्रमाण है। श्रीकृष्ण ने उन्हें बताया कि समझदार वही होता है जो दुख से सीखता है, न कि उसमें डूब जाता है। जीवन में दुख और कष्ट स्थायी नहीं होते, पर उनसे मिली सीख स्थायी हो सकती है। हमें अपने अनुभवों से मजबूत बनना चाहिए।

**मार्गदर्शक की बातों पर ध्यान दें**

श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को यह भी बताया कि जब मन उलझ जाए, तो अनुभवी और ज्ञानी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। इसलिए वे भीष्म पितामह के पास चलने की सलाह देते हैं। जब भी जीवन की दिशा स्पष्ट न हो तो वरिष्ठों, गुरुओं या अनुभवी लोगों से सलाह लेनी चाहिए और उनकी बातों को जीवन में उतारना चाहिए।

**सफलता के साथ विनम्रता जरूरी है**

युधिष्ठिर की पीड़ा उनकी संवेदनशीलता और विनम्रता को दर्शाती है। यह गुण हर सफल व्यक्ति में होना चाहिए। विनम्रता और आत्मनिरीक्षण सफलता को टिकाऊ बनाते हैं। जो व्यक्ति सफलता को केवल अभिमान का कारण बना लेता है, वह अकेला रह जाता है।

# ज्योतिष भी मानता है मेहंदी का असर आषाढ़ में लगाने से मिलता है खास सौभाग्य



**क्यों खास है आषाढ़ माह में मेहंदी लगाना?**

आषाढ़ का समय यानी जून से जुलाई के बीच का दौर. यह मौसम परिवर्तन का समय होता है जब उमस और गर्मी के कारण मानसिक और शारीरिक असर भी दिखने लगता है. ऐसे में मेहंदी की ठंडक शरीर और मन दोनों को सुकून देती है।

मान्यता है कि आषाढ़ माह में मेहंदी का रंग जितना गहरा चढ़े, उतना ही अधिक शुभ संकेत होता है. यह रंग न सिर्फ हाथों को सजाता है, बल्कि ग्रहों की चाल से भी जुड़े कुछ असर को कम करने में मदद करता है। खासकर मंगल और शुक्र जैसे ग्रहों के असर को शांत करने में मेहंदी का बड़ा महत्व है। मंगल ऊर्जा और गुस्से से जुड़ा होता है, जबकि शुक्र प्रेम और रिश्तों से. ऐसे में मेहंदी दोनों को संतुलित करने में मददगार मानी जाती है।

**मेहंदी और परिवार में सौहार्द**

इस माह में विवाहित महिलाएं अगर मेहंदी लगाएं तो उनके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहती है. कहा जाता है कि इस दौरान पति-पत्नी दोनों मिलकर मेहंदी लगाएं तो आपसी तनाव या मतभेद धीरे-धीरे खत्म हो जाते हैं. घर में शांति बनी रहती है और बच्चों से जुड़ी परेशानियां भी कम होती हैं. कुछ लोग मानते हैं कि इस समय मेहंदी लगाने से संतान सुख की राह भी आसान होती है. यह विश्वास पीढ़ियों से चला आ रहा है और आज भी कई परिवारों में इसका पालन श्रद्धा से किया जाता है।

**धार्मिक महत्व भी जुड़ा है**

आषाढ़ में भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है. यह वही समय होता है जब देवशयनी एकादशी आती है और भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं. इस दौरान मेहंदी को भगवान विष्णु को अर्पित किया जा सकता है, जो एक शुभ संकेत माना गया है. मेहंदी एकमात्र ऐसी सुगंधित वस्तु मानी जाती है जो महिलाओं के श्रृंगार का हिस्सा होने के बावजूद भगवान को समर्पित की जा सकती है।

# गुप्त नवरात्रि में चुपके से करें ये 4 काम

अयोध्या : सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है।नवरात्रि के नौ दिनों तक मां जगदंबा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।गुप्त नवरात्रि तंत्र विद्या सीखने वालों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।इस दौरान माता दुर्गा की 10 महाविद्याओं की पूजा-अर्चना बहुत ही गोपनीय तरीको से की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ महीने की गुप्त नवरात्रि इस साल 26 जून से शुरू हो रही है जिसका समापन 4 जुलाई को होगा।हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार गुप्त नवरात्रि का यह समय तंत्र साधना, शक्ति उपासना और विशेष मंत्रों की सिद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

अयोध्या के ज्योतिषी पंडित कल्कि राम बताते हैं गुप्त नवरात्रि के दिनों में माता रानी की 10 महाविद्याओं की पूजा-अर्चना की जाती है।गुप्त नवरात्रि में कुछ विशेष उपाय करने से धन की परेशानियों से मुक्ति मिलती है और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।साथ ही संतान सुख की प्राप्ति भी होती है।तो चलिए, इस रिपोर्ट में विस्तार से समझते हैं कि कौन से उपाय करने से इन सभी समस्याओं का निवारण पाया जा सकता है।



अगर आप आर्थिक संकट से परेशान हैं तो ऐसी स्थिति में गुप्त नवरात्रि के पहले दिन एक लाल कपड़े में अक्षत और कौड़ी बांधकर घर की तिजोरी में रखना चाहिए और 9 दिनों तक उसकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना करनी चाहिए।इसके बाद नवरात्रि की नवमी तिथि पर उसे आंगन में रख देना चाहिए।ऐसा करने से धन प्राप्ति के रास्ते खुलते हैं।

अगर आप जीवन में सुख-समृद्धि चाहते हैं, तो गुप्त नवरात्रि के दिन मां दुर्गा के मंत्र का जाप करना चाहिए और दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए।ऐसा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

इसके अलावा, अगर शादी में किसी प्रकार की रुकावट आ रही है और अच्छा जीवनसाथी नहीं मिल रहा है, तो गुप्त नवरात्रि में पूजा के दौरान माता दुर्गा के मंत्र का जाप करना चाहिए। ऐसा करने से विवाह संबंधित सभी परेशानियां दूर होती हैं।

इसके साथ ही, अगर आप नौकरी में तरक्की पाना चाहते हैं, तो गुप्त नवरात्रि में हनुमान जी को पान का बीड़ा और माता रानी को इलायची तथा मिश्री का भोग लगाना चाहिए।ऐसा करने से जीवन में चल रही तमाम तरह की परेशानियां दूर होती हैं।

# गुरुवार को करें बस छोटा सा काम

**क्यों खास है गुरुवार का दिन?**

गुरुवार को लक्ष्मीपति विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में चल रही आर्थिक परेशानियां कम होने लगती हैं।जो लोग लंबे समय से धन संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे हैं, उन्हें इस दिन पीले वस्त्र पहनकर भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए।इसके अलावा इस दिन व्रत रखने और पीले फूल, पीली मिठाई अर्पित करने से भी भाग्य खुल सकता है।

**चौखट पर हल्दी रखने का उपाय**

हल्दी को भारत में सिर्फ मसाले के तौर पर नहीं देखा जाता, बल्कि यह एक पवित्र वस्तु मानी जाती है।आयुर्वेद में भी हल्दी को शुद्धता और रोग नाशक



गुणों के लिए जाना गया है। वहीं धार्मिक दृष्टिकोण से हल्दी को सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है।

गुरुवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करके साफ कपड़े पहनें।इसके बाद घर की मुख्य चौखट पर एक चुटकी हल्दी रखें या हल्दी का पानी बनाकर छिड़काव करें।यह उपाय नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर के अंदर शांति बनाए रखने में मदद करता है।

**देवी लक्ष्मी की कृपा पाने का आसान उपाय**

माना जाता है कि हल्दी देवी लक्ष्मी को भी प्रिय होती है।अगर कोई व्यक्ति लगातार पैसों की तंगी, कर्ज़ या खर्चों से परेशान है, तो उसे हर गुरुवार यह छोटा सा उपाय ज़रूर करना चाहिए।चौखट पर हल्दी रखने से न केवल घर में बरकत आती है, बल्कि परिवार के बीच प्रेम और समरसता भी बनी रहती है।

**वास्तु दोष को भी करता है दूर**

अगर घर में कोई ऐसा कोना या द्वार है जहां से बार-बार नकारात्मकता महसूस होती है या अक्सर झगड़े और टकराव होते हैं, तो वहां हल्दी का लेप या पानी छिड़कना बहुत असरकारी होता है।यह उपाय धीरे-धीरे माहौल को बदलने में मदद करता है।

# बंद होने वाले हैं मांगलिक कार्यक्रम, चार महीने नहीं होगा कोई शुभ काम!

कहते हैं, घर में मांगलिक कार्य शुभ तिथि में ही करने चाहिए. इससे मांगलिक कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. फिर चाहे वह शादी-विवाह, मुंडन, जनेऊ हो या फिर गृह प्रवेश. वहीं कुछ तिथि ऐसी भी होती हैं, जिनमें मांगलिक कार्य करना अशुभ माना जाता है, जो चातुर्मास के दौरान आती हैं. आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है।

इस दिन लक्ष्मी-नारायण की पूजा की जाती है और इसी दिन से चातुर्मास की भी शुरुआत हो जाती है. चातुर्मास के दौरान भूलकर भी मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए. देवघर के ज्योतिषाचार्य से जानते हैं कि कब से चातुर्मास शुरू हो रहा है और कब समाप्त होगा?




आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है. इस साल 2025 में देवशयनी या हरिशयन एकादशी 06 जुलाई को पड़ रही है और पारण 07 जुलाई को है. इस एकादशी के दिन से भगवान विष्णु चार महीने के लिए नींद की मुद्रा में चले जाते हैं।

इसके बाद से चातुर्मास आरंभ हो जाता है. जब भगवान विष्णु नींद की मुद्रा में होते हैं, तब किसी भी प्रकार का मांगलिक कार्य करना मना होता है. हालांकि, चातुर्मास में पूजा-पाठ की कोई मनाही नहीं होती है. वहीं साल 2025 में 01 नवंबर को देवउठान एकादशी का व्रत रखा जाएगा और इसी दिन चातुर्मास का समापन भी हो जाएगा।

**चातुर्मास में भूलकर भी न करें ये कार्य**

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि चातुर्मास के दौरान कुछ ऐसे कार्य हैं, जो बिल्कुल मना किए गए हैं, जैसे कि किसी भी प्रकार का मांगलिक कार्य, जैसे शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ वगैरह. इसके अलावा साग का सेवन करना भी चातुर्मास में मना होता है. इस दौरान मांगलिक कार्यक्रम करने से अशुभ फल मिल सकता है ऐसी मान्यता है. इसी वजह से इस दौरान कोई भी अच्छा काम, नयी खरीदारी नहीं की जाती।

# करियर की राह में बैग में रखी 5 चीजें बन रही रोड़ा! ऑफिस बैग में छिपी हैं रुकावटें

***1. मेकअप और ज्वेलरी***

अक्सर महिलाएं अपने बैग में लिपस्टिक, काजल या छोटी ज्वेलरी रखती हैं. लेकिन ज्योतिष मानता है कि ये चीजें शुक्र से जुड़ी होती हैं, जबकि ऑफिस का माहौल बुध और मंगल से जुड़ा होता है. ऐसे में इन चीजों का असर आपके प्रोफेशनल फैसलों पर पड़ सकता है. ये फोकस कम कर सकती हैं और मानसिक संतुलन भी बिगाड़ सकती हैं।

***2. गंदे कपड़े***

अगर आप ऑफिस जाते वक्त बैग में इस्तेमाल किए हुए या गंदे कपड़े रखती हैं, तो यह आदत नुकसानदायक हो सकती है. यह माना जाता है कि गंदे कपड़े बैग में रखने से नकारात्मक ऊर्जा बनती है, जो थकावट, चिड़चिड़ापन और मन की अशांति बढ़ाती है. इससे ऑफिस का माहौल भी बिगड़ सकता है।

***3. चाकू और नेल कटर***

नेल कटर या छोटा चाकू बैग में रखना आम बात लग सकती है, लेकिन ज्योतिष के अनुसार, ये चीजें रिश्तों और अवसरों को काटने का संकेत मानी जाती हैं. खासकर ऑफिस जैसे माहौल में इनका असर आपकी छवि और काम की रफ्तार पर पड़ सकता



है. इसलिए इन्हें बैग से दूर रखना ही बेहतर है.

***4. परफ्यूम और डिओडरेंट***

ज्यादातर परफ्यूम और डिओडरेंट में एल्कोहल मौजूद होता है, जिसे नशे से जोड़कर देखा जाता है. माना जाता है कि ये चीजें ध्यान भटकाती हैं और ऑफिस के प्रति आपकी गंभीरता को कम कर सकती हैं. अगर आप रोज इन्हें बैग में रखकर ऑफिस ले जाती हैं, तो यह आपकी तरक्की में रुकावट बन सकता है।

***5. पर्सनल हाइजीन प्रोडक्ट्स***

टूथब्रश, कंघी या अन्य निजी चीजें ऑफिस बैग में रखना भी नुकसानदेह माना जाता है. ऐसी चीजों से निकली ऊर्जा बाकी चीजों को प्रभावित करती है. माना जाता है कि इससे प्रोफेशनल माहौल में व्यवधान आता है और काम में मन नहीं लगता।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 19 जून - 2025

# क्या इजराइल अस्तित्व की जंग लड़ रहा



राजेश पासी

इजराइल पिछले कुछ महीनों से ईरान पर हमले का संकेत दे रहा था और अब एक हफ्ते पहले उसने यह हमला कर दिया है। सवाल यह है कि दो शक्तियां आपस में क्यों उलझती हैं। इसका जवाब है कि दूसरा अपने लिए खतरा हो, उसके साथ हितों का टकराव हो या वो आप पर हावी होने की कोशिश कर रहा हो । सवाल उठ रहा है कि इजराइल ने ईरान पर हमला क्यों किया है। वास्तव में देश और इंसान स्वभाव में एक समान होते हैं। इंसान या देश जिसे अपने लिए खतरा मानते हैं, वो खतरे से बचने के लिए अपने दुश्मन को ताकतवर होते नहीं देख सकते । इजराइल जानता है कि ईरान उसे खत्म करना चाहता है क्योंकि ये उसकी राष्ट्रीय नीति है। ईरान मानता है कि इजराइल को धरती पर होना ही नहीं चाहिए। ईरान यहूदियों से बेहद नफरत करता है और ये नफरत ईरान तक सीमित नहीं है बल्कि पूरा मुस्लिम जगत ही इजराइल से नफरत करता है । यहां तक कि भारत का मुस्लिम समाज भी इजराइल को एक दुश्मन देश के रूप में देखता है जबकि इजराइल भारत का विश्वसनीय मित्र देश है और हर संकट में साथ खड़ा रहा है ।

देखा जाए तो इजराइल और भारत एक जगह खड़े हैं तो दूसरी तरफ पाकिस्तान और ईरान एक जगह खड़े हैं । अंतर यह है कि ईरान भारत का मित्र राष्ट्र है जबकि पाकिस्तान के साथ इजराइल का कोई रिश्ता नहीं है । जिस तरह से पाकिस्तान भारत से सीधे लड़ने की जगह अपने प्रॉक्सियों के जरिये भारत से लड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ ईरान भी इजराइल से सीधे लड़ने की जगह अपने प्रॉक्सियों के जरिये लड़ रहा है । ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने घोषणा कर दी है कि वो आतंकवादी हमले को पाकिस्तान का हमला मानेगा और उसके खिलाफ युद्ध कर सकता है । इजराइल ने हमास के हमले के बाद यह समझ लिया है कि तब तक ईरान के पाले हुए आतंकवादी संगठनों से निपटा नहीं जा सकता जब तक कि ईरान को सजा न दी जाये ।

ईरान ने इजराइल के खिलाफ हमास, हिजबुल्लाह और हूती को खड़ा किया है और इसके माध्यम से इजराइल को नुकसान पहुंचा रहा है । वो सीधा इजराइल से लड़ना नहीं चाहता लेकिन वो लड़ने की पूरी तैयारी कर रहा है । ईरान आज बड़ी मिसाइल ताकत बन चुका है और कहा जाता है कि उसके पास दस हजार खतरनाक मिसाइलों का जखीरा है और वो इसे बीस हजार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है । हमास के हमले के बाद इजराइल हमास और हिजबुल्ला को निपटा चुका है और हूतियों की शक्ति को भी बहुत कम कर दिया गया है । अब इजराइल ईरान से सीधा लड़ना चाहता है क्योंकि उसके पास उसकी खुफिया जानकारी है कि ईरान एटम बम बनाने के बहुत नजदीक है और कभी भी एटम बम बना सकता है । इजराइल ईरान के एटम बम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है । वास्तव में जब ईरान में अयातुल्ला खुमैनी ने इस्लामिक क्रांति की थी तो कहा था कि इजराइल शैतान का प्रतिनिधि है और इसे खत्म करना हर मुस्लिम के लिए धार्मिक काम है । ईरान का कहना है कि इजराइल को धरती पर होना ही नहीं चाहिए । ईरान ने कई बार कहा भी है कि वो इजराइल को समाप्त कर देगा और इस काम में मुस्लिम देशों को उसकी मदद करनी चाहिए ।

इजराइल भी एक परमाणु शक्ति है लेकिन उसकी समस्या यह है कि वो एक बहुत छोटा देश है । अगर उसके ऊपर दो-तीन परमाणु बम गिरा दिए गये तो शायद वो जवाब देने की हालत में ही न रहे । ऐसी हालत में इजराइल को उसके परमाणु बम भी नहीं बचा सकते । यही कारण है कि इजराइल यह बर्दाश्त नहीं कर सकता कि ईरान परमाणु शक्ति बन जाए । इसलिए इजराइल ईरान के हमले का इंतजार करने को तैयार नहीं है और उसने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बड़ा हमला किया है । इसके अलावा उसने उसके परमाणु वैज्ञानिकों और बड़े सैन्य अधिकारियों पर निशाना लगाया है । इजराइल चाहता है कि वो ईरान की ऐसी हालत कर दे कि वो निकट भविष्य में एटम बम बनाने में कामयाब न हो सके । इजराइल को हमलावर ठहराया जा सकता है लेकिन उसकी इस मजबूरी को दुनिया के ताकतवर देश भी समझते हैं कि यह उसके अस्तित्व की जंग है ।

यूरोपीय देशों और अमेरिका ने कहा है कि ईरान को परमाणु बम बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती और इजराइल सही कर रहा है । देखा जाये तो यूरोप और अमेरिका पूरी तरह से इजराइल के साथ खड़े हैं लेकिन दूसरी तरफ सभी देश जंग से बचना चाहते हैं। अमेरिका भी चाहता है कि ईरान से बातचीत करके उसे परमाणु बम बनाने से रोक दिया जाए लेकिन इजराइल अब ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहता। इजराइल पूरी तरह से यूरोप और अमेरिका की बात सुनने को तैयार नहीं है क्योंकि वो जानता है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा है। परमाणु बम पाकिस्तान के पास भी हैं लेकिन भारत इसे अपने अस्तित्व के लिए खतरा नहीं मानता क्योंकि एक तो भारत बड़ा देश है और दूसरे ऑपरेशन सिन्दूर के बाद साबित हो गया है कि बेशक पाकिस्तान के पास एटम बम है लेकिन उसके पास भारत पर इस बम को गिराने की क्षमता नहीं है । ईरान की मिसाइल ताकत को देखते हुए इजराइल किसी की ज्यादा सुनने वाला नहीं है इसलिए वो अपनी जंग रोकने वाला नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि हम सीजफायर से ज्यादा करना चाहते हैं। हम इसका अंत करना चाहते हैं, कुछ ही दिनों में पता चल जाएगा कि अमेरिका इस संघर्ष का अंत कैसै करेगा, वैसे अभी तक डोनाल्ड ट्रंप ने जो बोला है वो कर नहीं पाए हैं ।

इजराइल की समस्या यह है कि उसके पास ऐसे हथियार नहीं हैं जिससे कि सैकड़ो फुट नीचे बने परमाणु ठिकानों को बर्बाद कर सके । यह काम सिर्फ अमेरिका कर सकता है और इसके संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिका इस जंग में उतर सकता है। अमेरिका की समस्या यह है कि वो ऐसी कार्यवाही करके अरब देशों को नाराज नहीं करना चाहता । मेरा मानना है कि अमेरिका अभी इसके लिए इन देशों से बात कर रहा होगा क्योंकि ईरान इन देशों के लिए भी बड़ा खतरा है । इन देशों की समस्या इनकी जनता है जो कि इस्लामिक देश होने के कारण ईरान के समर्थन में है । इजराइल इन हालातों को अच्छी तरह समझता है इसलिए वो अपने तरीके से लड़ रहा है क्योंकि उसके पास दूसरा और कोई रास्ता नहीं है।

मोदी ने सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान से दोस्ती का हाथ बढ़ाकर समझ लिया था कि पाकिस्तान की भारत से दुश्मनी उसकी धार्मिक सोच है। वो भारत को एक हिन्दू राष्ट्र के रूप में देखता है इसलिए वो कश्मीर के नाम पर भारत को खत्म करने की लड़ाई लड़ रहा है। अगर कश्मीर मुद्दा नहीं होता तो भी पाकिस्तान वही कर रहा होता तो जो वो आज कर रहा है। इजराइल जानता है कि वो चारों तरफ से मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है, उसका अस्तित्व तब तक है जब तक कि वो इनसे ज्यादा ताकतवर है । ईरान की ताकत का अंदाजा लगाने में शायद उससे चूक हो गई है इसलिए वो इस युद्ध में भारी नुकसान उठा रहा है। इजराइल का एयर डिफेंस ईरानी हाइपरसोनिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम नहीं है इसलिए ये मिसाइलें उसकी धरती पर गिर रही है। देखा जाए तो इजराइल ने आत्मघाती हमला किया है और वो जानता था कि ईरान एक ताकतवर देश है. अब ये अलग बात है कि ईरान उसकी सोच से ज्यादा ताकतवर निकल गया है। सवाल यह है कि क्या इजराइल के पास कोई और रास्ता बचा है, मेरा मानना है कि नहीं बचा है। इजराइल ईरान की परमाणु शक्ति को खत्म करके अपनी आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा निश्चित कर रहा है। वो जानता है कि आज का नुकसान कल के लिए फायदेमंद साबित होने वाला है। दूसरी बात यह भी है कि एक बड़ी कीमत चुका कर इजराइल ने ईरान के प्रॉक्सी हमास और हिज़्बुल्लाह को खत्म किया है और हुतियो की ताकत को बहुत कम कर दिया है । इजराइल को पता है कि अगर ईरान को रोका नहीं गया तो वो दोबारा इन संगठनों को बड़ी ताकत के साथ उसके खिलाफ खड़ा कर देगा । सवाल यह है कि इजराइल कब तक ऐसे हमास और हिज़्बुल्लाह जैसे संगठनों से लड़ता रहेगा। ट्रंप कहते हैं कि वो इसका अंत कर देंगे लेकिन कैसे करेंगे, वो उन्होंने नहीं बताया है ।

## एविएशन सेक्टर को झटका?

अहमदाबाद में एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 242 यात्रियों में से केवल एक ही जीवित बचा। हादसे का शिकार बोइंग 787 अमेरिकी विमान कंपनी का सबसे आधुनिक वाइड-बॉडी जेट है। निजीकरण से पहले एयर इंडिया अपनी लेटलतीफी और उदासीनता के लिए जानी जाती थी। 2022 में इसका नियंत्रण टाटा समूह ने ले लिया। तब से यह अपनी सेवाओं में लगातार सुधार कर रही है। बता दें कि हाल के वर्षों में हवाई अड्डों, यात्रियों और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मार्गों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। लगभग एक दशक में गुजरात के राजकोट सहित कई शहरों में आधुनिक हवाई अड्डे खोले गए। इसके बावजूद अहमदाबाद का एयरपोर्ट अब भी घनी आबादी वाले क्षेत्र में है। इससे निपटने के लिए शहर से 80 किमी दूर एक नया अड्डा बनाया जा रहा है। आमतौर पर भारतीय विमानन उद्योग को सुरक्षित मानते हुए संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन द्वारा जारी सूचकांक में भारत की रेटिंग वैश्विक औसत से ऊपर है। फिर भी पश्चिमी देशों और चीन से पीछे है। इसके बावजूद, भारत का आपदाओं से सीखने और बदलाव का रेकॉर्ड सराहनीय रहा है। सबसे उल्लेखनीय उदाहरण 1996 में दिल्ली के पास चरखी-दादरी में हुआ हादसा है, जिसके बाद कई बड़े बदलाव किए गए। करीब 18 साल पहले शुरू हुई इंडिगो आज विमानन बाजार में अग्रणी है। इसके पास दुनिया की किसी भी बड़ी एयरलाइन के मुकाबले सबसे युवा बेड़ा है। इसके विमानों की औसत आयु लगभग 4 साल है। वहीं, एयर इंडिया का बेड़ा लगभग दोगुना पुराना है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा विमानन बाजार है। यदि इसकी मांग ऐसी ही बढ़ती रही तो भारत जल्द ही अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। 2019 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 13.7 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 22.8 करोड़ से भी अधिक हो गई है। कोरोना महामारी से पहले देश में घरेलू रूटों पर 646 विमान संचालित हो रहे थे। मार्च 2023 तक यह संख्या 823 हो गई थी। सरकार भारत को ग्लोबल एविएशन सेंटर बनाना चाहती है, इसके लिए वैश्विक यात्रियों का भरोसा भी जीतना जरूरी है। ऐसे में अहमदाबाद जैसे हादसे इस महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े करते हैं। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की शुरुआत 26 अप्रैल 2004 को हुई, जब जापान के ऑल निप्पन एयरवेज ने इसके 50 विमानों का पहला ऑर्डर दिया था। इस विमान ने अपनी पहली उड़ान 15 दिसंबर 2009 को भरी और अक्टूबर 2011 में इसे व्यावसायिक सेवा में शामिल किया गया। फिलहाल दुनियाभर में बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के लगभग 1,189 विमान सेवा में हैं और 2,137 ऑर्डर में। अधिकांश विमानों को जापान एयरलाइंस, एएनए, एयर इंडिया, कतर एयरवेज और सिंगापुर एयरलाइंस जैसी प्रतिष्ठित एयरलाइंस द्वारा संचालित किया जा रहा है। ड्रीमलाइनर का ढांचा कार्बन फाइबर रिइंफोर्सड पॉलिमर से बना है। यह सामग्री हल्की होने के साथ मजबूत भी है। इससे विमान का वजन कम रहता है, ईंधन की खपत पारंपरिक विमानों की तुलना में 20% तक कम होती है। ड्रीमलाइनर की खिड़कियां पारंपरिक विमानों के मुकाबले बड़ी होती हैं, जिससे यात्रियों को बेहतर व्यू मिलता है। ऑस्ट्रेलिया की क्वांटास, दुबई की एमिरेट्स और अमेरिका की अलास्का के पास हजारों विमानों का बेड़ा है और हर साल करोड़ों यात्री इनमें सफर करते हैं। लेकिन आज तक इनमें एक भी बड़ा हादसा नहीं हुआ है। आज हमें इनसे कुछ सीखने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## चीन का छद्म युद्ध



शिवानन्द मिश्रा

कलयुग है और इस परिवेश में किसी पर भी पूर्णतया भरोसा करना अपरिपक्वता है क्योंकि सारा खेल अपने हित से जुड़ा हुआ है। सब अपने हित को साधते हैं।

अमेरिका के संदर्भ में देख लीजिए, राष्ट्रहित में वह किसी को स्थायी मित्र नहीं रखता है। अब इसी चाल में चीन चल रहा है। चीन और रूस को ब्रदरहुड कहा जाता है, किंतु चीन खलीफा बनने की ओर दौड़ रहा है।

बीते दिनों भारत ने पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर किया था, तब चीनी डिफेंस सिस्टम और फाइटर जेट को उड़ा डाला था, जबकि चीनी मिसाइल S-400 और आकाश को भेद नहीं पाए थे। यह वही S-400 प्रणाली है जो रूस से मिली थी, और इसे रणनीतिक दृष्टि से बेहतर ढंग से उपयोग करने के लिए स्वदेशी में अपग्रेड कर लिया। अब चीन, विपक्षी को काम पर लगाकर पूछवा रहे हैं कि भारत के कितने जेट्स गिरे

जबकि चीन अपने सैटेलाइट में इमेज देख सकता है परंतु ऐसा कोई सीक्वेंस घटित ही नहीं हुआ तो भारत की छवि को भ्रम में रखने की चाल चल रहा है।

उधर, रूस की खुफिया एजेंसी FSB (Federal Security Service) ने 9 जून को अपनी आंतरिक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन मित्र नहीं अपितु रणनीतिक शत्रु बनने की साजिश रच रहा है क्योंकि बीजिंग पूर्व रूसी वैज्ञानिकों, सैन्य अधिकारियों और अर्ध-व्यक्तिगत अकादमिक, शैक्षणिक संस्थानों के ज़रिए जासूसी और तकनीकी सूचनाओं का हस्तांतरण करने की कोशिश कर रहा है।

FSB आगे जोड़ती है कि चीन संवेदनशील सैन्य तकनीकों और रूस में रक्षा-क्षेत्र की गुप्त जानकारियों की खोज के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों से संपर्क कर रहा है अर्थात उन्हें लालची ऑफर देकर तोड़ने की कोशिश कर रहा है ताकि अपने डिफेंस सेक्टर में मजबूती और टिकाऊपन ला सके।


इसके पीछे का आधार भी इसी मिशन सिंदूर से जुड़ा है क्योंकि चीन की पोल भारत ने खोली है। हथियार मार्केट में थू-थू हो रही है, इसलिए वह डैमेज कंट्रोल की प्रक्रिया में है।

FSB ने चीन को खतरे के रूप में इंगित किया है और सावधान रहने की चेतावनी दी है। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर एक गुप्त सैन्य-साइबर स्ट्राइक थी, जिसमें रूस की पुरानी तकनीक S-400 के जरिए भारत और उसके गुप्त सहयोगियों (संभवतः इज़राइल और पूर्वी यूरोप के टैक्टिकल नेटवर्क) ने चीन के एक सामरिक कमांड सेंटर को निष्क्रिय कर दिया।

चीन को इस ऑपरेशन के पीछे रूस की छाया दिखी, इसलिए वह अब रूसी सेवानिवृत्त अधिकारियों को तोड़कर S-400 जैसी तकनीक का रहस्य जानने की कोशिश कर रहा है।

ऐसा ऐतिहासिक तौर पर पहले भी हो चुका है। सत्तर के दशक में अमेरिका और नाटो देशों ने मिलकर USSR, जर्मनी आदि के बड़े-बड़े वैज्ञानिकों को किडनैप किया या मार दिया था, ताकि अपने रक्षा क्षेत्र को मजबूत कर सकें। कई योजनाओं के ब्लूप्रिंट चुरा लिए गए थे, और इज़राइल की मोसाद का इस पूरी कार्रवाई में मुख्य रूप से इस्तेमाल किया गया।अब चीन का लक्ष्य है कि अमेरिका को पछाड़कर वैश्विक डॉन बन जाए। सैन्य सेक्टर में खुली पोल की भरपाई करने की कोशिश में है, जिससे अपने कमजोर पॉइंट्स को छुपाया जा सके और रक्षा बाज़ार में खोया हुआ विश्वास वापस पाया जा सके।भविष्य में "ऑपरेशन सिंदूर" को वर्ल्ड ऑर्डर चेंज में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में पढ़ा और विश्लेषित किया जाएगा। अभी भारत में बहुत से लोगों को अंदाज़ा नहीं है कि भारतीय सेना ने परदे के पीछे क्या करके दिखाया है।

## किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो



अशोक भाटिया

पुणे के कुंदमाला गांव में हुआ पुल हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं था, बल्कि यह प्रशासन की लापरवाही और विभागों के बीच तालमेल की भारी कमी को उजागर करने वाला मामला बन गया है. रविवार को हुए इस हादसे में चार लोगों की जान चली गई और 51 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. कुंदमाला का यह पुराना पुल पहले ही 'खतरनाक' घोषित किया जा चुका था. उस पर एक बोर्ड भी लगाया गया था जिसमें साफ तौर पर लिखा था कि यह पुल उपयोग के लिए बंद है. इसके बावजूद लोगों की आवाजाही जारी थी. यह सवाल खड़ा करता है कि जब पुल को बंद किया गया था, तो उसे पूरी तरह सील क्यों नहीं किया गया?

अभी भी अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे की यादें ताजा हैं, लेकिन महाराष्ट्र और उत्तराखंड राज्यों में दो हादसे हुए। दोनों का एकमात्र कारण पर्यटकों का अत्यधिक उत्साह और प्रशासन के निर्देशों का पालन किए बिना अपने वाहनों को खतरे में डालने और मौत से बचने का जोखिम है। इसलिए प्रशासन की ओर से बार-बार निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन पर्यटक नहीं सुनते और समझा जाता है कि रविवार दोपहर जब हादसा हुआ तब संकरे पुल पर कई पर्यटक मौजूद थे। ये पर्यटक पानी देखने जाते हैं और कई पर्यटकों को बहते पानी में अपनी जान गंवानी पड़ी। कई लोग बह गए और कई लापता हैं। अब उनकी जांच की जाएगी और जीवन की सही संख्या सामने आएगी। लेकिन प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 10 से 15 पर्यटक बह गए हैं।

पुणे हादसे के बाद एक-दूसरे पर दोष मढ़ने का खेल शुरू हो गया है. लोक निर्माण विभाग (PWD) ने साफ कहा कि यह पुल उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता. जिला परिषद ने भी पल्ला झाड़ लिया. निर्माण विभाग (उत्तर) के कार्यकारी अभियंता हेमंतकुमार चौगुले ने तो यहां तक कहा कि "हम इतना बड़ा पुल नहीं बनाते." यानी पुल है तो ज़मीन पर, लेकिन उसका मालिक कौन है, ये कोई नहीं जानता.इस पुल की जगह नया पुल बनाने के लिए सरकार ने एक साल पहले ही मंजूरी दे दी थी. 1 जुलाई 2024 को तत्कालीन निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ने भाजपा नेता रवींद्र भेगड़े को इसकी जानकारी पत्र के जरिए दी थी. इसके बाद 10 जून 2025 को काम शुरू करने का आदेश भी जारी हुआ था. लेकिन हकीकत यह है कि एक ईंट तक नहीं रखी गई.

अब जिला प्रशासन ने एक समिति गठित की है जो यह जांच करेगी कि पुल किस विभाग ने बनवाया था. जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने कहा है कि रिपोर्ट के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. लेकिन सवाल उठता है – जब तक विभागों में यही 'तेरा-पुल, मेरा-पुल' चलता रहेगा, तब तक आम जनता कब तक अपनी जान गंवाती रहेगी?जांच के लिए पहुंचे ग्राम सेवक और जूनियर इंजीनियर ने पुल और स्थल का निरीक्षण किया. जब इंदुरी ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड देखे गए, तो पता चला कि यह पुल उनके रजिस्टर में दर्ज ही नहीं है. यानी कागजों में यह पुल मौजूद ही नहीं है.

वैसे राज्य सरकार ने सभी पुलों के ऑडिट का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तुरंत सभी पुलों की मरम्मत का आदेश दिया है। अब वारी आगे है और लाखों वारकरी आ रहे हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जाने चाहिए। लेकिन इससे पहले, दुर्घटना ने प्रशासन की आंखों में एक अच्छी रोशनी डाल दी है। तालेगांव-दाभाडे में कुंडमाला, जो मावल तालुका में एक पर्यटक आकर्षण के रूप में जाना जाता है, एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। पर्यटकों की जान चली गई है। पुल ढहने से पर्यटक नदी के पानी में बह गए हैं। करीब छह शव बरामद किए गए हैं। इसका मतलब है कि आप देखेंगे कि घटना कितनी गंभीर है। पुल जीर्ण-शीर्ण है और एक साल पहले पुल की मरम्मत के लिए 6 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया था। लेकिन इसने काम करना शुरू नहीं किया। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि इस देरी के लिए जिम्मेदार लोग इस दुर्घटना का कारण हैं। यह भी समझा जाता है कि दुर्घटना के समय पुल पर 100 लोग खड़े थे। लेकिन उन्हें किसी ने नहीं रोका।पुणे दुर्घटना के घातक प्रभाव से पहले रविवार को उत्तराखंड में एक और घातक हादसा हुआ जिसमें सभी सात यात्रियों की मौत हो गई। आर्यन एविएशन के हेलीकॉप्टर ने शाम 5.17 बजे उड़ान भरी और खराब मौसम की स्थिति और खराब दृश्यता के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना गुप्तकाशी में हुई और हेलीकॉप्टर केदारनाथ में चल रहा था। जब हेलीकॉप्टर ने अंतरिक्ष में उड़ान भरी तो मौसम बिल्कुल भी अच्छा नहीं था और फिर भी पायलट और हेलीकॉप्टर आगे बढ़े। कारण दिए गए हैं। कम दृश्यता से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है और भारतीय वायु सेना के एमआई -17 हेलिकॉप्टर के हवा और वजन और दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण अपना संतुलन खोने के प्राथमिक कारण हैं।

मावल में दुर्घटना हो या हेलीकॉप्टर दुर्घटना, पहली बात जो दिमाग में आती है वह है यात्रा का प्यार... नतीजतन लोग बिना सोचे-समझे यात्रा पर निकल जाते हैं। वे यह भी जांचने की जहमत नहीं उठाते कि मौसम कैसा है और बारिश के कारण हेलीकॉप्टर या विमान की दृश्यता है या नहीं। उत्तराखंड तो दूर है। लेकिन इंद्रायणी नदी पर पुल हमारे महाराष्ट्र में है और लोग अब बारिश के मौसम में बहुत यात्रा करेंगे और ऐसे कई हादसों का सामना करेंगे। चाहे वह भुशी बांध हो, लोनावाला या अलीबाग समुद्र तट या रत्नागिरी में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल। यहां अभी तक ज्यादा सुविधाएं नहीं बनाई गई हैं। तो प्रशासन की एक छोटी सी गलती भी यात्रियों की जान ले सकती है। उत्तराखंड के बारे में भी यही कहा जा सकता है। खराब मौसम वहां सामान्य मुद्दा है। लेकिन उन्हें ऐसे मौसम में न जाने के लिए कहने की कोई व्यवस्था नहीं है। अब, जब वैष्णो देवी यात्रा आयोजित की जाती है, तब भी कई लोगों की जान खतरे में पड़ जाएगी। क्योंकि वहां की सड़कें इतनी संकरी हैं कि केवल खच्चर ही चल सकते हैं। ऐसा न करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। केदारनाथ से कई हेलीकॉप्टर क्रैश हो चुके हैं।

अगर हम भारत में इस तरह की दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों की संख्या के आंकड़ों को देखें, तो ऐसा लगता है कि आतंकवादी हमलों की तुलना में अधिक हताहत हुए हैं। इसलिए, सड़क दुर्घटनाओं या पुल दुर्घटनाओं या हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के कारण जीवन का नुकसान किसी भी कारण से बदतर है।

## आसमान में रोटी, थाली में चाँद



डॉ. सुरेश मिश्रा

बात उस समय की नहीं, आज के समय की है — जब स्कूटी का पेट्रोल महंगा और बेरोजगार का आत्मसम्मान सस्ता हो चुका है। मैं भी उन्हीं में से था, जो शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर ₹रिक्त पद नहीं हैं पढ़कर दिल थाम लेते हैं और कृपया पुनः प्रयास करें को जीवन-मंत्र मानकर जीते हैं। किसी ने कहा, हैदराबाद जा कर अधिकारियों से मिलो। गया भी, मुस्कुराकर बोला, सर, नौकरी चाहिए। उन्होंने पलटकर ऐसा देखा जैसे मैंने उनकी बेटी का हाथ माँग लिया हो। बोले— डिग्री तो ठीक है, पर अनुभव नहीं है! मैं कहना चाहता था— सर! भूखा पेट भी अनुभव ही है, और पेट के नीचे जब आँतें बजती हैं, तो वह घंटी बहुत अनुभवी होती है।

बाहर आया, जेब में एक रुपया था, पर PayTM की बैलेंस Insufficient। वो रुपया भी जाने कहाँ गया, लगता है मोदीजी के डिजिटल इंडिया में नोट भी खुद को log out कर लेते हैं। स्टेशन की बेंच पर बैठा, पेट खाली और पेटीएम भी। मन कर रहा था, IRCTC ऐप में Bhookh Tatkal बुक कर लूँ। तभी पास एक किसान परिवार बैठा— Desi vibes में टोकरे से खरबूजे निकाल रहा था। मैंने आँखें ऐसी घुमाईं जैसे IRCTC वेटिंग टिकट हो—उम्मीद कम, इंतज़ार ज़्यादा। किसान ने नजरें मिलाई और कहा— लो भैया, शक्कर जैसे हैं! मैं बोला— भैया, अब तक शक्कर सिर्फ़ घोटालों में देखी थी, आज फल में दिख रही है। दो फाँकें मिलीं, खाई ऐसे जैसे Netflix पर सीरीज बिंज कर रहा हूँ। जबलपुर में सरकारी स्कूल में नौकरी लगी, पर किराया नहीं था। TikTok बंद हो गया, लेकिन मैं टिकट के बिना ही ट्रेन में चढ़ गया। साथ में दरी, किताबें और आत्मसम्मान बाँध रखा था। एक खानसामा मिला—बड़ा दिलदार। बोला— सीट के नीचे से निकल जाना, जाँचने वाला भी आजकल WhatsApp में व्यस्त रहता है! उस दिन लगा जैसे आज भी इंसानियत ज़िंदा है, बस Data Pack ऑन होना चाहिए।

पहली सैलरी आई तो दिल किया Insta story डाल दूँ— First Salary Vibes, लेकिन उसी दिन पिताजी की मौत की खबर मिली। बैंक में आए पैसे सीधे श्मशान पहुँचे। माँ के कंगन बेचकर श्राद्ध किया। रिश्तेदारों ने पूछा— बेटा! सैलरी का क्या किया? मैंने कहा— बाबा को मोक्ष का PF दिलाया। ज़िन्दगी में पहली बार समझ आया—ATM में पैसा होना और पेट में खाना होना, दो अलग बातें हैं।बहन की शादी का समय आया, और जेब में सिर्फ आशिर्वाद। स्टेशन पर जेब कट गयी, मोबाइल गया, आधार कार्ड गया, बची तो वो बहन की उम्मीद। अगला स्टेशन आया, मैंने कुल्हड़ वाली चाय और पूड़ी-सब्जी खाई, और बुदबुदाया— रोटी कपड़ा मोबाइल गया, फिर भी मूड ठीक है। एक पुजारी मिला, बोला— चलो, बिजली की चमक से रास्ता ढूँढेंगे। हम गाँव पहुँचे जैसे कोई फीमेल-फ्रेंड के घर पहली बार मिलने गया हो— डरे भी, थके भी, लेकिन ज़िंदा थे। शादी हो गई, जैसे UPSC क्लियर हो गया हो—संघर्ष से, तुक्के से नहीं। व्यंग्य लिखना शुरू किया—तब नहीं जब लाइक मिलने लगे, बल्कि तब जब आँसू भी सूख गए। जब देखा कि हर गली में कोई दुखी है, पर हँसने का ढोंग किए बैठा है, तब सोचा— मैं उनके लिए लिखूँगा जो रो नहीं सकते, क्योंकि डरते हैं कि कहीं Memes में न बदल जाएँ!लेखन तब शौक नहीं रहा, वो हथियार बन गया। मैं अकेले नहीं लड़ सकता था, पर शब्दों को मार्शल आर्ट सिखा दिया।

## योग की सार्वभौमिक भाषा



श्री श्री रवि शंकर

कुछ लोग यह समझते हैं कि योग सिर्फ एक अभ्यास है जिसे उन्हें सीखना है। लेकिन चाहे वह जापान के किसी हलचल वाले शहर में हो, अफ्रीका के किसी शांत गांव में हो, या भारत के ग्रामीण इलाकों में हो, एक नवजात शिशु, स्थान, समय या समुदाय से परे, जन्मजात योगी ही होता है।

यदि आप ध्यान से देखें, तो एक बच्चा स्वाभाविक रूप से मुद्राएँ अपनाता है जब वह सोता है, पेट से गहरी श्वास लेता है, जैसे एक योगी खिंचाव करता है, और वह ऐसी स्थितियों में मुड़ता है जो उसके पाचन, प्रतिरक्षा और रीढ़ की ताकत के लिए फायदेमंद हैं। हम सभी जन्म से योगी होते हैं। अगर वही बचपन की मासूमियत और स्वाभाविक संतुलन हमारे साथ रहता, तो हमें योग सीखने या अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन जैसे-जैसे हम बढ़ते हैं, हम ऐसे प्रभाव या संस्कारों को संचित कर लेते हैं जो हमारे मन को धुँधला कर देते हैं और हमारे संतुलन को भंग कर देते हैं। जब हम अपनी मूल प्रकृति से संपर्क खो देते हैं, तो हम शांति भी खो देते हैं। यही कारण है कि योग और साधना हमारे शरीर में संतुलन, बौद्धिक स्पष्टता और मन व भावनाओं में सामंजस्य लाने के लिए आवश्यक हैं।

चाहे आप किसान हों, छात्र हों, गृहिणी हों, या सी ईओ, आपको मन की स्पष्टता, शरीर में ऊर्जा, और हृदय में शांति की आवश्यकता होती है ताकि आप प्रभावी हो सकें। योग जीवन से पलायन करने के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन में और अधिक पूरी तरह से जुड़ने के बारे में है, बिना घटनाओं या परिणामों में डूबे हुए। यही वह कौशल है, जो हम सभी को चाहिए। महर्षि पतंजलि, एक असाधारण दिमाग वाले, वैज्ञानिक, व्याकरणज्ञ, मनोवैज्ञानिक और ऋषि थे, उन्होंने हजारों साल पहले इस गहरे आंतरिक विज्ञान को संहिताबद्ध किया था। उनके योग सूत्र आज भी मन और भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए एक कालातीत मार्गदर्शिका के रूप में हैं, जो योग को संस्कृतियों, भाषाओं, स्थानों और समय के पार प्रासंगिक बनाती है। दुर्भाग्यवश, कई लोग योग को एक विशेष धर्म से जोड़ते हैं या इसे केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में देखते हैं। लेकिन योग मानवता का है। जैसे गुरुत्वाकर्षण किसी विशेष धर्म या समुदाय का नहीं होता, वैसे ही योग भी संस्कृति और धर्म से परे है। यह स्वयं को जानने का एक मार्ग है और इसके माध्यम से दुनिया से गहरे रूप से जुड़ने का तरीका है।

योग शरीर के रासायनिक तत्वों को नियंत्रित करता है, जो हमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से प्रभावित करते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (NIMHANS) के इंटीग्रेटिव मेडिसिन विभाग द्वारा किए गए अध्ययन ने यह दिखाया है कि योग न्यूरोलॉजिकल और मानसिक विकारों के उपचार में कितना प्रभावी है। इसके अलावा, श्री श्री इंस्टिट्यूट फॉर एडवांस्ड रिसर्च द्वारा किए गए अन्य अध्ययनों में यह पाया गया कि योग के लाभ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाते हैं, जैसे प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाना, तनाव हार्मोन (कोर्टिसोल) को कम करना, एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम्स को सक्रिय करना, उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना, और पारासंपैथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करना। इसके अलावा, यह डोपामाइन उत्पादन को बढ़ाता है, नशे की लत से उबरने में मदद करता है, मस्तिष्क में ग्रे मैटर को बढ़ाता है, और चिंता, अवसाद और अनिद्रा से छुटकारा दिलाता है। यह शरीर को शांत करता है और रक्तचाप को कम करता है। लेकिन इससे भी अधिक, यह आपको वर्तमान क्षण में वापस लाता है, जहाँ आप नकारात्मक विचारों को छोड़कर, गहरी शांति और आनंद का अनुभव कर पाते हैं।

जब आप अपनी कार में ईंधन भरवाना चाहते हैं, तो आपको कहीं रुकना पड़ता है। आप कार को ईंधन डाले बिना नहीं चला सकते, जैसे-वैसे, आपको अपनी ऊर्जा को फिर से भरने के लिए एक विराम की आवश्यकता है। यह इस बात पर निर्भर नहीं है कि आप योग में कितने घंटे लगाते हैं, बल्कि यह इस पर है कि आप अपनी उपस्थिति और ऊर्जा की गुणवत्ता को कैसे बनाते हैं। प्रकृति में रहना, छोटी-छोटी चीजों का आनंद लेना, बागवानी करना, संगीत का आनंद लेना, और फूलों की सराहना करना - ये सब तरीके हैं जो आपके आत्मा का उत्थान करते हैं और आपके ऊर्जा को बढ़ाते हैं।

योग कोई विदेशी विषय नहीं है। यह हमारे जीवन से बहुत जुड़ा हुआ है, और जब हम अपनी मूल प्रकृति से बाहर कार्य करते हैं, तो हम पहले से ही इसका अभ्यास कर रहे होते हैं। उदाहरण के लिए, क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि जब लोग ठंड में होते हैं तो वे अपने अँगूठे को अपनी बाहों के नीचे छुपा लेते हैं? यौगिक समझ में, अँगूठा ऊर्जा से संबंधित होता है। जब आप अँगूठे को गर्म करते हैं, तो आप शरीर को गर्म करते हैं। प्रत्येक उंगली के सिरे से सूक्ष्म ऊर्जा बिंदु जुड़े होते हैं, और जब आप इन बिंदुओं को उत्तेजित करते हैं, तो आप चिकित्सा प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। योग इन सूक्ष्मताओं को देखने और उन्हें समझने की कला है। जब हम इस ध्यान के साथ जीते हैं, चाहे वह श्वास लेना हो, चलना हो या काम करना हो, जीवन ध्यानपूर्ण, आनंदपूर्ण और ऊर्जा से भरा हुआ हो जाता है।

***लेखक आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरू हैं***

# छत्तीसगढ़ में 108 दिनों में 30 पत्नियों का मर्डर

## हर तीसरे दिन एक की हत्या, शक, शराब और सेक्स की डिमांड बनी वजह

रायपुर, 18 जून (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 1 मार्च 2025 से 16 जून 2025 के बीच यानी 108 दिनों में छत्तीसगढ़ में 30 पत्नियों की हत्या हुई। यानी हर 3-4 दिन में एक पत्नी मारी गई। ये सभी हत्याएं घर के भीतर हुईं और कातिल उनका पति था। इन हत्याओं के पीछे वजह बनी शराब का नशा, कहीं चरित्र शंका, तो कहीं झगड़े और मानसिक तनाव।

हाल ही में सोनम रघुवंशी ने अपनी पति की हत्या करवाई, इसके बाद सोशल मीडिया पर पतियों की सुरक्षा को लेकर सवाल किए जा रहे हैं। इस पर महिलाओं का कहना है कि, उन भी लगातार अत्याचार हो रहे हैं।

केस 1- धमतरी में 26 साल के इलेक्ट्रिशियन ने सब्जी काटने वाले हंसिए से अपनी 22 साल की पत्नी का गला काट दिया। तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। हत्या से ठीक तीन दिन पहले इंस्टाग्राम पर पत्नी की तस्वीर पोस्ट कर लिखा था Love you।

केस 2 - रायपुर के बेलटुकरी गांव में 74 साल के बुजुर्ग ने अपनी 71 साल की पत्नी को गला दबाकर मार डाला। 20 साल बाद अयोध्या से लौटा था, पत्नी पर चरित्र शंका थी, खुद थाने जाकर बोला मार डाला मैंने। ये दो घटनाएं सिर्फ केस नहीं हैं, बात बस इतनी है- कि गुस्सा आया, शक हुआ और पत्नी को खत्म कर दिया।



अगर एज ग्रुप की बात करें तो 26 से 35 साल की महिलाओं की सबसे ज्यादा हत्या हुई है। इस एज ग्रुप की 14 महिलाएं अपने ही पतियों के हाथों मारी गईं। यानी शादी के कुछ सालों बाद का समय सबसे ज़्यादा क्रिटिकल साबित हुआ।

वहीं 18 से 25 साल की 10 यंग महिलाएं, जिनमें से कई की नई-नई शादी हुई थी, वे भी इस हिंसा का शिकार बनीं। ये वो एज है जब शादी की शुरुआत होती है, लेकिन प्यार की जगह शक और गुस्से ने उनकी जान ले ली।

36–50 एज ग्रुप में 5 केस सामने आए हैं, जबकि 50+ एज ग्रुप की भी 2 महिलाएं मारी गईं। यानी शादी चाहे नई हो या 30 साल पुरानी घरेलू हिंसा की शक्ल में पति का गुस्सा कभी भी जानलेवा बन सकता है।

### प्लान करके भी किया मर्डर

छत्तीसगढ़ में पतियों द्वारा की गई पत्नियों की हत्या के मामलों में कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जो केवल गुस्से या विवाद का परिणाम नहीं थीं, बल्कि ठंडे दिमाग से रची गई पूरी साजिश का हिस्सा थीं।

बालोद जिले के डौंडी विकासखंड में पति ने अपनी टीचर पत्नी को बोलेरो से कुचला, फिर रॉड से पीट-पीटकर मार डाला। मर्डर के बाद पत्नी की मौत को हादसा दिखाने की भी कोशिश की थी, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया। मामला दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र का है।

मृतिका का नाम बरखा वासनिक (35) है। वह डौंडी विकासखंड में शेरपार हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थीं। आरोपी पति का नाम शिशपाल वासनिक है। वह बिजली विभाग में इंजीनियर के पद पर पदस्थ था।

इसी तरह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में पति ने गला घोंटकर पत्नी को मार डाला। पति ने ससुराल में जाकर पत्नी को मारा है। साली को चॉकलेट के लिए भेज दिया था। मौका मिलते ही गला घोंट दिया। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

आरोपी का नाम अंकित लास्कर (27) है। मृतिका का नाम मुस्कान सूर्यवंशी (24) है। मर्डर के बाद आरोपी ने थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस से कहा कि मैंने पत्नी को मार दिया है। उसकी लाश ससुराल में पड़ी है।

डॉ. ईला गुप्ता, कहती हैं, "हमारा समाज अब भी पुरुष को प्रधान और महिला को अधीन मानने वाली सोच से आगे नहीं बढ़ा है। रिलेशनशिप में पुरुष अक्सर खुद को 'सुपीरियर' मानता है और यह मानकर चलता है कि स्त्री उसकी हर बात मानेगी। जब ऐसा नहीं होता, तो वही प्रेम, हिंसा या हत्या में बदल जाता है।"

उनके मुताबिक, कई पुरुष यह भूल जाते हैं कि महिला की भी अपनी पसंद-नापसंद, इच्छाएं और असहमति का अधिकार है। जब यह असहमति सामने आती है, तब कई बार पुरुष मानसिक या शारीरिक हिंसा पर उतर आते हैं। यह भी एक सच्चाई है कि शारीरिक ताकत के मामले में पुरुष, महिला से अधिक बलवान होता है, और कई बार इसी ताकत का इस्तेमाल महिला को झुकाने या 'सबक सिखाने' के लिए किया जाता है।

डॉ. गुप्ता बताती हैं, "कल ही मेरे क्लिनिक में एक मामला आया। एक युवती भागती हुई मेरे पास पहुंची, रोते हुए मदद मांग रही थी। उसके पीछे उसका बॉयफ्रेंड भी पहुंचा और क्लिनिक के गेट पर हंगामा करने लगा। वो इस बात से नाराज था कि लड़की ने उसकी इजाजत के बिना मेरे सेशन में आने की हिम्मत कैसे की। कैमरे में रिकॉर्ड है कि उसने गेट के बाहर ही लड़की को थप्पड़ मारा।"

यह घटना महज एक उदाहरण है कि किस तरह कंट्रोल करने वाली सोच आज भी रिश्तों में हावी है। जब बात नहीं मानी जाती, तो कुछ पुरुष मानसिक प्रताड़ना से लेकर हत्या तक की हदें पार कर जाते हैं। डॉ. गुप्ता कहती हैं कि समाज को अब लड़कियों की नहीं, लड़कों की परवरिश की समीक्षा करने की जरूरत है।

# शराब घोटाला मामले में दूसरा आईएएस अरेस्ट

## पूर्व उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश गिरफ्तार अब तक छह लोग एसीबी की गिरफ्त में

रांची, 18 जून (एजेंसियां)। झारखंड शराब घोटाला मामले में दूसरे पूर्व आईएएस अमित प्रकाश को एसीबी ने अरेस्ट किया है। इससे पहले इस मामले में आईएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया गया था।

अमित प्रकाश उत्पाद विभाग के पूर्व आयुक्त और झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लि. के पूर्व जीएम रह चुके हैं। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही शराब घोटाला मामले में कुल छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इससे पहले एसीबी उत्पाद विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, दो पूर्व जीएम सुधीर कुमार दास व सुधीर कुमार और प्लेसमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को जेल भेज चुकी है।

अमित प्रकाश पर वित्तीय अनियमितताओं का गंभीर आरोप है। उन्होंने 2022 में मंत्री योगेंद्र प्रसाद के कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद ही बिना उन्हें सूचना दिए छत्तीसगढ़ की दो थोक शराब आपूर्ति कंपनियों को भुगतान किया था। इनमें दीशिता



वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और ओम साईं बिवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड को करीब 11 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया था।

यह भुगतान उस समय हुआ, जब झारखंड सरकार छत्तीसगढ़ की चार ब्लैकलिस्टेड प्लेसमेंट एजेंसियों से 450 करोड़ की वसूली के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी थी।

एसीबी की पूछताछ से बचने के लिए अमित प्रकाश ने आरटीआई के तहत अपने ही विभाग से शराब घोटाले से संबंधित जानकारी मांगी थी। उन्होंने 20 मई को दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाते हुए 12 जून को 1200 पन्नों की जानकारी प्राप्त की थी।

फिर भी पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एसीबी के अनुसार, अमित के कार्यकाल के दौरान प्लेसमेंट एजेंसियों से बकाया राशि की वसूली के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

फर्जी बैंक गारंटी उजागर होने के बाद भी प्लेसमेंट एजेंसियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# शहीद के परिवार को हर विभाग में मिल सकेगी नियुक्ति

## सोलर पैनल लगाने 30 हजार तक सब्सिडी, आदिवासी छात्रों को स्कॉलरशिप, साय कैबिनेट के फैसले

रायपुर, 18 जून (एजेंसियां)। अब शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सभी विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी। पहले अनुकंपा नियुक्ति पुलिस विभाग में ही देने की व्यवस्था थी। रायपुर के सिविल लाइन स्थित सीएम हाउस में बुधवार को साय कैबिनेट की बैठक में इस पर फैसला लिया गया। इसके साथ ही कई अहम फैसलों पर भी मुहर लगी है। वहीं, बेमेतरा के साजा में उद्यानिकी विश्वविद्यालय बनाने 100 एकड़ जमीन निशुल्क दी जाएगी।

इसके अलावा डिहारी कोरवा, बघेल क्षत्री, संसारी उरांव, पबिया-पविया और डोमरा समाज के छात्रों को अनुसूचित जनजाति के समतुल्य स्कॉलरशिप और हॉस्टल में एडमिशन की सुविधा मिलेगी।

# जशपुर थाने में फरियादी और पुलिस पर हमला

## आरक्षक को कुत्ते से कटवाया, मारपीट की शिकायत करने आया था युवक, 3 महिलाओं समेत 5 गिरफ्तार

जशपुर, 18 जून (एजेंसियां)। जशपुर जिले के बगीचा थाना परिसर में मारपीट की शिकायत दर्ज कराने आए व्यक्ति और पुलिस कर्मियों पर एक परिवार ने हमला कर दिया। घटना 17 जून की रात लगभग 12 बजे की है। बगीचा निवासी दीपक जायसवाल मारपीट की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा था।

इसी दौरान सागिर हुसैन, जाकिर हुसैन और उनके परिवार की महिलाएं थाना परिसर में आ गए। आरोपियों ने दीपक जायसवाल, उसके भाई और साथियों पर हमला कर दिया।

हंगामे को रोकने की कोशिश में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक धनेश्वर राम (क्रमांक 644) के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। आरक्षक के गिरने पर आरोपियों ने अपने पालतू कुत्ते को उन पर छोड़ दिया। इस हमले में आरक्षक के पैर में गंभीर चोट आई।

एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 118(1), 191(2), 132 के तहत मामला दर्ज किया गया। विशेष पुलिस टीम ने सुबह की कार्रवाई में 3 महिलाओं सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने जारी किया है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि कानून से टकराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सरकार ने हाईकोर्ट को बताया

## बिहार, कर्नाटक व आंध्रा से लैंड सर्वे की नई तकनीक सीख रही सरकार

रांची, 18 जून (एजेंसियां)। झारखंड में जमीन के सर्वे को लेकर दायर गोकुल चंद की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की खंडपीठ में मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लैंड सर्वे की धीमी रफ्तार पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन और स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि लैंड सर्वे की आधुनिक तकनीक सीखने के लिए झारखंड से तीन टीमें बिहार, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश भेजी गई हैं। इनमें से एक टीम हाल ही में आंध्रप्रदेश के सम्मेलन में भाग लेकर तकनीकी अपडेट की जानकारी ले चुकी है। शेष दो टीमें भी जल्द प्रशिक्षण लेंगी, जिससे झारखंड में सर्वे कार्य को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा सके।

कोर्ट ने राज्य सरकार को इस तकनीकी आदान-प्रदान की प्रक्रिया जल्द पूरी करने और लैंड सर्वे के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही, यह भी



पूछा है कि सर्वे पूरा करने के लिए अमीन और अन्य तकनीकी कर्मियों की नियुक्ति कब तक होगी और पुरानी तकनीक को एडवांस टेक्नोलॉजी में कब बदला जाएगा।


सरकार ने बताया कि राज्य में कई जिलों में सर्वे कार्य चल रहा है और लातेहार व लोहरदगा में यह काम पूरा हो चुका है। लेकिन तकनीकी कर्मियों की कमी व पद रिक्त रहने के कारण पूरे राज्य में कार्य पूरा नहीं हो सका है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि लैंड सर्वे का कार्य समय पर पूरा होना आम जनता और सरकार दोनों के हित में है। अगली सुनवाई की तारीख 16 सितंबर तय की गई है। प्रार्थी गोकुल चंद की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष शौनिक्य ने पैरवी की।


# यूएई के दबाव में महादेव-सट्टा का हेडक्वार्टर श्रीलंका शिफ्ट

## आईडी, ट्रांजेक्शन, सेटलमेंट सब यहीं से सौरभ दुबई में ही, बैंक अकाउंट बैन

रायपुर, 18 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 6,000 करोड़ रुपए के महादेव घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसियां सीबीआई और ईडी के साथ पुलिस भी एक्शन में है। यही वजह है कि महादेव बुक के किंगपिन (प्रमोटर्स) सौरभ चंद्राकर ने अपने सट्टा कारोबार में छत्तीसगढ़ के लड़कों को रखने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है, खासकर रायपुर और दुर्ग-भिलाई के क्योंकि ऐसे लड़के सीबीआई और पुलिस के रडार में हैं। पूर्व में हुई गिरफ्तारियों से सीबीआई को कई बड़े लिंक मिले थे, जो जांच में बड़े आधार बने हैं। उधर, सौरभ ने छत्तीसगढ़ के बैंक अकाउंट से ट्रांजेक्शन भी बैन करवा दिया है, ताकि ट्रांजेक्शन कहां से, किस रूप में हो रहा है, एजेंसियों को पता न चल सके।

वहीं भूपेश बघेल ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि 'भाजपा की डबल इंजन सरकार सट्टेबाजों को संरक्षण दे रही है। उनका उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक लोगों को फांसना है। जब तक मोदी-शाह हैं राज्य में साय सरकार है, सट्टा चलता रहेगा'।





1 महीने की पड़ताल में ऐसे 20 लड़कों को खोज निकाला, जो दुबई और श्रीलंका स्थित महादेव के हेडक्वार्टर में काम करके लौटे। डरे हुए इन लड़कों ने कई खुलासे किए। जैसे- महादेव बुक का हेडक्वार्टर दुबई से श्रीलंका शिफ्ट कर दिया गया है। आईडी, मनी ट्रांजेक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग, सेटलमेंट सब यही से ऑपरेट किया जा रहा है।

दरअसल, सट्टेबाजी में दुबई और यूएई का नाम सामने आ रहा था। इससे विश्व स्तर पर बदनामी हो रही थी। यूएई सरकार ने दबाव बनाया, और 2 महीने में पूरा सेटअप शिफ्ट कर लिया गया। हालांकि, सौरभ अभी भी दुबई में है।

सौरभ और रवि उत्पल के पास वानयातू की नागरिकता है। सूत्रों के मुताबिक वह 4000 करोड़ इंवेस्ट कर चुका है। उधर, इस मामले में अब तक सौरभ, रवि और शुभम सोनी समेत अन्य पर 70 एफआईआर हैं। लुकआउट नोटिस भी है।

# दिव्यांग पिता को 15 बार चाकू से गोदा

## बाइक सहित शॉप में घुसा, सिर-गले पर किया वार, हालत गंभीर, शिक्षाकर्मी था बेटा

बलौदाबाजार, 18 जून (एजेंसियां)। बलौदाबाजार जिले में एक बेटे ने अपने दिव्यांग पिता को 15 बार चाकू से गोदा डाला। इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें बेटा बाइक से दुकान में घुसकर पहले तो तोड़फोड़ की फिर मना करने पर पिता को मारने लगा। इस दौरान बुजुर्ग चिल्लाता रहा। लेकिन बेटा वार करता गया।

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है आरोपी बेटा अमरजीत पहले शिक्षाकर्मी में था, उसकी इसी प्रवृत्ति के कारण उसकी नौकरी चली गई। जिसके बाद उसने अपने पिता को इसका दोषी ठहराते हुए कह रहा है कि, उसने मेरी जिंदगी खराब कर दी और जानलेवा हमला कर दिया।



चाकूबाजी में नरेंद्र सिंह चावला (75 साल) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वे घटना स्थल पर ही पूरी तरह से लहूलुहान हो गए थे। जानकारी लगते ही छोटे बेटे ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

नरेंद्र सिंह चावला दिव्यांग हैं। सदर बाजार रोड पर उनकी घड़ी की दुकान है। 17 जून की शाम 4 बजे अचानक उनके बड़े बेटे अमरजीत चावला उर्फ बुग्गी ने दुकान में घुसकर बिना किसी उकसावे के अपने पिता को खूब मारा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। घायल नरेंद्र सिंह का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक उनके शरीर पर कई गहरे चाकू के घाव हैं। उनकी स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।

# चित्तरंजन पुलिस और आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

जामताड़ा, 18 जून (एजेंसियां)। चित्तरंजन पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (सीएलडब्ल्यू) के ट्रैक्शन मोटर स्टैंड से चोरी हुई तीन बाइकें बरामद की हैं। चोरी की इन बाइकों को झारखंड के देवघर जिले के अलग-अलग इलाकों से बरामद किया गया।

पुलिस और आरपीएफ की टीम ने सबसे पहले देवघर जिले के चितरा और कर्माटांड थाना क्षेत्र से दो बाइकें बरामद कीं। ये बाइकें जेएच 21एच 9628 और डब्ल्यूबी 38के 1339 नंबर की थीं, जिन्हें 4 अप्रैल और 5 मई को सीएलडब्ल्यू परिसर से चुराया गया था। इसके बाद 16 जून को टीम ने एक और बाइक बरामद की, जो 2 जून को चोरी गई थी। यह बाइक कर्माटांड में बकरीद मियां के घर के पास से मिली। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिकाश कुमार पंडित, नसीरुद्दीन अंसारी और बकरीद मियां शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों की पहचान सीएलडब्ल्यू परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर की गई। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी की बाइकें बकरीद मियां को बेची गई थीं। पूछताछ में बकरीद मियां ने कई अहम जानकारियां दीं।

# बांग्लादेशी नागरिक ने 1000 में बनवाई एमपी-बोर्ड की फेक मार्कशीट

## आधार-पासपोर्ट बनवाया, 16 साल पहले बॉर्डर क्रॉस कर छत्तीसगढ़ पहुंचे दंपती, रायपुर-रीवा में छिपे मददगार

रायपुर, 18 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश के मुंशीगंज से 16 साल पहले बॉर्डर पार कर एक शख्स रायपुर पहुंचता है।

इसके बाद एक साल में ही अपनी पत्नी को भी अवैध तरीके से बॉर्डर पार करवाते हुए ले आता है। इतना ही नहीं उसने एक फेक मार्कशीट भी बनवाई।

इसी फेक मार्कशीट से अब पासपोर्ट जैसे अहम दस्तावेज भी बन गए।

आरोपी का नाम मो. दिलावर खान है। रायपुर पुलिस ने दिलावर और उसके परिवार के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

# पुरानी रंजिश का खौफनाक अंजाम

## बाइक सवार युवक को लाठी-डंडों से पीटा, चाकू से किए वार, एक साथी भागा

गोड्डा, 18 जून (एजेंसियां)। गोड्डा जिले के पौड़याहाट थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है।

मोटरसाइकिल से जा रहे कुंदन ठाकुर और नितेश ठाकुर पर लुतीपाथर जंगल के पास हमला किया गया। घटना बीती रात्रि करीब 7 बजे की है।

नितेश ठाकुर के मुताबिक, वे दोनों गोड्डा से मोटरसाइकिल ट्रांसफर कराकर लौट रहे थे। लूतीपाथर में नाना के घर से खाना खाने के बाद रघुनाथपुर जा रहे थे।

बरगद पेड़ के पास जंगल से अजीत ठाकुर और उसके जीजा कमलेश निकले। उन्होंने चलती बाइक पर कुंदन के सिर पर वार कर दिया।

हमले में दोनों युवक गिर पड़े। नितेश मौके से भागने में सफल रहा और उसने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों और परिजनों ने खोजबीन की। करीब एक घंटे बाद कुंदन को घटनास्थल से 100 मीटर दूर जंगल में बेहोशी की हालत में पाया गया। कुंदन के सिर पर तीन जगह चाकू के वार के निशान मिले हैं।

पुलिस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। नितेश ने बताया कि पहले भी कुंदन और अजीत के बीच विवाद हुआ था, जिसका थाने में समझौता हो गया था। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। विवाद के कारणों की जांच की जा रही है।

# मुखौटा पहनकर कांग्रेसियों ने उतारी शराबियों की आरती

## माला पहनाकर शराबियों को बांटा चखना, बैंड बाजे के साथ मनाया शराब महोत्सव

रायपुर, 18 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में नई शराब दुकानों के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को सरकार के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। रायपुर के टिकरापारा स्थित पुलिस ग्राउंड के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शराब दुकान के बाहर 'शराब महोत्सव' का पोस्टर लगाकर विरोध जताया।

इस दौरान बैंड-बाजे के साथ कांग्रेसियों ने प्रतीकात्मक रूप से शराबियों को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और विधायकों के मुखौटे पहनकर शराब दुकान में आने वाले लोगों की आरती उतारी। उन्हें माला पहनाई और मुफ्त में चखना भी बांटा।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि, प्रदेश में बीजेपी की



सरकार को डेढ़ साल हो गए हैं। भाजपा सरकार हर चीज का महोत्सव मनाती है। कभी शाला प्रवेश महोत्सव, तो कभी चावल महोत्सव। अब सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराब की 70 दुकानों की संख्या बढ़ाई है, यह भी एक प्रकार का महोत्सव बन गया है। शराब के दाम भी सस्ते किए गए हैं। जिसे सरकार एक और महोत्सव की तरह पेश कर रही है। शराब की गलत नीतियों के विरोध में आज कांग्रेस ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और भाजपा विधायकों के मुखौटे लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदेश में शराब के दाम कम होने से शराबियों के मन में उत्साह है।

विकास उपाध्याय ने कहा कि, शराब दुकानों के बाहर शराबियों की लंबी लाइनें लगी हुई हैं। लोगों को नशे में डुबोने का काम भाजपा सरकार कर रही है। नशा बेचने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है। पूरे विश्व में जो नशे उपलब्ध हैं, वे सब छत्तीसगढ़ में मिल रहे हैं। इसके लिए भाजपा को शर्म आनी चाहिए।

पूर्व विधायक ने कहा कि, सरकार प्रदेश के नौजवानों को न तो शिक्षा दे पा रही है और न ही लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिला पा रही है। लेकिन शराब का नशा देकर प्रदेश के लोगों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी सरकार शराब महोत्सव के जरिए प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शन किया। जिसमें शराब दुकानों में आने वाले लोगों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और उन्हें मिक्चर-चना देकर स्वागत किया गया।

# दो जगहों पर मिले शव

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव दूसरा शव इतवारी बाजार में मिला

चाईबासा, 18 जून (एजेंसियां)। चक्रधरपुर रेल मंडल के लोटापहाड़ स्टेशन के पास उस समय सनसनी फैल गई, जब रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। बुधवार देर रात एक ट्रेन चालक ने डाउन ट्रैक पर शव देखा और तुरंत लोटापहाड़ स्टेशन को सूचना दी। इसके बाद सोनुआ और लोटापहाड़ स्टेशन के बीच ट्रेनों का परिचालन तत्काल रोक दिया गया।

शव की स्थिति देख कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के सिर पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं, साथ ही शरीर पर लाठी-डंडों से मारपीट के भी स्पष्ट चिन्ह हैं। पुलिस को शक है कि व्यक्ति की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है ताकि इसे ट्रेन दुर्घटना का रूप दिया जा सके।

रात भर घटनास्थल पर कोई ट्रेन नहीं चली। सुबह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। रेलवे ट्रैक से शव हटाए जाने के बाद ही रेल परिचालन बहाल किया गया। पुलिस मृतक की पहचान में जुटी है। आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। दूसरी घटना चक्रधरपुर के इतवारी बाजार क्षेत्र की है, जहां रविदास लोहार उर्फ लोहा का शव पाया गया। वह झुग्गी झोपड़ी में रहता था और पास के होटलों में पानी भरने का काम करता था। बुधवार सुबह वह रोज की तरह पानी भरने निकला था। इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह नाली में गिर गया।

# ईरान की हाइपरसोनिक मिसाइल फतह-1 कितनी खतरनाक

## इजरायल के खिलाफ युद्ध में पहली बार किया इस्तेमाल

तेहरान, 18 जून (एजेंसियां)। ईरान ने बुधवार को छठें दिन इजरायल पर मिसाइल हमले किए हैं। इस बीच तेहरान ने दावा किया है उसने अपने ताजा हमले में इजरायल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइलें दागी हैं। ये मिसाइलें ऐसे समय में दागी गई हैं, जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने युद्ध का ऐलान करते हुए कहा है कि अब यहूदियों के खिलाफ कोई दया नहीं दिखाई जाएगी। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्र्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि इजरायल पर ताजा हमले में फतह-1 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है। आईआरजीसी ने दावा किया का ईरानी सेना ने कब्जे वाले क्षेत्रों (इजरायल) के आसमान पर नियंत्रण हासिल कर लिया है।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब ईरान ने इजरायल के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। इसके पहले 1 अक्तूबर 2024 को ऑपरेशन ट्रू



प्रॉमिस 2 के दौरान इजरायल पर हमला करने के लिए दर्जनों फतह-1 मिसाइलों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, पिछले सप्ताह शुरू हुए संघर्ष के बाद यह पहला मौका है जब इस मिसाइल का इस्तेमाल ईरान ने किया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि फतह-1 मिसाइल वास्तव में क्या है और यह कितनी खतरनाक है?

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने फतह-1 मिसाइल को इजरायल-स्ट्राइकर कहता है। 2023 में इसे पहली ईरान ने दुनिया के सामने पेश किया था और इसका नाम सुप्रीम लीडर खामेनेई ने खुद रखा था। मिसाइल को दुनिया के सामने पेश करते समय तेहरान में एक बड़ा बैनर लगाया गया था, जिस पर हिब्रू में एक संदेश लिखा, 'तेल अवीव के लिए 400 सेकंड।' ये साफ बताता है कि फतह-1 ईरान से इजरायल की दूरी 7 मिनट से कम समय में तय कर सकती है।

फतह-1 ईरान की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल है, जो अपनी हाई स्पीड, सटीकता और उड़ान के बीच अपना रास्ता बदलने की क्षमता के लिए जानी जाती है। इस मिसाइल को ईरान ने इजरायल के आयरन डोम और ऐरो जैसी मिसाइल रक्षा प्रणालियों को भेदकर हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है। हाइपरसोनिक आमतौर पर ऐसे हथियारों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, पृथ्वी के वायुमंडल में बहुत तेज गति से जाते हैं। इनकी रफ्तार के चलते इन्हें रोकना मुश्किल होता है और वे तेजी से दिशा बदल सकते हैं।

ईरान वॉच के अनुसार, फतह-1 की रेंज 1400 किलोमीटर तक है। यह ठोस ईंधन पर चलती है और सिंगल स्टेज प्रोपल्शन सिस्टम का उपयोग करती है। हाइपरसोनिक मिसाइलें मैक-5 (ध्वनि की रफ्तार से पांच गुना) लगभग 6100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ सकती है। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि ज्यादातर बैलिस्टिक मिसाइलें अपने लक्ष्य के पास पहुंचने पर हाइपरसोनिक गति तक पहुंच जाती हैं।

# ट्रंप ने तीसरी बार बढ़ाई टिकटॉक की बिक्री की समयसीमा

## अब 90 दिनों की राहत, जल्द जारी करेंगे आदेश

वाशिंगटन, 18 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक की बिक्री की समयसीमा तीसरी बार बढ़ा दी है। अब ट्रंप ने टिकटॉक को बेचने के लिए 90 दिनों की राहत दी है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप टिकटॉक के चीनी मालिक को एप बेचने की समयसीमा बढ़ाने के लिए इस सप्ताह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे।

इससे पहले, ट्रंप ने अप्रैल की शुरुआत में टिकटॉक को 75 और दिन चलाने की अनुमति दी थी। इस आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी को बेचने का सौदा टल गया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप नहीं चाहते हैं कि टिकटॉक बंद हो जाए। यह विस्तार 90 दिनों तक चलेगा, जिसे प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि यह सौदा बंद हो जाए ताकि अमेरिकी लोग इस आश्वासन के साथ टिकटॉक का



उपयोग करना जारी रख सकें कि उनका डेटा सुरक्षित है।'

ट्रंप ने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेकर कनाडा से वाशिंगटन लौटते वक्त मंगलवार सुबह एयरफोर्स वन में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह संभवतः समयसीमा को फिर से बढ़ा देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें भरोसा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अंत में टिकटॉक को बेचने की मंजूरी दे देंगे।

यह तीसरी बार होगा जब ट्रंप ने समय सीमा बढ़ाई है। पहली बार ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगा दिया गया था। दूसरी बार अप्रैल में समयसीमा बढ़ाई गई, जब टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी में बदलने की कोशिश हो रही थी, लेकिन ट्रंप की टैरिफ घोषणा के बाद चीन के पीछे हटने से यह सौदा टूट गया था।

टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस चीन की है और अमेरिका को आशंका है कि यह एप यूजर्स का डेटा चीन सरकार के साथ साझा कर सकता है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए अमेरिका ने एक कानून पारित किया था, जिसके तहत बाइटडांस को टिकटॉक का मालिकाना अधिकार किसी अमेरिकी कंपनी को सौंपना होगा या फिर देश में इसका संचालन बंद करना पड़ेगा।

एफबीआई और फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन दोनों ने चेतावनी दी थी कि बाइटडांस उपयोगकर्ता डेटा, जैसे ब्राउजिंग हिस्ट्री, लोकेशन और बायोमेट्रिक जैसी जानकारियों को चीन की सत्तावादी सरकार के साथ साझा कर सकता है। टिकटॉक ने कहा कि उसने ऐसा कभी नहीं किया है और न ही ऐस करने का कोई उद्देश्य रखता है। टिकटॉक ने बाताया कि अमेरिकी सरकार ने ऐसा होने का सबूत नहीं दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना कार्यकाल शुरू करते ही टिकटॉक को बैन से कुछ दिनों की राहत दी थी।

टिकटॉक के अमेरिकी ऑपरेशन को खरीदने के लिए कई बड़ी कंपनियां मैदान में हैं। इसमें सबसे पहले टेक कंपनी ओरेकल है जिसके पास पहले से ही टिकटॉक ग्लोबल में 12.5% की हिस्सेदारी है और यह इसका क्लाउड टेक्नोलॉजी पार्टनर भी है।

इससे अलावा इन्वेस्टमेंट फर्म ब्लैकस्टोन भी टिकटॉक को खरीदने में दिलचस्पी दिखा रही है। वहीं, एआई स्टार्टअप पर्प्लेक्सिटी एआई (परप्लेक्सिटी एआई) ने भी टिकटॉक के अमेरिकी कारोबार को अपने साथ मर्ज करने का प्रस्ताव दिया है।

# इजरायल का ईरान पर 50 फाइटर जेट से भीषण हमला

## परमाणु स्थल पर सेंट्रीफ्यूज स्थल तबाह, मिसाइल ठिकाने को बनाया निशाना



तेलअवीव, 18 जून (एजेंसियां)। इजरायल की सेना ने 50 फाइटर जेट की मदद से ईरान पर बड़ा हमला बोला है। खुफिया जानकारी के आधार पर इजरायली वायुसेना ने रातभर हमले करके 20 ठिकानों को तबाह कर दिया। इसमें परमाणु केंद्र का सेंट्रीफ्यूज उत्पादन स्थल और तेहरान में मिसाइलों को बनाने का केंद्र शामिल है। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि ईरान के परमाणु बम कार्यक्रम को नुकसान पहुंचाने के लिए सेंट्रीफ्यूज प्रोडक्शन सुविधा केंद्र को निशाना बनाया गया है। इस केंद्र को ईरानी शासन ने यूरेनियम संवर्द्धन के दायरे और स्पीड को बढ़ाने के लिए बनाया था। इजरायली सेना ने कहा कि इस तरह के परमाणु संवर्द्धन की जरूरत नागरिक परमाणु कार्यक्रमों के लिए नहीं होती है।

इजरायली सेना ने कहा कि इस हमले के दौरान ईरान के कई हथियार निर्माण स्थलों को निशाना बनाया गया है। इसमें कच्चा माल और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के उपकरण शामिल हैं। इन्हीं मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान इजरायल के खिलाफ हमले के लिए कर रहा है। इजरायल ने बताया कि कई साल की खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के बाद ये हमले किए जा रहे हैं।

इजरायल के रक्षा मंत्री ने बीती रात तेहरान पर बमबारी को टार्नेडो करार दिया।

ईरान सरकार के प्रतीकों पर बम बरसाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह से तानाशाहों का अंत होता है।

बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को ''बिना शर्त आत्मसमर्पण' करने के लिए कहने के एक दिन बाद बुधवार सुबह इजरायल ने ईरान की राजधानी पर हवाई हमले तेज कर दिए। इजरायल ने तेहरान के एक अन्य क्षेत्र पर हमले की चेतावनी जारी की थी, जिसके बाद ये हमले किये गये। क्षेत्र में अनिश्चितता का माहौल है और इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य एवं परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर किये जा रहे हवाई हमलों के छठे दिन तेहरान में रह रहे ज्यातार लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में युद्धक विमान भेजे और इस बीच, ट्रंप ने अयातुल्ला अली खामेनेई को चेतावनी दी कि वह जानते है कि ईरान के सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं।

# शिवप्रकाश की क्लास, मंत्री-विधायकों को मिला टास्क

रायपुर, 18 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजेपी मुख्यालय में बुधवार को मंत्रियों और विधायकों की राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने सियासी क्लास ली। यह बैठक करीब 2 घंटे चली। जिसमें नेताओं को 29 जून तक पूरे प्रदेश में मोदी सरकार के प्रति माहौल बनाने का टास्क नेताओं को मिला है।

इस बैठक की शुरुआती हिस्से में अलग-अलग मोर्चा, प्रकोष्ठ और टोली के नेताओं से सीनियर लीडर ने मुलाकात की। पिछले कार्यक्रम का रिव्यू किया गया। इसके बाद डेट टू डेट तय किया गया है कि, किस दिन क्या कार्यक्रम प्रदेश में किए जाएंगे। विधायकों की बैठक को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रमों की जानकारी दी।

नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे हो गए हैं। इसे लेकर प्रदेश में कई कार्यक्रम भाजपा करेगी। अरुण साव ने बताया कि, 29 जून तक भाजपा के विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला तय की गई है।

# बम विस्फोट से जाफर एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतरीं

## इमरान ने दो हफ्ते के लिए प्रदर्शन टाला

पेशावर/इस्लामाबाद, 18 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बुधवार को रेलवे ट्रैक के पास रखे गए बम में हुए धमाके की वजह से जाफर एक्सप्रेस ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसा सिंध प्रांत के जैकोबाबाद जिले में हुआ। यह अशांत प्रांत बलूचिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

विस्फोट जैकोबाबाद में मवेशी बाजार के पास रेलवे ट्रैक के पास हुआ, जिससे जाफर एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। विस्फोट के बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी कर दी। अधिकारी फिलहाल विस्फोट के कारण और प्रकृति की जांच कर रहे हैं। विस्फोट के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

इस बीच जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ईरान-इस्राइल संघर्ष के बाद चल रहे वैश्विक घटनाक्रम के कारण



अपनी पार्टी के नियोजित राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन को दो सप्ताह के लिए टाल दिया है। पिछले महीने की शुरुआत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक ने कहा था कि वह केंद्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के खिलाफ अपनी पार्टी के आगामी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जेल से करेंगे। हालांकि, विरोध प्रदर्शन की सही तारीख की घोषणा नहीं की गई।

मंगलवार को अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए इमरान खान की बहन नोरीन नियाजी ने कहा कि पीटीआई नेता ने ईरान-इस्राइल संघर्ष के बाद मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता पर जोर दिया है।

**इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में**

क्रिकेटर से राजनेता बने 72 वर्षीय इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से बेदखल होने के बाद से उन पर भ्रष्टाचार से लेकर आतंकवाद तक के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

# सरकारी खाद गोदाम सूने, निजी दुकानों में फुल स्टॉक

## किसान दोगुने दाम में खाद खरीदने को मजबूर

बालोद, 18 जून (एजेंसियां)। मानसून की शुरुआत हो चुकी है और बालोद जिले में सेवा सहकारी समितियां में किसानों को उचित दर पर मिलने वाले खाद गोदाम सूने पड़े हैं। दरअसल, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष कलेक्टर के पास यह शिकायत लेकर पहुंचे। कहा कि यहां पर खाद की सप्लाई नहीं हो रही है। जबकि निजी दुकानों में पड़ा हुआ है। ऐसे में किसानों और समिति के अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो रही है, क्योंकि ज्यादातर किसान सेवा सहकारी समिति पर खाद बीज के लिए निर्भर रहते हैं। आपको बता दें कि बालोद जिले में 122 सेवा सहकारी समितियां हैं। जिनमें अभी मात्र 25 प्रतिशत खाद की सप्लाई हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शासन से भेजे जाने वाले खाद में 60 प्रतिशत खाद को सहकारी समितियों में और 40 प्रतिशत को निजी दुकानों में सप्लाई की जानी है।

# रूस की मदद के लिए उत्तर कोरिया ने फिर बढ़ाए हाथ

## बारूदी सुरंग हटाने के लिए भेजेगा सैन्य श्रमिक

सियोल, 18 जून (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया एक बार फिर रूस की मदद के लिए एक बार फिर पहल की है। उत्तर कोरिया अब रूस के कुर्स्क क्षेत्र में पुनर्निर्माण कार्यों में मदद और बारूदी सुरंग हटाने के लिए हजारों सैन्य श्रमिकों भेजेगा। इससे उत्तर कोरिया और रूस के संबंधों में मजबूती आएगी।

यूक्रेन के खिलाफ जंग में उत्तर कोरिया रूस की कई बार मदद कर चुका है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुर्स्क क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए एक हजार सैनिक और बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए पांच हजार सैन्य निर्माण श्रमिकों को भेजने का फैसला लिया है।

शोइगु ने कहा कि रूसी धरती



से यूक्रेन के सैनिकों को खदेड़ने के बाद हम रचनात्मक सहयोग जारी रखने पर सहमत हुए हैं। इसमें उत्तर कोरिया कुर्स्क क्षेत्र की बहाली में सहायता प्रदान करेगा। यह एक तरह की भाईचारे वाली सहायता है। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ने कुर्स्क में मरने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों के सम्मान में दोनों देशों में स्मारक बनाने पर सहमति व्यक्त की है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि किम ने कुर्स्क की वर्तमान स्थिति के संबंध में रूस के साथ उत्तर कोरिया के सहयोग की बात दोहराई। हालांकि उन्होंने सैन्य निर्माण श्रमिक भेजने की बात का जिक्र नहीं किया। किम ने कहा कि उन्होंने रूस की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों का हमेशा और बिना शर्त समर्थन किया है। किम और शोइगू ने कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त कराने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों के कामों को लंबे समय तक प्रसारित करने के लिए कुछ योजनाओं को मंजूरी दी। शोइगु की यह उत्तर कोरिया की लगभग तीन महीनों में तीसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि यूक्रेन, दक्षिण कोरिया और अमेरिका की खुफिया एजेंसियां दावा कर रहीं हैं कि उत्तर कोरिया ने रूस की मदद के लिए अपने करीब 10 हजार सैनिक भेजे हैं, जिन्होंने मोर्चे पर रूस की तरफ से लड़ाई लड़ी थी। इसके अलावा उत्तर कोरिया रूस के खत्म हो चुके भंडार को फिर से भरने के लिए भारी मात्रा में पारंपरिक हथियार मुहैया करा रहा है। इसके बदले रूस उत्तर कोरिया को सैन्य और आर्थिक सहायता दे रहा है।

# रजा पहलवी: ईरान के आखिरी शाह का वारिस जिसने किया खामेनेई को उखाड़ फेंकने का आह्वान



## जान बचाने के लिए तेहरान से भागा था परिवार

तेहरान, 18 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान की जंग के चलते तेहरान में अशांति बढ़ती जा रही है। इजरायली हमले में ईरान के शीर्ष जनरल मारे जा चुके हैं और उनकी जगह नई नियुक्तियां करनी पड़ी हैं। तेहरान से लोग जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। इस बीच ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने तेहरान में खामेनेई शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है। रजा पहलवी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ऐलान किया कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई 'अंडरग्राउंड होकर छिप गए हैं' और 'इस्लामिक गणराज्य ध्वस्त होने की प्रक्रिया में है।' उन्होंने अयातुल्ला अली खामेनेई की तुलना चूहे से कर डाली। रजा पहलवी ने तेहरान में शासन परिवर्तन का आह्वान करते हुए कहा कि इस्लामिक गणराज्य ढह रहा है और ईरानी लोगों के लिए ईरान को फिर से हासिल करने का समय आ गया है। उन्होंने इसे एक अपरिवर्तनीय क्षण बताया। उन्होंने लिखा, 'इस्लामी गणराज्य का अंत ईरानी राष्ट्र के खिलाफ उसके 46 साल के युद्ध का अंत है। अब उठने का समय है।' ईरानी क्राउन प्रिंस ने लोगों को संबोधित करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने इसे ईरानी लोगों के लिए ऐतिहासिक मोड़ बताया।

उन्होंने कहा, भविष्य उज्ज्वल है और साथ मिलकर हम इतिहास के इस तीखे मोड़ से गुजरेंगे। इन कठिन दिनों में मेरा दिन उन सभी असहाय नागरिकों के साथ है, जिन्हें नुकसान पहुंचाया गया है और जो खामेनेई के युद्ध की सनक और भ्रम के शिकार हुए हैं। पहलवी ने लंबे समय से एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की वकालत की है। वे पहले भी खामेनेई के शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान कर चुके हैं।

अपने संबोधन में निर्वासित क्राउन प्रिंस ने खामेनेई के शासन के बाद देश के अस्थिर होने की चिंताओं को भी संबोधित किया और भरोसा दिलाने की कोशिश की कि उनके पास देश के भविष्य के लिए योजना है। उन्होंने कहा, ईरान गृहयुद्ध या अस्थिरता में नहीं उतरेगा। हम पतन के बाद के पहले 100 दिनों के संक्रमण काल के लिए ईरानी लोगों द्वारा और ईरानी लोगों के लिए एक राष्ट्रीय और लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना के लिए तैयार हैं। उन्होंने सेना, पुलिस और ईरानी कर्मचारियों को भी संदेश दिया और खामेनेई के शासन से अलग हो जाने को कहा।

# इंडिगो फ्लाइट में फंसे पूर्व सीएम-मेयर समेत कई पैसेंजर

## भूपेश बघेल बोले- 40 मिनट तक नहीं खुला गेट, दिल्ली से रायपुर आई थी फ्लाइट

रायपुर, 18 जून (एजेंसियां)। दिल्ली से रायपुर पहुंची इंडिगो की फ्लाइट में मंगलवार को एक बड़ा टेक्निकल फॉल्ट हो गया। एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड तो हो गई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। गेट लॉक होने से करीब 40 मिनट तक यात्री फ्लाइट के अंदर ही बंद रहे। इस फ्लाइट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस विधायक चातुरी नंद और रायपुर मेयर मीनल चौबे समेत कई यात्री मौजूद थे। फ्लाइट का गेट नहीं खुलने पर कुछ यात्री घबराने लगे। हालांकि, सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

सरायपाली से कांग्रेस विधायक चातुरी नंद बताया कि, वे अपने पति के साथ दिल्ली से रायपुर लौट रही थी। इसी दौरान रायपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद टेक्निकल दिक्कतों के कारण फ्लाइट का दरवाजा नहीं खुल रहा था। इस दौरान उनके पति घबरा रहे थे।

विधायक ने बताया कि, अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट में हुए हादसे के बाद से लोगों में थोड़ा डर है। इसलिए फ्लाइट में बैठे कुछ और भी यात्री थोड़ी देर के लिए घबरा गए थे।

1 जून को रायपुर से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई थी। दिल्ली में लैंड करने से पहले पायलट को फ्लाइट को दोबारा हवा में उड़ाना पड़ा। ऐसा दिल्ली-एनसीआर में दोपहर के वक्त धूलभरी आंधी के कारण हुआ।

इसके बाद फ्लाइट ने आसमान में कई चक्कर लगाए। बाद में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से क्लियरेंस मिलने के बाद फ्लाइट सुरक्षित लैंड कराई गई। फ्लाइट के हवा में चक्कर काटने का वीडियो भी सामने आया था।

12 जून को एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट एआई-171 (787-8 बोइंग ड्रीमलाइनर) उड़ान के कुछ देर बाद ही क्रैश हुई थी।

# नावाबाजार अंचल अधिकारी घूस लेते गिरफ्तार

पलामू, 18 जून (एजेंसियां)। पलामू जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को नावाबाजार के अंचल अधिकारी (सीओ) शैलेश कुमार को घूस लेते गिरफ्तार किया है। सीओ को उनके कार्यालय से ही पकड़ा गया।

इटको पंचायत के पूर्व मुखिया अजय गुप्ता उर्फ दीपक गुप्ता ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी जमीन के म्यूटेशन के लिए 30 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। पूर्व मुखिया ने अपनी पत्नी के नाम पर जमीन खरीदी थी और उनके एक मित्र ने भी साथ में जमीन ली थी।

अंचल अधिकारी ने धमकी दी थी कि पैसे नहीं देने पर 90 दिनों के बाद म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाएगा। शिकायत के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। जैसे ही कार्यालय में रिश्वत की राशि दी गई, एसीबी ने अधिकारी को पकड़ लिया।

एसीबी की टीम आरोपी अधिकारी से पूछताछ कर रही है। उन्हें पूछताछ के बाद मेदिनीनगर स्थित एसीबी के प्रमंडलीय कार्यालय ले जाया जाएगा। इस कार्रवाई से जिले के सभी सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है।

# एफ-35, एफ-16, एफ-22 खाड़ी की ओर दर्जनों अमेरिकी लड़ाकू विमान रवाना

## ईरान पर हमले की तैयारी तेज, सीरिया जैसी मचेगी तबाही?

तेल अवीव/तेहरान, 18 जून (एजेंसियां)। ईरान के खिलाफ इजरायली युद्ध में अमेरिका के शामिल होने की आशंका काफी तेज हो गई है। भूमध्य सागर में अमेरिकी सैन्य गतिविधियां अचानक काफी तेज हो चुकी हैं, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वाशिंगटन, ईरान पर हमलों में इजरायल के साथ कभी भी शामिल हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात तेहरान के लोगों को फौरन राजधानी छोड़ने की चेतावनी दी थी। ये एक चेतावनी भरा बयान था। जिसके बाद ही संकेत मिलने शुरू हो गये कि अमेरिका अब सीधे तौर पर इजरायल के साथ ईरान के खिलाफ युद्ध में उतर सकता है। जी7 शिखर सम्मेलन से जल्द लौटने वाले ट्रंप ने फिर से साफ किया था कि ईरान किसी भी हालत में परमाणु हथियार नहीं रख सकता है। इसके अलावा ट्रंप ने मीडिया से कहा था कि वो किसी 'सीजफायर' के मूड में नहीं हैं, बल्कि वो आखिरी फैसला चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद ईरान की राजधानी तेहरान से भारी संख्या में लोगों का पलायन शुरू हो चुका है। ईरान ने रात में भी इजरायल के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। हालांकि ईरान ने कल देर शाम धमकी दी थी कि 'आज रात ऐसा हमला किया जाएगा जिसे इजरायल हमेशा याद रखेगा।' लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है। हो सकता है कि ईरान अभी भी भारी तबाही मचाने से बच रहा हो या ये भी हो सकता है कि इजरायली हमलों की वजह से अब उसके पास ऐसी कोई क्षमता बची भी ना हो और उसके पास सिर्फ धमकियां बची हों।






# गोद में लैपटॉप रखकर काम करने वाली लड़कियां सावधान! इनफर्टिलिटी का है खतरा



लैपटॉप से निकलने वाली हीट के लगातार संपर्क में रहने से बॉडी के अंदर चेजेंस देखने को मिल सकते हैं. पेल्विक ऑर्गन्स में सूजन आ सकती है. इसका मेलाटोनिन उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है.

**लैपटॉप से शरीर को नुकसान**

वर्क कल्चर में गैजेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है. ऐसा ही एक गैजेट है लैपटॉप. वर्कप्लेस से लेकर घरों तक में इस पर डिपेंडेंसी बढ़ी है. ऑफिस का काम निपटाना हो या फिर पढ़ाई करनी हो, लैपटॉप की जरूरत पड़ती है. मूवी से लेकर गेम्स खेलने के लिए भी ये एक पॉपुलर गैजेट बन चुका है. लेकिन क्या आप इस गैजेट के नुकसान से अवेयर है. ये महिलाओं में इनफर्टिलिटी की वजह बन सकता है. आइए जानते हैं ये खतरा क्या है और इससे किस तरह बचा जा सकता है?

**किस तरह पहुंचता है नुकसान?**

लैपटॉप से निकलने वाली हीट और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड रेडिएशन (ईएमएफ) का शरीर पर नकारात्मक असर पड़ता है. हार्मोन असंतुलन समेत कई तरह की प्रॉब्लम देखने को मिलती है. सिर्फ महिलाओं तक ही ये दिक्कत सीमित नहीं है, बल्कि पुरुषों को भी इनसे जूझना पड़ सकता है.

**महिलाओं को किस तरह खतरा?**

अक्सर घर पर महिलाएं लैपटॉप का यूज करते समय लापरवाह हो जाती हैं. लेटकर या फिर गोद में रखकर इस गैजेट का इस्तेमाल करती हैं. लेकिन लैपटॉप का इस्तेमाल महिलाओं में कई हेल्थ इश्यू की वजह बन सकता है. लगातार यूज से लैपटॉप हीट और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड रेडिएशन जेनरेट करता है. जिससे महिलाओं में हार्मोन का बैलेंस बिगड़ जाता है. बॉडी के लगातार लैपटॉप की हीट के संपर्क में रहने से पीरियड डिस्टर्ब हो सकते हैं. मूड में बदलाव महसूस हो सकता है.

**फर्टिलिटी पर किस तरह असर?**

लैपटॉप से निकलने वाली हीट के लगातार संपर्क में रहने से बॉडी के अंदर चेजेंस देखने को मिल सकते हैं. पेल्विक ऑर्गन्स में सूजन आ सकती है. इसका मेलाटोनिन उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है. मेलाटोनिन की कमी का असर महिलाओं में एग की क्वालिटी पर देखने को मिल सकता है. इससे न सिर्फ प्रेग्नेंसी में दिक्कत का सामना करना पड़ता है, बल्कि गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है.

**खतरे से बचा कैसे जाए?**

इस खतरे का सबसे प्रमुख कारण लैपटॉप यूज करने के तरीके में छिपा है. वर्कप्लेस पर महिलाएं लैपटॉप को टेबल पर रखकर यूज करती हैं, लेकिन घर पर वह आराम चाहती हैं. ये आराम की दरकार उन्हें खतरे की ओर ले जाती है. जिस लैपटॉप को वह ऑफिस में टेबल पर रखती हैं, वह अब उनकी गोद में या बेड पर जगह ले लेता है. अगर महिला पढ़ाई भी कर रहीं होती हैं तो इसी तरह लापरवाह दिखती हैं. खतरे से वह अंजान रहती हैं.

**लैपटॉप का इस तरह करें यूज**

टेबल या स्टैंड करें इस्तेमालः लैपटॉप का यूज करने के दौरान टेबल या फिर स्टैंड का इस्तेमाल करें. इससे बॉडी पर पड़ने वाले प्रभाव से बचा जा सकता है.

कूलिंग पैडः कूलिंग पैड या इंसुलेटेड ट्रे का उपयोग कर सकते हैं. जिससे लैपटॉप से निकलने वाली हीट से बचा जा सके.

एक जगह तय करेंः डेस्कटॉप की तरह लैपटॉप यूज करने के लिए भी घर पर एक जगह तय कर लें. इससे गलत तरीके से इसके इस्तेमाल से बचा जा सकेगा.

# पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर के ऐसे दिखते हैं लक्षण कितना रहता है बचने का चांस

ब्रेस्ट कैंसर का जिक्र होते ही मन में इस खतरनाक बीमारी से जूझती महिला के प्रति सिंपैथी उमड़ आती है. लेकिन ये बीमारी सिर्फ महिलाओं तक सीमित नहीं है. पुरुषों में भी ये कैंसर देखने को मिल सकता है. हालांकि महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों में ये प्रॉब्लम रेयर है. अक्सर इसके लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है. जब तक डायग्नोज होता है, देर हो चुकी होती है. आखिर पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण किस तरह सामने आते हैं और कब सतर्क हो जाना चाहिए?



**पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर के कारण**

ब्रेस्ट में सेल्स अनियंत्रित हो जाएंः महिलाओं की तरह पुरुषों के ब्रेस्ट में सेल्स बढ़ने लगते हैं. पुरुषों में दूध पैदा करने वाले ग्लैंड नहीं होते हैं. लेकिन फैटी नलिकाएं और ब्रेस्ट सेल्स होते हैं. इसमें कैंसर बन सकता है.


एज फैक्टरः पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा उम्र के साथ बढ़ता है. आमतौर पर 60 से 70 साल की उम्र में पुरुषों में इस बीमारी का रिस्क अधिक रहता है.

**जेनेटिकः** फैमिली हिस्ट्री भी पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर की वजह बन सकती है. बॉडी में बीआरसीए 1 और बीआरसीए 2 जैसे जीन में म्यूटेशन देखने को मिल सकता है. जिससे पुरुषों में इस रेयर कैंसर का रिस्क बढ़ सकता है.

**एस्ट्रोजन लेवल बढ़नाः** क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम या सिरोसिस जैसी लिवर की बीमारियों के चलते बॉडी में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ सकता है. इससे पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क बढ़ने का खतरा हो जाता है.

**एक्स्ट्रा फैटः** बॉडी पर एक्स्ट्रा फैट कई हेल्थ इश्यूज का कारण बनता है, लेकिन ये ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क भी बढ़ाता है. फैटी टिश्यू पुरुषों में एस्ट्रोजन लेवल को बढ़ा सकते हैं.

**शराबः** शराब का सेवन किसी भी मात्रा में शरीर के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता. ये पुरुषों में कई तरह के कैंसर की वजह बन सकता है. लेकिन ये ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क भी बढ़ाता है.




**पुरुषों में इस तरह सामने आते हैं लक्षण**

**गांठ बननाः** निप्पल के पास ब्रेस्ट टिश्यू में गांठ बन जाना. इसमें शुरुआत में कोई दर्द महसूस नहीं होता है.

**निप्पल में बदलावः** निप्पल का अंदर की ओर चले जाना. निप्पल में से खून निकलना. इस जगह पर स्किन लाल हो जाना.

स्किन में चेंजः पुरुषों के ब्रेस्ट के पास की स्किन में बदलाव दिखना. स्किन में गड्ढे पड़ सकते हैं. ये लाल या दानेदार हो सकते हैं. घाव भी देखने को मिल सकते हैं.

**इस तरह करें बचाव**

**वजनः** बॉडी वेट कंट्रोल करने से कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है. ये ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क को भी कम करता है. वेट कम होने से बॉडी पर से फैट हट जाता है. एक्स्ट्रा फैट कम होने से बॉडी में एस्ट्रोजन का लेवल कम करने में मदद मिल सकती है.

**शराब से दूरीः** कैंसर के रिस्क को कम करने के लिए शराब से दूरी बनाना ही उचित है. इससे बॉडी में हार्मोन बैलेंस की समस्या का रिस्क कम होता है, जो कैंसर की वजह बनता है.

# अंडरआर्म्स का कालापन कहीं कर न दे आपको शर्मिंदा, अपनाएं ये टिप्स



स्लीवलेस पहनते वक्त काले अंडरआर्म्स से झिझक होती है? जानिए इसके आसान और असरदार घरेलू इलाज, जो लौटाए आपका कॉन्फिडेंस. पार्टी में नया स्लीवलेस ड्रेस पहना और तभी ध्यान गया काले अंडरआर्म्स पर! अचानक हाथ ऊपर उठाने से झिझक होती है और मन में ये सवाल घूमता है कि क्या सब देख रहे हैं? अगर आपको भी ये झिझक महसूस होती है, तो आप अकेले नहीं हैं. अंडरआर्म्स का कालापन बेहद आम समस्या है, लेकिन अच्छी बात ये है कि इसका घरेलू इलाज मुमकिन है.

**नींबूः** नींबू में मौजूद सिट्रिक एसिड डेड स्किन और कालेपन को हल्का करने में मदद करता है. इसे नहाने से पहले अंडरआर्म्स पर रगड़ें.

**एलोवेरा जेलः** एलोवेरा स्किन को मॉइस्चराइज करता है और डार्क पैचेस को हल्का करता है. ताजा एलोवेरा जेल लगाकर 15 मिनट तक छोड़ें और फिर धो लें.

**खीराः** खीरे में ब्लीचिंग और ठंडक देने वाले गुण होते हैं जो अंडरआर्म्स की त्वचा को राहत देते हैं. खीरे के स्लाइस से रगड़ें या उसका रस लगाएं.

**बेकिंग सोडाः** बेकिंग सोडा स्क्रब की तरह काम करता है और डेड स्किन हटाता है. थोड़ा सा बेकिंग सोडा और पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं, अंडरआर्म्स पर लगाएं और हल्के हाथ से रगड़ें.

**शहद और हल्दीः** शहद और हल्दी का मिश्रण त्वचा को चमकदार बनाता है और इन्फेक्शन से बचाता है. एक चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी मिलाकर 10 मिनट तक लगाएं. क्या न करेंः रेजर से बार-बार शेव करना, टाइट कपड़े पहनना, इन चीजों से खुद को बचाकर रखें.

# फायदा ही नहीं पहुंचाता, चेहरा बिगाड़ भी सकता है एलोवेरा, भूलकर भी न करें ये गलतियां

त्वचा एक्सपर्ट के मुताबिक, एलोवेरा भले ही नेचुरल हो, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल चेहरे को नुकसान पहुंचा सकता है. इसे हमेशा सावधानी और स्किन टाइप के हिसाब से ही लगाएं.

एलोवेरा को आमतौर पर त्वचा की देखभाल में बेहद फायदेमंद माना जाता है. इसके जैल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और हाइड्रेटिंग गुण पाए जाते हैं, जो चेहरे की चमक बढ़ाने से लेकर पिंपल्स, झुर्रियां और दाग-धब्बों को हटाने में इसकी खूबियां गिनाई जाती हैं. क्या आप जानते हैं कि एलोवेरा का गलत इस्तेमाल चेहरे को निखारने की जगह बिगाड़ भी सकता है?

एलोवेरा से हो सकते हैं ये साइड इफेक्ट्स

त्वचा एक्सपर्ट के मुताबिक, हर स्किन टाइप पर एलोवेरा एक जैसा असर नहीं करता. कुछ लोगों को इससे एलर्जी, जलन, दाने या दाग धब्बे जैसी दिक्कतें हो जाती हैं.

**ये दिक्कतें कर सकती हैं परेशान**



त्वचा पर खुजली या जलन

चेहरे पर लाल निशान या रैशेज

स्किन ज्यादा रूखी और बेजान होना

धूप में चेहरे का रंग और गहरा पड़ जाना

**ये गलतियां बिल्कुल न करें**

**पैक लगाकर घंटों छोड़नाः** एलोवेरा जैल को ज्यादा देर तक चेहरे पर छोड़ना स्किन को ड्राई बना सकता है.

**बिना पैच टेस्ट के लगानाः** किसी भी नए प्रोडक्ट की तरह एलोवेरा का भी पैच टेस्ट जरूरी है. क्योंकि हर किसी की स्किन अलग होती है, इसलिए पहले एलोवेरा को हाथ या कान के पीछे लगाकर जांच लें.

**रातभर छोड़नाः** कई लोग एलोवेरा जैल को पूरी रात चेहरे पर लगा छोड़ते हैं, जिससे त्वचा रूखी और डल हो सकती है.

**धूप में लगाकर बाहर निकलनाः** एलोवेरा लगाने के बाद तेज धूप में जाने से स्किन पर जलन और पिग्मेंटेशन हो सकती है.

**हर दिन लगानाः** कुछ स्किन टाइप्स को रोजाना एलोवेरा जैल सूखा और रुखा बना सकता है.

केमिकल युक्त जेल का इस्तेमालः सस्ते या मिलावटी एलोवेरा जेल स्किन को फायदे की जगह नुकसान दे सकता है.

**एलोवेरा इस्तेमाल करने का सही तरीका**

साफ चेहरे और हाथों से लगाएं.

5 से 10 मिनट तक ही रखें, फिर धो लें.

सप्ताह में 2-3 बार ही उपयोग करें.

धूप में जाने से पहले न लगाएं.

बाजार से खरीदते समय शुद्ध और ऑर्गेनिक एलोवेरा जेल को ही चुनें.

**स्किन एक्सपर्ट की सलाह**

स्किन एक्सपर्ट के मुताबिक, नेचुरल चीजें भी तब तक ही फायदेमंद होती हैं जब तक उनका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए. एलोवेरा का भी इस्तेमाल सोच-समझकर करना जरूरी है, वरना इसके साइड इफेक्ट्स चेहरे को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं.

# बार-बार सिरदर्द होना खतरनाक बीमारियों की ओर करता है इशारा



अगर आपका सिरदर्द बार-बार हो रहा है तो ये 6 बीमारियों का संकेत हो सकता है. समय रहते इन लक्षणों को जानकर डॉक्टर के पास जरूर जाएं.सिरदर्द थकावट, तनाव या नींद की कमी से हर किसी को कभी न कभी होता है. लेकिन जब सिरदर्द बार-बार हो, बिना वजह हो और दवा लेने पर भी राहत न मिले, तो ये चिंता की बात हो सकती है. कई बार ये शरीर के अंदर चल रही गंभीर बीमारियों का संकेत देता है. यहां हम बता रहे हैं ऐसी 6 खतरनाक बीमारियों के बारे में, जिनकी आहट बार-बार सिरदर्द के रूप में दिखती है.

**ब्रेन ट्यूमरः** अगर सिरदर्द सुबह-सुबह तेज हो, उल्टी आए बिना मतली लगे या धुंधला दिखने लगे तो ये ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं.

**माइग्रेनः** अगर सिरदर्द के साथ रोशनी, तेज आवाज, या गंध से परेशानी होती है तो ये माइग्रेन हो सकता है. एक या दोनों ओर की धड़कन भरी पीड़ा घंटों रह सकती है.

**हाई ब्लड प्रेशरः** बार-बार होने वाला सिरदर्द, खासकर सुबह उठते ही, हाई ब्लड प्रेशर का संकेत हो सकता है. नजर धुंधली हो या गर्दन में जकड़न महसूस हो तो तुरंत BP चेक कराएं.

**साइनस इंफेक्शनः** नाक बंद रहना, माथे या गालों में दबाव महसूस होना और झुकने पर सिरदर्द बढ़ना, ये सब साइनस के लक्षण हैं. एलर्जी और मौसम बदलने पर ये तकलीफ बढ़ जाती है.

**आंखों की कमजोरीः** लंबे समय तक स्क्रीन देखने या पढ़ने के बाद सिरदर्द होना, आंखों में जलन या धुंधलापन, इनसे पता चलता है कि नजर कमजोर हो सकती है.

**स्ट्रेस और एंग्जायटीः** तनाव, चिंता या डिप्रेशन का असर सीधा सिरदर्द के रूप में दिखता है. ये दर्द हर दिन हो सकता है, खासकर शाम के वक्त पूरे सिर में भारीपन जैसा महसूस होता है.

# गर्म पानी के साथ 1 चीज को मिलाकर पीने से खराब कोलेस्ट्रॉल होगा बाहर, हार्ट भी रहेगा स्वस्थ

हर सुबह गर्म पानी में एक चीज मिलाकर पीने से खराब कोलेस्ट्रॉल कम किया जा सकता है और दिल को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है. क्या आपने कभी सोचा है कि हर सुबह की एक छोटी-सी आदत आपका दिल लंबे समय तक स्वस्थ रख सकती है? हम अक्सर हार्ट हेल्थ की बात आते ही महंगी दवाइयों, डाइट चार्ट्स और एक्सरसाइज की ओर भागते हैं. लेकिन कभी-कभी समाधान हमारी रसोई में ही छुपा होता है. अगर आप भी कोलेस्ट्रॉल की समस्या से जूझ रहे हैं या दिल को स्वस्थ बनाए रखना चाहते हैं, तो ये घरेलू नुस्खा आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन सकता है. यह एक पुराना आयुर्वेदिक उपाय है जो आज के वैज्ञानिक तथ्यों से भी साबित हो चुका है कि यह शरीर से खराब कोलेस्ट्रॉल को निकालने और हृदय को मजबूत बनाने में सहायक हो सकता है.

**शहद और गर्म पानी**

शहद एक प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है. वहीं गर्म पानी शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है. इन दोनों को साथ मिलाकर सुबह खाली पेट पीने से शरीर पर कई अच्छे असर हो सकते हैं.

**कैसे करता है यह कॉम्बिनेशन काम?**

**LDL कोलेस्ट्रॉल कम करता है**

खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) धमनियों में जमा होकर हार्ट अटैक का कारण बनता है. शहद में मौजूद फ्लेवोनॉइड्स और एंटीऑक्सीडेंट्स इसे कम करने में मदद करते हैं.

**ब्लड प्रेशर को संतुलित रखता है**

नियमित रूप से शहद और गर्म पानी पीने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे बीपी कंट्रोल में रहता है.

**फैट बर्निंग को बढ़ाता है**

यह मिश्रण मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे शरीर में जमा वसा (फैट) कम होती है और वजन भी घटता है, जो हार्ट के लिए अच्छा है.

**टॉक्सिन्स बाहर निकालता है**

यह शरीर को अंदर से साफ करता है और लिवर की कार्यक्षमता को बढ़ाता है।

**कैसे करें सेवन?**

1 गिलास गुनगुना पानी और 1 चम्मच शुद्ध शहद

सुबह खाली पेट ले सकते हैं

रोजाना सेवन करने से बेहतर परिणाम मिलते हैं.

हमारे जीवन में कई बड़ी बीमारियों के हल छोटे-छोटे बदलावों में छुपे होते हैं. शहद और गर्म पानी का यह सरल मिश्रण आपके दिल को स्वस्थ रखने में मददगार हो सकता है. इसके साथ संतुलित आहार और नियमित व्यायाम अपनाकर आप लंबे समय तक हृदय रोगों से दूर रह सकते हैं.

# प्लास्टिक के कंटेनर में क्या खाना स्टोर करना खतरनाक है?



**आजकल के** मॉर्डन लाइफस्टाइल में फ्रिज में बचा हुआ खाना स्टोर करना आम बात हो गई है. ऑफिस गोइंग लोग तो जानकर एक्सट्रा खाना बना लेते हैं ताकि उन्हें अगले दिन सुविधा हो. लेकिन हमारा सबसे बड़ा सवाल यह है कि बचे हुए खाने को हम फ्रिज में स्टोर करते तो हैं. लेकिन क्या प्लास्टिक के बर्तन में खाना रखना ठीक है? कई लोग तो किचन के बर्तन ही फ्रिज में रख देते हैं. वहीं कुछ लोग ग्लास के बर्तन का यूज करते हैं. लेकिन आज हम बात कर रहे हैं वैसे लोगों के बारे में जो बचे हुए खाने को प्लास्टिक के बर्तन में स्टोर करते हैं. प्लास्टिक ऐसी चीज है जिसमें हम आराम से यूज करते हैं और सबसे अच्छी बात यह है कि टूटने-फुटने का कोई डर भी नहीं रहता है.

**प्लास्टिक का कंटेनर फ्रिज में रखना सुरक्षित है?**

फ्रिज में रखने के लिए हम ऐसे बर्तन का यूज करते हैं जो सुरक्षित हो यानि टूटने का डर न रहे. लेकिन क्या हेल्थ के हिसाब से प्लास्टिक सुरक्षित है. प्लास्टिक को लेकर अक्सर एक बात कही जाती है कि इसमें खाना पकाने, या गर्म करने, रेफ्रिजरेट करना या स्टोर करना अच्छा नहीं माना जाता है. आज के समय में प्लास्टिक माइक्रेवेव और ओवन के हिसाब से सेव माना जाता है लेकिन हेल्थ के हिसाब से सुरक्षित नहीं है. ऐसे में आप प्लास्टिक के बर्तन में खाना पैक करने के बजाय एलुमिनियम फॉइल का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट**

मार्केट में मिलने वाले पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट प्लास्टिक कंटेनर सबसे अच्छा माना जाता है. इस प्लास्टिक के बर्तन को पानी से साफ करके दोबार यूज किया जा सकता है. लेकिन इसे बार-बार धोने से इसमें पाए जाने वाले केमिकल खाना या पानी में मिल जाते हैं. ऐसे में बर्तन में किसी भी तरह की दिक्कत हो जाए तो उसे समय रहते हैं फेंक दें और यूज न करें.

**बायो प्लास्टिक का करें इस्तेमाल**

अगर आपको बचा हुआ खाना स्टोर ही करना है तो बायो प्लास्टिक का इस्तेमाल करें. बायो प्लास्टिक का इस्तेमाल प्लास्टिक के कप, प्लेट बनाने के लिए यूज किया जाता है. इसे बनाने के लिए मकई, आलू, गन्ना का उपयोग किया जाता है.



## सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 पर बंद

> निफ्टी 41 अंक नीचे 24,812 पर आया

मुंबई हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार, 18 जून को सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही, ये 24,812 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 में तेजी जबकि 20 में गिरावट रही। टीसीएस, अडाणी पोर्ट्स और एचयूएल के शेयर 2% तक नीचे आ गए।

जबकि, इंडसइंड बैंक का शेयर 4.44% चढ़ा। टाइटन, एमएण्डएम और मारुति के शेयरों 2% तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 14 में तेजी, जबकि 36 में गिरावट रही। एनएसई के ऑटो, प्राइवेट बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में 0.8% तक की तेजी रही। वहीं, फार्मा, आईटी, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3% तक गिरे।

## चांदी का भाव नए हाई पर, 1.10 लाख रुपये पर पहुंचा-आज 450 रुपए महंगी हुई

### सोना 129 रुपये सस्ता हुआ, सोने का दाम इस साल 30% चढ़ा

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। देश में चांदी की कीमत बुधवार (18 जून) को नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, एक किलो चांदी का दाम आज 450 रुपए बढ़कर 1,09,550 रुपए पर पहुंच गया। कल इसकी कीमत 1,09,100 रुपए प्रति किलो थी।

वहीं सोने के दाम में आज भी गिरावट है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 129 रुपए कम होकर 99,018 रुपए पर आ गई है। कल यह 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी। इससे पहले 16 जून को सोना 99,373 रुपये पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है।

**4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,060 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 रुपये

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,910 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपये

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपये

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपये

**इस साल 1 लाख 3 हजार रुपये तक जा सकता है सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। बीआईएस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं।

## फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा एलान

### तीन हजार का वार्षिक पास लॉन्च किया, 15 अगस्त से होगा प्रभावी




नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फास्टैग को लेकर बड़ा एलान किया है। उनके एलान से निजी वाहनों को खासतौर पर फायदा होगा। उन्होंने बुधवार को 3000 रुपये के वार्षिक फास्टैग आधारित पास का एलान किया।

यह पास 15 अगस्त से प्रभावी होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'हम 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा।

सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।' नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर लिखा, 'एक ऐतिहासिक पहल के तहत 15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। यह पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा।'

**'एप और वेबसाइट पर अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा'**

उन्होंने आगे लिखा, 'वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और एनएचएआई या एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी।'

सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल

**भुगतान को सहज बनाने की कवायद**

उन्होंने लिखा, 'यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाजाओं को लेकर लंबे समय से चली आ रहें कन्सर्न्स को अधोरेखित करेगी और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।'

**तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध**

केंद्रीय मंत्री ने यह भी लिखा, 'प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजाओं पर विवाद को समाप्त कर, वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।'

## ऑनलाइन फ्रॉड रोकने के लिए गूगल ने लॉन्च किया 'सेफ्टी चार्टर'

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। गूगल ने मंगलवार को 'सेफर विद गूगल इंडिया समिट' के दौरान अपने नए 'सेफ्टी चार्टर' को लॉन्च किया। इससे भारत के डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल यूजर्स को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने, जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि एआई को जिम्मेदारी से विकसित किया जाए।

यह सुरक्षा चार्टर तीन प्रमुख लक्ष्यों के इर्द-गिर्द बना है जिसमें इंटरनेट यूजर्स को घोटालों और धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना, सरकारों और व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा को मजबूत करना और लोगों की सुरक्षा करने वाले जिम्मेदार एआई सिस्टम का निर्माण करना शामिल हैं। पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गूगल का 'डिजिकवाच' कार्यक्रम है, जो वित्तीय घोटालों के खिलाफ पहले ही एआई-पावर्ड प्रोडक्ट्स और जागरूकता अभियानों से 17.7 करोड़ से अधिक भारतीयों तक पहुंच चुका है। गूगल के सिस्टम एआई के साथ और अधिक शक्तिशाली होते जा रहे हैं। इसकी सर्च अब 20 गुना अधिक घोटाले वाली वेबसाइटों की पहचान करती है। साथ ही ग्राहक सेवा और सरकारी प्लेटफार्मों पर स्कैम अटैक में 80 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

## भारत ने 13 साल में वैश्विक निर्यात में सबसे तेज गति से बढ़ाई हिस्सेदारी

मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। कोरोना महामारी, आर्थिक मंदी की आशंका और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा। 13 वर्षों की इस अवधि में भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी सबसे तेज रफ्तार से बढ़ाने में कामयाब रहा। इस दौरान भारत के निर्यात की वृद्धि दर 6.3 फीसदी रही, जो देश के व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की रिपोर्ट के हवाले से एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा, निर्यात के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन चीन, यूरोपीय संघ एवं अमेरिका जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है। 2010 से 2023 के बीच चीन का निर्यात 6.1 फीसदी बढ़ा। यूरोपीय संघ और अमेरिका ने 3.9-3.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। रूस और जापान के निर्यात हिस्से में मामूली बढ़ोतरी या स्थिरता रही। अधिकारी ने कहा, घरेलू निर्यात में वृद्धि का रुझान भारत की व्यापार नीतियों, सेवा एवं विनिर्माण क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है।

**13 साल में करीब तीन गुना बढ़ गया निर्यात**

देश का कुल निर्यात 13 वर्षों की अवधि में करीब तीन गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 2009-10 में देश से 274.8 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था, जो 2022-23 में 2.82 गुना बढ़कर 776.3 अरब डॉलर पहुंच गया। 2024-25 के दौरान भारत ने कुल 825 अरब डॉलर का निर्यात किया।

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को दी बधाई

### जेम पोर्टल से सरकारी खरीद पर जताई खुशी



नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में जेम (जेम) पोर्टल से सरकारी खरीद किए जाने की पहल पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने खुशी जताई है। उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बधाई दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जेम पोर्टल के जरिये सरकारी खरीद बढ़ाने में उत्तर प्रदेश का खासा योगदान रहा है। उन्होंने पिछले पांच साल में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पोर्टल के जरिये की गई खरीद का डाटा भी साझा किया।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्र में लिखा कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) एक राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। इसके जरिये केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त संस्थानों और स्थानीय निकायों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की शुरू से अंत तक ऑनलाइन खरीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेम ने 5.43 लाख करोड़ रुपये के 72 लाख से अधिक के क्रय आदेश पूरे किए हैं।

शुरुआत से लेकर अब तक जेम के जरिये 2.9 करोड़ से अधिक क्रय आदेशों के माध्यम से 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की जा चुकी है। जेम अब 11 हजार से अधिक उत्पाद और 330 से ज्यादा सेवा श्रेणियों के साथ एक उपलब्धि खरीद मंच के रूप में काम कर रहा है। इस वृद्धि में उत्तर प्रदेश सरकार का योगदान काफी अहम है। केंद्रीय मंत्री ने पत्र में लिखा कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जेम के जरिये की गई खरीद राज्य के विश्वास का प्रमाण है।

मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 26 नवंबर 2024 को आदेश जारी करके राज्य के खरीद नियमों में बदलाव किया और जेम को मान्यता दी। मैं इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार का धन्यवाद करता हूं। प्रदेश सरकार की यह पहल विभिन्न खरीद-संबंधी अधिसूचनाओं को एकीकृत करती है। इससे प्रक्रियाएं सरल हुई हैं और जेम को 100% अपनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। साथ ही जेम (जीईएम) की पारदर्शिता, दक्षता, समावेशिता और खरीद को आसान बनाने की प्रक्रिया तेज हुई है।

## सीईए बोले-वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत सकारात्मक

### राजकोषीय घाटा व सरकारी कर्ज घटना बड़े सुधार



तिरुवनंतपुरम, 18 जून (एजेंसियां)। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के पास अवसर और संभावनाओं की कमी नहीं है। ऐसा मानना है देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंता नागेश्वरन का।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं के बावजूद भारत 'चमकदार जगह' (ब्रैट स्पॉट) के रूप में सामने आया है। देश की अर्थव्यवस्था में निरंतर मजबूती दिखी, जो आज के कठिन वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि है।


**2022 से वैश्विक स्तर पर संघर्ष और व्यवधान लगातार बढ़े**

फरवरी, 2022 से शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष, इस्राइल और ईरान के चिंताजनक टकराव, ईंधन और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच एक साक्षात्कार में नागेश्वरन ने कहा, वर्ष 2022 से वैश्विक स्तर पर संघर्ष और व्यवधान लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब ये ज्यादा तीव्र और अप्रत्याशित हो गए हैं, जिससे दुनिया भर में आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी चिंता पैदा हुई है। हालात विकास के लिए और भी जटिल बन गए हैं। आज वैश्विक माहौल लगभग सभी देशों के लिए कठिन हो गया है। ऊपर की तरफ जाने की संभावनाओं से अधिक नीचे गिरने का जोखिम बढ़ गया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंता नागेश्वरन ने कहा, यह स्थिति केवल भारत की नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने यह चुनौती बड़ी होती जा रही है। हालांकि, इस कठिन परिदृश्य में भी भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। देश की अर्थव्यवस्था एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती है।

नागेश्वरन ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने 2020 में फैली कोविड-19 महामारी के बाद अच्छी रिकवरी की है। देश में मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही भारत का राजकोषीय घाटा (फिस्कल डेफिसिट) और सरकारी कर्ज भी कम हुआ है। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और इसका असर भारत और अमेरिका के 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पर भी हुआ है।

## भारत में बने खिलौनों की वैश्विक बाजार में जबरदस्त मांग

### छोटा भीम से लेकर मोटू-पतलू तक हो रहे निर्यात



मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। भारत अब खिलौनों का आयात करने के बजाय निर्यात कर रहा है। छोटा भीम से लेकर मोटू-पतलू तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे। यहां बने खिलौनों की गुणवत्ता दुनियाभर के मानकों से बेहतर है। शून्य से 16 साल तक के बच्चों के खिलौने बनाने वाली कंपनियां अपने उत्पादों के विदेशी बाजारों में पहुंचाने से उत्साहित हैं। यह स्थिति सिर्फ दो साल में बदली है। यहां के खिलौने स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बड़े पैमाने पर परखे हुए हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), मुंबई के पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला (डब्ल्यूआरओएल) के वैज्ञानिक और निदेशक अद्भुत सिंह ने कहा, बीआईएस मानकों ने घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में भारतीय खिलौनों की बिक्री बढ़ाने में सहायता की है। उन्होंने कहा, भारतीय मानक हमारी मौसम स्थितियों और अन्य घरेलू जरूरतों के अनुसार बनाए गए हैं। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का खिलौना निर्यात 2023-24 में मामूली रूप से घटकर 15.23 करोड़ से ज्यादा अमेरिकी डॉलर रह गया, जो पिछले वर्ष 15.38 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। नए आंकड़ों के अनुसार भारत में 1,640 बीआईएस-प्रमाणित खिलौना उद्योग हैं, जिनमें से 1,165 लाइसेंस गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों और 475 इलेक्ट्रिक खिलौनों के लिए हैं।

## एटीएम में अब 100 और 200 रुपये की दिक्कत नहीं

**देश के 70% से ज्यादा एटीएम में निकल रहे छोटे नोट**

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया था कि वे ऐसी व्यवस्था करें कि 75% एटीएम में कम-से-कम एक कैसेट से 100 या 200 रुपये के नोट लोग निकाल सकें। इसके लिए रिजर्व बैंक ने 30 सितंबर 2025 तक की समयसीमा तय की थी। हालांकि, बैंकों ने तय समय-सीमा से तीन महीने पहले ही 73% का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार देश के 2,15,000 एटीएम में से 73,000 का प्रबंधन करने वाली सीएमएस इंफोसिस्टम्स ने कहा है कि दिसंबर 2024 के अंत में 65% से बढ़कर अब 100 या 200 रुपये के नोट वाले एटीएम की संख्या 73% हो गई है। बता दें कि रिजर्व बैंक ने इस साल अप्रैल के अंत में बैंकों को निर्देश दिया था कि वे सुनिश्चित करें कि एटीएम में 100 रुपये या 200 रुपये के नोट भी हों, ताकि लोगों को छोटे नोट के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े। निर्देश में 30 सितंबर 2025 तक 75% और 31 मार्च 2026 तक 90% एटीएम में 100 और 200 रुपये के नोटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। सीएमएस इंफो सिस्टम्स के अनुश राघवन ने बताया कि लोग अब भी 60% खर्च कैश के रूप में ही करते हैं। इसलिए 100 और 200 रुपये के नोटो की उपलब्धता से सीधे तौर पर रोजमर्रा की लेन-देन की जरूरतें पूरी होती हैं। खास तौर पर ग्रामीण और छोटे शहरों में इसकी बेहद जरूरत है। आईसीआईसीआई बैंक ने कुछ लेन-देन के लिए अपने सर्विस चार्ज में संशोधन किया है। ये चार्ज 1 जुलाई 2025 से लागू होंगे।

**ये बदलाव इस प्रकार हैं:**

ग्राहक मेट्रो शहरों जैसे हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, नई दिल्ली और कोलकाता में स्थित एटीएम पर तीन निःशुल्क लेनदेन कर पाएंगे। इसके बाद प्रति ट्रांजेक्शन 23 रुपये तक का शुल्क लगेगा।

मेट्रो शहरों के अलावा दूसरी जगह हर महीने पांच ट्रांजेक्शन फ्री रहेंगे। इसके बाद प्रति ट्रांजेक्शन 23 रुपये तक का शुल्क लगेगा। भारत के बाहर एटीएम से पैसे निकालने वाले ग्राहकों को प्रत्येक लेनदेन पर 125 रुपये और 3.5% करेंसी एक्सचेंज लागत देनी होगी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | मिथुन में |
| चंद्र- | मीन में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध- | मिथुन में |
| गुरु- | मिथुन में |
| शुक्र- | मेष में |
| शनि- | मीन में |
| राहु- | कुंभ में |
| केतु- | सिंह में |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन.. | 05-28 बजे |
| कर्क... | 07-41 बजे |
| सिंह--- | 09-52 बजे |
| कन्या... | 11-59 बजे |
| तुला---- | 14-06 बजे |
| वृश्चिक.. | 16-14 बजे |
| धनु...... | 18-28 बजे |
| मकर... | 20-38 बजे |
| कुंभ... | 22-25 बजे |
| मीन.... | 00-03 बजे |
| मेष..... | 01-39 बजे |
| वृष.... | 04-08 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी 11-55 तक उपरान्त नवमीं
मास - आषाढ़ कृष्ण, गुरुवार 19 June
नक्षत्र - उ.भाद्रपद 23-16 तक उपरान्त
योग - सौभाग्य 02-45 तक उप आयुष्मान
करण- कौलव 11-55 तक उप तैतिल
विशेष-
व्रत -त्योहार -

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:56 से 15:34 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| शुभ | 05:41 - 07:22 | शुभ |
| रोग | 07:22 - 09:01 | अशुभ |
| उत्पात | 09:01 - 10:39 | अशुभ |
| चंचल | 10:39 - 12:18 | शुभ |
| लाभ | 12:18 - 13:56 | शुभ |
| अमृत | 13:56 - 15:34 | शुभ |
| काल | 15:34 - 17:13 | अशुभ |
| शुभ | 17:13 - 18:53 | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| अमृत | 18:53 - 20:13 | शुभ |
| चंचल | 20:13 - 21:35 | शुभ |
| रोग | 21:35 - 22:56 | अशुभ |
| काल | 22:56 - 00:18 | अशुभ |
| लाभ | 00:18 - 01:39 | शुभ |
| उत्पात | 01:39 - 03:01 | अशुभ |
| शुभ | 03:01 - 04:22 | शुभ |
| अमृत | 04:22 - 05:41 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आप अपने करियर में जो कुछ भी चाहते थे, वह सब कुछ आज आपके रास्ते में आएगा। चाहे वह प्रसिद्धि, ताक़त, पैसा या पद हो, आप अब सब कुछ पाने के लिए एक आदर्श स्थिति में हैं। बस कड़ी मेहनत करते रहे और अन्य लोगों की राय का सम्मान करे और जो भी आपने अपनी इच्छा शक्ति के बलबूते किया है।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज का दिन आपके लिए एक विवादास्पद दिन हो सकता है! आप का किसी के लिए बुदबुदाना या क्रोधित होना व किसी दूसरे के माध्यम से उन्हें पता चलने पर आपका पेशेवर जीवन बर्बाद हो सकता है। इसके अलावा, आप किसी से किसी और का रहस्य खोल सकते है जो की सही नहीं होगा इसलिए आसपास के ऐसे लोगो से उचित दुरी बना कर रखे।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आपको विभिन्न भूमिकाओं का क्रियान्वन करना पड सकता है इसलिए दोस्तों से मदद लेने में संकोच न करे। वे सफलता के रास्ते पर आपको एक मजबूत समर्थन दे सकते हैं। छात्रों के लिए ये एक अच्छा दिन हो सकता है और उन्हें एक प्रतिष्ठित संस्थान से डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त हो सकती है।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आज आपको एक अच्छी नौकरी की पेशकश मिल सकती हैं, लेकिन आपको इस नौकरी का लाभ लेने के लिए एक अलग शहर या यहां तक कि किसी दूसरे देश में बदलाव करना पड़ सकता है। ये नौकरी की पेशकश बहुत ही आकर्षक लग सकती है पर यह आपके परिवार के सदस्यों पर प्रभाव डालेगी, इसलिए इसे स्वीकार करने से पहले आपको विभिन्न कोणों पर विचार करने की जरूरत है।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आप समय के महत्व को जानते हैं और आप आज एक लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। आप सही रास्ते पर हैं। कड़ी मेहनत करे, सफलता आप से दूर नहीं है। आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसलिए आप व्यापार और शेयरों में कुछ जोखिम ले सकते हैं। आय के नए अवसर आज दिखाई दे सकते हैं। आगे जाने से पहले अपने शुभचिंतकों से परामर्श करें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज किसी भी परीक्षा में उतरने के लिए अच्छा दिन नहीं है, हालांकि अगर आप परीक्षा में बेठ रहे है तो किसी नकारात्मक विचारों को अपने पास न आने दे। आप आगे बढे और आपकी शक्ति और सकारात्मकता आपकी कुण्डली से किसी भी नकारात्मक प्रभाव से लड़ सकती है।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
ये समय महान प्रभाव के लोगों के साथ वार्तालाप करने के लिए अति उत्तम है। आप इन लोगो से जितना संवाद बढ़ा पाये बढ़ाये, क्यों की एक बेहतर जगह तक पहुँचने के लिए या अपने वर्तमान स्थिति का उन्नयन करने के लिए ये बहुत जरुरी है। आप अभी काफी दुविधा में है की ये अवसर आपकी धन वृद्धि कर सकते है की नहीं या आप उन्हें पकड़ पाएँगे की नहीं।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
एक दुर्लभ नौकरी का अवसर आज आपके दरवाजे पर दस्तक देने के लिए आ रहा है। यह विचार करने पर कुछ हद तक जोखिम भरा लगेगा, लेकिन आप उस पर कार्रवाई करते हैं, तो आप अपने कैरियर को एक नया मोड़ दे सकते हैं। सुरक्षित और संकीर्ण रास्ते की तुलना में ये समय जोखिम लेने के लिए है ताकि जो आप अपने जीवन में करना चाहते है वो पूरा हो।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
आज अपने कार्य से संबंधित कारणों से अपने निवास स्थान में परिवर्तन की सम्भावना है। आपको पदोन्नत किया जा सकता है और एक अलग क्षेत्र के लिए स्थानांतरित किया जा सकता है या आप कोई दूसरी नौकरी को ग्रहण कर सकते है। आप एक पेशेवर सलाहकार या अपने किसी करीबी से आज कैरियर से संबंधित सलाह ले सकते हैं।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
इस बात के काफी मजबूती से संकेत मिल रहे है की आप को अपनी नौकरी की वजह से विदेश जाना पड़ सकता है। जिन विद्यार्थियों ने वीसा के लिए आवेदन किया हुआ है उनका काम आज पूर्ण होने के आसार बन रहे है। आपका कार्य स्थान का परिवर्तन ऐसी जगह हो सकता है जिससे आप अनजान हो।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज का दिन आपके लिए काफी हद तक उत्तम रहेगा। कुछ मुश्किल कार्य जो की आपने समय पर छोड़ दिए थे उन्हें पूरा करने का भी ये उचित समय है। आज के दिन आप अपने सारे रुके हुए कार्य अपनी उम्मीद से ज्यादा पूरा कर पायेंगे और सारा काम का भोज आज खत्म हो सकता है।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आज लघु लेकिन बार बार की बाधाओं से आपके काम काज की राह में रोड़ा पैदा होगा और आप समय सीमा के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने में असमर्थ महसूस करेंगे। ये बाधा व्यर्थ की होगी लेकिन इन से पार पाना या इनकी गणना करना मुश्किल होगा, हालाँकि क्रोध और चिढ़ने से समस्या का हल नहीं निकलेगा।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# राजा रघुवंशी के परिवार को सोनम के भाई पर भी शक



भोपाल, 18 जून (एजेंसियां)। राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने एक बड़ा बयान दिया है। दरअसल, राजा रघुवंशी के परिवार ने हत्याकांड का खुलासा करने के लिए नार्को टेस्ट की मांग की थी। गोविंद का कहना है कि वह इस मांग को स्वीकर करते हैं और नार्को टेस्ट के लिए तैयार हैं। दरअसल, देश भर में चर्चित मेघालय हनीमून मिस्ट्री में हर रोज नए मोड़ आ रहे हैं। राजा के भाई सचिन रघुवंशी ने सोनम के साथ उसके भाई गोविंद रघुवंशी के भी इस हत्याकांड में शामिल होने की आशंका जताई है। ऐसे में राजा के परिवार ने नार्को टेस्ट की मांग की है। वहीं, गोविंद रघुवंशी का कहना है कि मेघालय पुलिस ने उन्हें फोन कर कहा था कि उनसे मेघालय आकर मिलें। इसपर गोविंद ने कहा था कि जब भी उन्हें जरूरत हो तो वह बता दें। अभी फिलहाल फैमिली डिस्टर्ब है। ऐसे में पुलिस ने गोविंद को तीन-चार दिन का समय दिया। मेघालय पुलिस की तरफ से कोई फाइनल डेट नहीं बताई गई है कि कब मिलना है, लेकिन जब भी बुलाएं वह पहली फ्लाइट से जाने की कोशिश करेंगे।

इसके अलावा, गोविंद ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है कि मेघालय पुलिस इंदौर आई हुई है। जब गोविंद रघुवंशी से सवाल किया गया कि राजा के परिजनों की मांग है कि सोनम के साथ उनका भी नार्को टेस्ट कराया जाए। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अभी तक राजा का परिवार ऐसा कुछ नहीं कह रहा था। हालांकि, वह उनका भाव समझते हैं। उनके परिवार का बच्चा गया है। इस बात दुख उन्हें भी है। अगर राजा के परिवार को किसी पर भी शक है तो वे जांच की मांग कर सकते हैं। गोविंद रघुवंशी का कहना है, मैंने कोई पाप नहीं किया है। मैं तो नार्को टेस्ट के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

# पीएम मोदी 13 महीने बाद फिर महागठबंधन के गढ़ में भरेंगे हुंकार, लालू पर होगा निशाना



पटना, 18 जून (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव (2025) तैयारियों को लेकर सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच गढ़ बचाने एवं हथियाने के साथ ही मतों के समीकरण को दुरुस्त करने की अभी सी होड़ मची है। इस बीच 13 महीने के अंतराल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर सिवान जिले के दौरे पर 20 जून को जसौली में हुंकार भरने पहुंच रहे हैं। इससे पहले, लोकसभा चुनाव के दौरान सिवान जिले के गोरेयाकोठी में 21 मई 2024 को मोदी की जनसभा हुई थी। अबकी बार मोदी बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र के जसौली आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री का यह दौरा महागठबंधन के गढ़ में है। वर्तमान में इस जिले की आठ विधानसभा क्षेत्र में छह पर महागठबंधन एवं दो पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, सिवान संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व जदयू की विजयलक्ष्मी देवी कर रही हैं। ऐसे में भावी समीकरण को मद्देनजर रखते हुए एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री का कार्यक्रम राजद के कब्जे वाली सीट बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किया गया है। वैसे तो, मोदी की यात्रा विशुद्धरूप से सरकारी कार्यक्रम है, लेकिन राजनीतिक दृष्टकोण से इसके मायने भी दूरगामी हैं। प्रधानमंत्री की यात्रा को ध्यान में रखते हुए राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के शीर्ष नेताओं के साथ ही केंद्रीय मंत्रियों ने एड़ीचोटी का जोर लगा दिया है। जनसमूह को आमंत्रित करने के लिए जहां 70 से अधिक प्रचार वाहन गांव-गांव घूम रहे हैं। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय के नेतृत्व में राजग के नेता सौ से अधिक छोटी-बड़ी सभा और बैठकें हो चुकी हैं। सिवान की सभा में संभव है कि मोदी राजद प्रमुख लालू यादव की 78वीं जन्मतिथि समारोह के दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को लेकर प्रसारित वीडियो के माध्यम से अनुसूचित जाति के अपमान पर महागठबंधन को घेर सकते हैं।

# ओडिशा में फैलीकोलेरा डिजीज अब तक 11 लोगों की मौत

भुवनेश्वर, 18 जून (एजेंसियां)। ओडिशा में इस समय कोलेरा यानी डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस पर राज्य सरकार ने समीक्षा बैठक भी की है। राज्य के 30 जिलों में डायरिया का अलर्ट जारी कर टेस्टिंग का काम तेजी से हो रहा है। डायरिया के मामलों में वृद्धि ने चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, फिलहाल राज्य में कोलेरा को लेकर अलर्ट और स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि मरीज और न बढ़ें। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, यहां के तटीय इलाकों में कोलेरा से अबतक 11 लोगों की मौत हो चुकी है और संक्रमितों की संख्या 2000 है। कोलेरा एक हाइजीन से संबंधित बीमारी है, जिसमें साफ-सफाई पर ध्यान न देने पर संक्रमण होता है। कोलेरा, डायरिया या हैजा एक हाइजीन रिलेटेड प्रॉब्लम है। इसमें दूषित पानी या खाने की वजह से इंसान को दस्त हो जाते हैं। दस्त भी आम नहीं पतले पानी जैसे होते हैं, जो जानलेवा भी बन जाता है। दरअसल, कोलेरा में इतने ज्यादा दस्त हो जाते हैं कि मरीज के शरीर में न्यूट्रिशन की कमी के साथ-साथ डिहाइड्रेशन भी हो जाता है। कई बार बहुत ज्यादा गंभीर हैजा होने पर मरीज को उल्टी भी आने लगती है। कोलेरा या हैजा मुख्यतः ऐसे इलाकों में फैलता है, जहां साफ पानी और शौचालय की सुविधा नहीं होती है।

## शादी करने के लिए गर्लफ्रेंड को लेकर बेंगलुरु से गोवा पहुंचा युवक, गला रेतकर मार डाला

गोवा, 18 जून (एजेंसियां)। पुलिस ने गर्लफ्रेंड की हत्या के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। युवती प्रताप नगर के एक जंगली इलाके में मृत पाई गई थी। पुलिस ने बताया कि संजय केविन एम नामक एक व्यक्ति को प्रेमिका रोशनी की कथित हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। रोशनी भी उसी इलाके की रहने वाली थी। पीड़िता का शव सोमवार शाम को प्रताप नगर के एक जंगली इलाके से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक उसकी हत्या गला रेतकर कर की गई है। साउथ गोवा के एसपी टीकम सिंह ने बताया कि प्राथमिक रूप से देखकर नजर आ रहा है, कि प्रेम प्रसंग में हुए विवाद की वजह से इस हत्या को अंजाम दिया गया है। पुलिस के अनुसार, यह कपल हाल ही में शादी करने की योजना के साथ बेंगलुरु से गोवा आया था। हालांकि, कथित तौर पर उनके बीच विवाद के कारण लड़के ने गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी।

# बटला हाउस में बैरिकेडिंग से हड़कंप, दिल्ली पुलिस ने की मैपिंग, कोर्ट के स्टे से राहत

नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के बटला हाउस इलाके में मंगलवार देर शाम को दिल्ली पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग लगाने के बाद हड़कंप मच गया। लोगों को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा डिमोलिशन की आशंका सताने लगी। हालांकि आज बुधवार सुबह यहां पर डिमोलिशन नहीं हुआ। लेकिन स्थानीय पुलिस ने मुरादी रोड पर डीडीए की ओर से मार्किंग किए गए मकानों और सड़क की मैपिंग कर डाली।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुल 52 मकानों पर डीडीए ने नोटिस चस्पा किया था। उनमें से 46 लोगों को कोर्ट से स्टे मिल चुका है। अब महज 6 घर ही बचे हैं और उन्हें भी जल्द ही स्टे मिल जाएगा। बावजूद इसके दिल्ली पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। इससे लोग दहशत में जी रहे हैं।





### 'मकान बन रहा था तब डीडीए कहां था'

लोगों का कहना है कि नोटिस को देखते हुए कई मकान और दुकान खाली हो चुके हैं। लेकिन वो कहीं नहीं जाएंगे क्योंकि बहुत सालों से इस जगह पर रहते आए हैं। लोगों ने अपना सब कुछ मकान में लगा दिया। जब मकान बन रहे थे तब डीडीए कहां था। जमीन कहां तक है खुद डीडीए को ही नहीं पता। कोर्ट पर भरोसा जताते हुए लोगों का कहना है कि हमें कोर्ट पर पूरा यकीन है कि वहां से न्याय मिलेगा और हमारे घर बच जाएंगे। इस बीच आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि आज अल्हम्दुलिल्लाह मुरादी रोड बटला हाउस की 12 प्रॉपर्टी का केस साकेत कोर्ट में लगा था इनके मामलों को लेकर सीनियर वकील कर्नल सिंह पेश हुए। सभी 12 मामलों में साकेत कोर्ट ने 17 जुलाई तक स्टे लगा दिया। अभी तक 44 प्रॉपर्टी पर स्टे ऑर्डर आचुका है, बाकी बचे 7 केस में हाई कोर्ट में सुनवाई होनी है।

### क्या है बटला हाउसा का मामला

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने पिछले महीने 26 मई को बटला हाउस के मुरादी रोड पर खसरा नंबर 279 और आसपास के कई मकानों पर नोटिस चस्पा कर सरकारी जमीन को खाली करने के लिए कहा था। इस बीच लोग दिल्ली हाईकोर्ट और साकेत कोर्ट पहुंचे जहां से अलग-अलग याचिकाओं में तकरीबन 40 लोगों को स्टे मिल चुका है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में नोटिस जारी कर डीडीए से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई करेगी। हालांकि इस बीच आज सुबह बटला हाउस में जामिया थाने के एसएचओ पहुंचे थे और मैपिंग कर हालात पर नजर रखने के लिए ड्रोन से निगरानी भी कराई गई। इससे पहले बीती शाम बटला हाउस मुरादी रोड पर बारात घर के पास दिल्ली पुलिस ने एहतियातन बेरिकेड्स लगा दिए थे।

## 'संथारा' से 3 साल की बच्ची की मौत के बाद बवाल, एमपी हाई कोर्ट पहुंचा मामला

इंदौर, 18 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर में ब्रेन ट्यूमर से जूझ रही तीन साल की लड़की को 'संथारा' व्रत ग्रहण कराए जाने के बाद उसकी मौत को लेकर सवाल उठाते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। अदालत ने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी किए बगैर निर्देश दिया है कि इस याचिका के प्रतिवादियों में लड़की के माता-पिता को शामिल किया जाए। याचिका में केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग पहले से प्रतिवादी हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता 23 साल के प्रांशु जैन की ओर से दायर की गयी याचिका में गुहार की गई है कि नाबालिग बच्चों और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को 'संथारा' व्रत ग्रहण कराए जाने की प्रक्रिया पर कानूनी रोक लगाए जाए क्योंकि इस प्रक्रिया के कारण संबंधित व्यक्ति के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन होता है।

# हिमाचल हाईकोर्ट से बीजेपी नेता राजीव बिंदल और सुखराम चौधरी को बड़ी राहत



शिमला, 18 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और पांवटा साहिब से पार्टी विधायक सुखराम चौधरी को अंतरिम जमानत दे दी। साथ ही कोर्ट न पुलिस से कहा कि 13 जून की हिंसा के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज हत्या के प्रयास और अवैध रूप से एकत्र होने के मामले में उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह ने बिंदल और चौधरी को राहत प्रदान की, जिन्होंने आरोप लगाया था कि मामला राजनीति से प्रेरित है। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह उनके खिलाफ 'कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करे।' अब यह मामला 24 जून को सूचीबद्ध होगा। सिरमौर पुलिस ने शुक्रवार को हुई पथराव की घटना के सिलसिले में बीजेपी नेताओं और कई अन्य लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। इस घटना में पुलिसकर्मियों सहित 10 से अधिक लोग घायल हो गए थे। यह घटना एक हिंदू महिला के मुस्लिम व्यक्ति के साथ कथित रूप से भाग जाने के विरोध में हुई। शुक्रवार (13 जून) को आक्रोशित हिंदू संगठन माजरा में एकत्र हुए और लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ उस व्यक्ति के घर की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद दो समूहों में पथराव शुरू हो गया जिसमें पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। इस मामले में चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शुक्रवार शाम को पत्थरबाजी की घटना के बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत पांवटा साहिब क्षेत्र के चार गांवों - कीरतपुर, मालियों, फतेहपुर और मिस्सरवाला में 19 जून तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

## समुद्र किनारे प्रेमी को बांधकर छात्रा से गैंगरेप 4 नाबालिग समेत 10 आरोपी गिरफ्तार

भुवनेश्वर, 18 जून (एजेंसियां)। ओडिशा पुलिस ने गंजाम जिले के गोपालपुर समुद्र तट पर एक कॉलेज छात्रा के प्रेमी को बांधकर छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में 10 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें नाबालिग आरोपी भी हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना 15 जून की देर शाम की है। वहीं, इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने हस्तक्षेप किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है और मामले में अपनी ओर से हस्तक्षेप किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसमें मामले के बाकी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई है। आयोग ने यह भी कहा है कि पीड़िता को समय पर न्याय मिलना चाहिए। निःशुल्क चिकित्सा देखभाल और मानसिक सहायता भी दी जाए। इस संदर्भ में अगले तीन दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है।

# 'एयर इंडिया विमान हादसे पर सिंगापुर एयरलाइंस मौन क्यों?'; पूर्व विमानन मंत्री पटेल ने पूछे सवाल



मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय विमानन मंत्री रहे वरिष्ठ सांसद और एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने एअर इंडिया विमान हादसे के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की खामोशी पर सवाल खड़े किए हैं। पटेल ने प्रधानमंत्री कार्यालय, विमानन मंत्री नायडू, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को टैग कर एक एक्स पोस्ट में विस्तार से अपना सवाल साझा किया है। उन्होंने कहा, एक महत्वपूर्ण शेयरधारक की भूमिका और चुप्पी आश्चर्यजनक है। उन्होंने एअर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच 'संवेदनशील समझौते' का उल्लेख भी किया। महाराष्ट्र से निर्वाचित राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार के कार्यकाल में केंद्रीय विमानन मंत्री रहे प्रफुल्ल पटेल ने सिंगापुर एयरलाइंस के सीईओ पर भी टिप्पणी की। उन्होंने अहमदाबाद में बीते 12 जून को हुए हादसे के सात दिन बाद भी सिंगापुर एयरलाइंस की तरफ से कोई बयान न आने की तरफ इशारा करते हुए कहा, शायद हादसे अनदेखा किया जा रहा है। इसके पास एअर इंडिया के बेड़े में शामिल वाइड-बॉडी विमानों के रखरखाव की जिम्मेदारी है। नाम का अनुमान लगाइए।।। सिंगापुर एयरलाइंस। ऐसा लगता है कि वे छिपे हुए हैं। उन्होंने एअर इंडिया हादसे पर सिंगापुर एअरलाइंस की चुप्पी को लेकर गंभीर बताया और कहा कि विमानन से जुड़े प्रबंधन के अलावा सिंगापुर एयरलाइंस और एअर इंडिया के बीच कोडशेयर समझौता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन को सिंगापुर एयरलाइंस ने नामित किया था। वे पहले उनकी कम लागत वाली सहायक कंपनी स्कूट एयरलाइंस के सीईओ रह चुके हैं। यह चुप्पी क्यों है? बता दें कि एअर इंडिया का अत्याधुनिक विमान- बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 बीते 12 जून को अहमदाबाद के मेघाणीनगर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड्स बाद क्रैश हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में 12 क्रू के सदस्य थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। हादसे के समय मेघाणीनगर में मौजूद कई लोग हताहत हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद एअर इंडिया ने एक करोड़ 25 लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। एअर इंडिया विमान संख्या-एआई171 अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। बोइंग 787-8 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी श्रेणी का था। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। फ्लाइट क्यों क्रैश हुई इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# गुजरात में भारी बारिश से बुरा हाल, नदी में बह गई कार, 5 लापता, अलर्ट जारी

अहमदाबाद, 18 जून (एजेंसियां)। गुजरात के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हुई मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। खासकर बोटाड जिले में, जहां 40 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जबकि उफनती नदी में एक कार के बह जाने से उसमें सवार पांच लोग लापता हो गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भावनगर भी सबसे अधिक प्रभावित जिलों में से एक है। उन्होंने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में अगले चार दिनों में और अधिक बारिश होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया और कुछ सड़कें तथा पुल यातायात के लिए बंद करनी पड़ी है। बोटाड की जिलाधिकारी जिंसी रॉय ने बताया, ''बरवाला तालुका के निचले इलाकों में रहने वाले 40 लोगों को एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है, क्योंकि नजदीकी बांध के ऊपर से पानी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।''बोटाड के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल बुधवार को बंद रहेंगे। रॉय ने कहा कि भारी बारिश के बाद लाठीदाद गांव में उफनती नदी में कार के बह जाने के बाद लापता हुए पांच लोगों को तलाशने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया, '' हादसे के समय कार में कुल नौ यात्री सवार थे, जिनमें से दो को स्थानीय लोगों ने तुरंत बचा लिया जबकि सात अन्य लापता हो गए। दो यात्रियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि पांच अन्य की तलाश जारी है। हमने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) से बचाव कार्य में शामिल होने का अनुरोध किया है।''उनके अनुसार, गधाडा तालुका के एक गांव में जलभराव के कारण कम से कम एक दर्जन लोग फंसे हुए हैं और उन्हें भी बचाने के प्रयास जारी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि पिछले 24 घंटों में बोटाड, भावनगर और अमरेली जिलों में अलग-अलग स्थानों पर ''मूसलाधार बारिश'' हुई, जबकि सुरेन्द्रनगर, राजकोट, मोरबी, अहमदाबाद, आणंद, भरूच और सूरत जैसे अन्य जिलों में '' भारी बारिश'' हुई। आईएमडी की विज्ञप्ति के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तरी अरब सागर और गुजरात के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है तथा गुजरात क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में बने निम्न दबाव क्षेत्र तथा इससे जुड़े ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण के कारण आने वाले दिनों में और अधिक बारिश होने की संभावना है।

# कांवड़ यात्रा में नहीं कटेगी बिजली

## कंट्रोल रूम से निगरानी रूट पर सिक्योरिटी, एंबुलेंस और मेडिकल टीम



गाजियाबाद, 18 जून (एजेंसियां)। कांवड़ यात्रा 2025 को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। यात्रियों को यात्रा मार्ग में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें कंट्रोल रूम बनाना, कांवड़ यात्रियों के रूट पर सिक्योरिटी के इंतजाम, सड़कों की सफाई और मरम्मत के लिए डेड लाइन तय करने, कांवड़ चढ़ाए जाने वाले मंदिरों में व्यवस्था करने, बिजली न कटे इसके लिए निर्देश जारी करने, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, रूट पर एंबुलेंस और मेडिकल कैंप की तैनाती करवाना शामिल है। दिल्ली हरियाणा से आने वाले कांवड़यों के लिए गाजियाबाद काफी अहम पड़ाव होता है। यात्रा की शुरुआत में भी और यात्रा के आखिरी समय में भी। ऐसे में गाजियाबाद जिला प्रशासन इसके लिए मुस्तैद है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने इस यात्रा की व्यवस्था के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों पर बातचीत की। इसमें यात्रा मार्गों, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर बातें हुईं। साथ ही उन मंदिर पर व्यवस्था को लेकर भी बात हुई जहां भक्त कांवड़ चढ़ाते हैं। यात्रा के दौरान कांवड यात्रियों की सुविधा के लिए मोदीनगर के राज चौपला, मुरादनगर गंग नहर, मेरठ तिहरा टीला मोड़ और जिला मुख्यालय के पास कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। इन्हीं जगहों से पूरे जिले से होकर गुजरने वाली कांवड़ यात्रा पर निगरानी रखी जाएगी। कांवड यात्रियों की सुविधा के लिए डीएम ने निर्देश दिए हैं कि सभी सड़कें और सहायक मार्गों को 30 जून तक गड्ढा मुक्त किया जाए। शहरी क्षेत्र में 2307 और ग्रामीण क्षेत्र में 6331 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। साथ ही बिजली विभाग को निर्देश दिया गया कि यात्रा मार्गों पर बिजली कटौती न हो। कांवड़ मार्ग पर 30 एंबुलेंस और 20 मेडिकल शिविर तैनात किए जाएंगे। पैरामेडिकल स्टाफ सहित 250 डॉक्टर व नर्स और 180 बेड की व्यवस्था की जाएगी। यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## सीएसएमटी स्टेशन पर महिला से छेड़छाड़ के मामले में आरपीएफ कांस्टेबल पर केस

मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर महिला के साथ छेड़छाड़ की चौंकाने वाली घटना एक साल बाद सामने आया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक पुलिस कांस्टेबल पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। मुंबई के सीएसएमटी रेलवे पुलिस स्टेशन में पुलिस कांस्टेबल चांगदेव कराले के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 और 354(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। महिला ने शिकायत दर्ज कराई,जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। घटना के करीब 12 महीने बाद महिला सामने आई है। पीड़िता डर और सदमे के कारण मामला दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस के अनुसार, नागपुर की रहने वाली 39 वर्षीय पीड़िता जून 2024 में गुजरात के वलसाड से वापस आते समय सीएसएमटी में थी, जहां वह अपनी बहन से मिलने गई थी। वह देर रात सीएसएमटी स्टेशन पहुंची और अपनी ट्रेन के लेट होने के कारण, प्लेटफ़ॉर्म के पास पुलिस स्टेशन के बाहर एक बेंच पर अकेली बैठ गई। देर रात करीब 2 बजे कांस्टेबल चांगदेव कराले (54), जो रात की ड्यूटी पर था, नियमित पूछताछ के बहाने महिला के पास पहुंचा,यह जानने पर की वह अकेली है। कराले ने कथित तौर पर अश्लील हरकतें की और संबंध बनाने की मांग की। जब महिला ने इनकार कर दिया, तो उसने कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया और उसे अनुचित तरीके से टच किया। पुलिस कांस्टेबल के इस हरकत को एक स्टेशन पर चल रहे राहगीर ने देखा और कांस्टेबल के पास गया और पूछताछ करने लगा। जिसके कारण अन्य पुलिसकर्मी वहां आ गए। हालांकि महिला अपमान के डर से, महिला ने उस समय शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया और चुपचाप स्टेशन से चली गई।

## महाराष्ट्र में हिंदी अब अनिवार्य भाषा नहीं होगी

# नियम और शर्तों के आधार पर बच्चों को भाषा चुनने का अधिकार



मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। हिंदी भाषा को लेकर महाराष्ट्र सरकार का एक और नया जी।आर। (सरकारी संकल्प) यानी सरकारी आदेश सामने आया है। हिंदी को तृतीय भाषा अनिवार्य करने को लेकर चल रहे विवाद के बाद सरकार ने नया आदेश जारी करते हुए यह साफ कर दिया है कि हिंदी अब वैकल्पिक भाषा होगी। प्रदेश में हिंदी अब अनिवार्य भाषा नहीं होगी। हिंदी तृतीय भाषा के रूप में सामान्य रूप से अध्ययन के लिए लागू की जाएगी। अगर कोई भी विद्यार्थी हिंदी के बजाय किसी अन्य भाषा को सीखना चाहता है तो उसे इसकी छूट होगी लेकिन उसे भाषा को सीखने के लिए कम से कम कक्षा में 20 विद्यार्थी होने चाहिए। अगर ऐसा होता है तभी स्कूल में संबंधित भाषा का अध्यापक नियुक्त किया जाएगा यानी कि अब हिंदी सर्वसाधारण तृतीय भाषा होगी। सरकार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य पाठ्यक्रम रूपरेखा स्कूल शिक्षा 2024 के अनुसार, अब से कक्षा 1 से 5 तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी अनिवार्य भाषा अब नहीं होगी। सरकारी आदेश में कहा गया है कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के लिए हिंदी को पढ़ाया जाएगा। अगर छात्र हिंदी के बजाय तीसरी भाषा के रूप में अन्य भारतीय भाषाओं में से किसी एक को पढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन छात्रों को उस भाषा को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि उनके स्कूल में ऐसे छात्रों की संख्या जो हिंदी के बजाय तीसरी भाषा के रूप में अन्य भाषाओं को पढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हैं, कक्षावार कम से कम 20 होनी चाहिए। तभी हिंदी के बजाय किसी अन्य भाषा को पढ़ाया जाएगा।

# हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

## युवती के अपनी पसंद से विवाह करने पर परिवार की आपत्ति तिरस्कार योग्य



प्रयागराज, 18 जून (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि 27 वर्षीय युवती के अपनी पसंद से विवाह करने पर परिवार की आपत्ति तिरस्कार योग्य है। किसी भी वयस्क को अपनी पसंद के जीवनसाथी के चुनाव का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने युवती को संरक्षण प्रदान करते हुए उसके परिवार की ओर से विवाह के फैसले में हस्तक्षेप की कड़ी निंदा की। साथ ही युवती की ओर से दर्ज कराए मुकदमे को रद्द कराने पहुंचे परिजनों की अगले आदेश तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की खंडपीठ ने मिर्जापुर निवासी व तीन अन्य की याचिका पर दिया है। मिर्जापुर के चिल्ह थाने में युवती ने अपने परिजनों और तीन अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि अपनी पसंद के युवक से विवाह करने पर उसे अपहरण की धमकी दी जा रही है। दर्ज मुकदमे को रद्द करने के लिए परिजनों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है, लेकिन साथ ही उन्हें युवती के जीवन में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से सख्ती से मना किया है। अदालत ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा, याचिकाकर्ता चौथे प्रतिवादी (महिला) से न तो सीधे और न ही किसी माध्यम से संपर्क करेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार व अन्य प्राधिकरणों को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

# मधुबनी डीएम-एसपी ऑफिस की होगी नीलामी

## कोर्ट के आदेश के बाद कलेक्ट्रेट के गेट पर नोटिस चस्पा



मधुबनी, 18 जून (एजेंसियां)। मधुबनी कलेक्ट्रेट को नीलाम करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। अदालत ने मधुबनी कलेक्ट्रेट को नोटिस जारी कर अधिकारियों से कहा है कि वे कोलकाता स्थित राधे कृष्ण एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 15 दिनों के भीतर 4.17 करोड़ रुपये का भुगतान करें, अन्यथा इसकी अचल संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। अदालत के आदेश के बाद मधुबनी कलेक्ट्रेट को एक नोटिस मिला, जिसमें कहा गया था कि इसके परिसर को 15 दिनों के भीतर नीलाम किया जा सकता है। कलेक्ट्रेट में जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अन्य शीर्ष जिला अधिकारियों के कार्यालय हैं।

**मधुबनी कलेक्ट्रेट पर 4 करोड़ 17 लाख रुपये बकाया**

मधुबनी कोर्ट के आदेश के बाद मधुबनी कलेक्ट्रेट के गेट पर एक नोटिस चिपका दिया गया है। मधुबनी कलेक्ट्रेट पर ब्याज सहित 4 करोड़ 17 लाख रुपये बकाया है। नोटिस में लिखा है कि कोलकाता स्थित डिक्री-धारक राधाकृष्ण एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 15 दिनों के भीतर भुगतान किया जाना चाहिए। मामला पंडौल प्रखंड स्थित पंडौल सहकारी कताई मिल से जुड़ा है।

**जाने पूरा मामला**

अगस्त 2014 में हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश माननीय घनश्याम प्रसाद ने मेसर्स राधाकृष्ण एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रतन कुमार केडिया बनाम सहकारी कताई मिल पंडौल, बिहार सरकार व अन्य मामले में आदेश पारित किया था। आदेश में प्रतिवादियों को 28.90 लाख रुपये अग्रिम भुगतान, 2.70 लाख रुपये मुआवजा व 1.80 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च के रूप में देने का निर्देश दिया था। निर्धारित समय के अंदर भुगतान न करने पर 18 फीसदी ब्याज भी देने का आदेश दिया था।

**कंपनी ने 2016 में दर्ज कराया था मामला**

आदेश का पालन नहीं होने पर कंपनी ने अनुपालन कराने के लिए 2016 में मधुबनी कोर्ट में मामला दर्ज कराया था। सहकारी कताई मिल सरकारी प्रबंधन के अधीन थी और 1997 में बंद हो गई थी। उस समय कंपनी व मिल अधिकारियों के बीच समझौता हुआ था कि सरकार मिल का संचालन करेगी और कंपनी पूंजी व कच्चा माल उपलब्ध कराएगी। अगर 2014 में 33.44 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया होता तो यह राशि बढ़कर 4.17 करोड़ रुपए नहीं होती और कलेक्ट्रेट की नीलामी से बचा जा सकता था। हालांकि, अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

# पीलीभीत में सपा कार्यालय खाली कराने पर हंगामा-धक्कामुक्की

**जिलाध्यक्ष समेत 15 पदाधिकारी हिरासत में**



पीलीभीत, 18 जून (एजेंसियां)। पीलीभीत में नगर पालिका ईओ के आवास में संचालित समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला कार्यालय को खाली कराने की प्रक्रिया बुधवार सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, ईओ संजीव कुमार समेत अन्य अफसर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सपा कार्यालय से सटे एक अन्य कमरे का ताला तोड़ा गया। इसकी जानकारी मिलते ही सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा समेत तमाम नेता और कार्यकर्ता भी पहुंच गए। कार्रवाई को लेकर सपा जिलाध्यक्ष की अफसरों से बहस भी हुई। इस दौरान पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष को धक्का देकर हटा दिया। इस दौरान हंगामा भी हुआ। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा समेत 15 पदाधिकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया। नगर पालिका ने भवन पर कब्जा लेकर अपना ताला डाल दिया। शहर के नकटादाना चौराहा पर नगर पालिका के ईओ का आवास है। वर्ष 2006 में पालिका की ओर से इस आवासीय भवन को समाजवादी पार्टी के कार्यालय के लिए आवंटित किया गया था। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में आवंटन का कार्यकाल समाप्त हो गया, लेकिन इसके बाद भी कार्यालय संचालित किया जाता रहा। एक माह पूर्व कार्यालय को खाली कराने को लेकर पालिका प्रशासन की ओर से कवायद शुरू की गई थी।

# बुलंदशहर में दर्दनाक हादसा, पुलिया से टकराकर पलटी कार

## आग लगने से मासूम समेत पांच लोग जिंदा जले; एक घायल

बुलंदशहर, 18 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई और फिर आग लग गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मौकेपर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जहांगीराबाद थाना इलाके में जहांगीराबाद-बुलंदशहर मार्ग पर गांव चांदौक चौराहे के पास बदायूं की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित एक पुलिया से टकरा गई। कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार एक मासूम समेत कुल पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, हादसे में एक युवती की हालत



गंभीर है। जिसका उपचार चल रहा है। ये सभी बदायूं में शादी समारोह से दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताई जा रही है। बदायूं जिले के थाना सहसवान के गांव चमनपुरा निवासी तनवीर अहमद दिल्ली में रहते हैं। देर रात उनकी पुत्रियां गुलनाज, मोमिना, पुत्र तनवीज अहमद, एक अन्य किशोरी निदा उर्फ जेवा और जुबेर अली निवासी खैरपुर बल्ली थाना सहसवान के साथ उनका दो वर्षीय पुत्र जैनुल बुधवार सुबह कार से दिल्ली जाने के लिए निकले थे। जहांगीराबाद थाना इलाके में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें मोमिना, तनवीज, निदा, जुबेर अली और दो वर्षीय जैनुल की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से झुलसी गुलनाज का उपचार चल रहा है।

## आम ला रही मैक्स पलटी चार की मौके पर मौत

आगरा, 18 जून (एजेंसियां)। आगरा के थाना ट्रांस क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। अचानक मैक्स गाड़ी अनियंत्रित हो गई। चालक उसे संभाल नहीं पाया। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट गई। इस दौरान हाईवे किनारे सुबह-सुबह टहलने के लिए निकले तीन लोग दब गए। वहीं चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर घायलों को उपचार के लिए जब तक अस्पताल भेजा जाता, तब तक चार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मैक्स गाड़ी का परिचालक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# भर्ती पर योगी सरकार के प्रचार पर भड़कीं मायावती

## दिलाई अपने कार्यकाल की याद, किया बड़ा दावा



लखनऊ, 18 जून (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उत्तर प्रदेश में हाल के दिनों में संपन्न हुई 60,244 पुलिस भर्ती पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सिलसिलेवार दो एक्स पोस्ट्स में आरोप लगाया कि सरकार जिस तरह से भर्ती को प्रचारित कर रही है, उससे लग रहा है है कि यह कोई नई बात है। मायावती ने, 18 जून को एक के बाद एक दो पोस्ट कर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखआ कि "यूपी में अभी हाल ही में हुई सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि पुलिस में ऐसी भर्ती रूटीन कार्य है, ताकि बैकलॉग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किंतु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या? यही आम चिंता।"

**दिलाई अपनी सरकार की याद**

अपने दूसरे पोस्ट में मायावती ने अपनी सरकार के कार्यकाल की याद दिलाई। उन्होंने लिखा, "जबकि बीएसपी की मेरी सरकार में यूपी में 'कानून द्वारा कानून का राज' का न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया, जिस शांति व्यवस्था का लाभ बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिला, जिसकी अब काफी कमी है।" मायावती के इस बयान को राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था और पुलिस भर्ती प्रक्रिया पर प्रत्यक्ष हमला माना जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि उनकी सरकार में पुलिस भर्ती पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर होती थी और इसका फायदा सभी वर्गों को मिला करता था।

## रेल लाइन के पास मोर्टार सेल मिलने पर मची खलबली, बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय

बरेली, 18 जून (एजेंसियां)। बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रेल लाइन के किनारे मिट्टी डालते समय सेना का मोर्टार सेल मिला है। सूचना पर पुलिस और सेना की यूनिट मौके पर पहुंच गई। मोर्टार सेल को सेना के बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। मामले में जांच की जा रही है। छानबीन की जा रही है कि मोर्टार सेल यहां तक कैसे पहुंचा। रेल लाइन से कुछ दूरी पर ही सैन्य क्षेत्र भी है। दो दिन भारी बारिश के दौरान कई स्थानों पर रेल लाइन की मिट्टी धंस गई है। इन स्थानों पर जेसीबी के जरिये मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। मंगलवार रात एक बजे सुभाषनगर में रेल लाइन के किनारे मिट्टी डालने का काम किया जा रहा था। यहां काम में लगे श्रमिकों को मिट्टी के ढेर में संदिग्ध वस्तु मिली।

## अस्पताल में हो रही थी 'हुस्न की होम डिलीवरी' सिक्योरिटी गार्ड के इशारे पर खुल गई कहानी



कटिहार, 18 जून (एजेंसियां)। बिहार के कटिहार सदर अस्पताल से सेक्स रैकेट का संचालन हो रहा था। इस हैरान करने वाला मामले सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है। सदर अस्पताल परिसर से दो महिलाओं को गार्ड ने देह व्यापार के आरोप में रंगे हाथ पकड़ा तो हड़कंप मच गया। सिक्योरिटी गार्ड की सतर्कता से पूरे मामले का खुलासा हुआ। रात के अंधेरे में सदर अस्पताल में सेक्स वर्कर के पकड़ने जाने की खबर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि वो शहर के अलग-अलग हिस्सों में घुमकर देह व्यापार का धंधा करती हैं। दोनों महिलाओं मे से एक सदर अस्पताल में ही काम करती है। इन सभी ने अस्पताल को एक सुरक्षित ठिकाने के रूप में समझकर इसको अपना केंद्र बनाया। अस्पताल में रहकर ही ये रात में शहर के अन्य हिस्सों में गलत काम करने जाया करती है। संदेह तो ये भी जताया जा रहा है कि अस्पताल के कुछ कर्मी भी इस काम में शामिल हो सकते हैं। पुलिस जांच में ही इस पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। सिक्योरिटी गार्ड नवीन कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें पूर्व में सूचना मिली थी कि अस्पताल में रहकर कुछ महिलाएं गलत काम करती हैं। वो अस्पताल में रोजाना रात में आती हैं और देह व्यापार का धंधा करती हैं। अस्पताल के अंदर कोई कर्मचारी इनकी मदद या इनका इस्तेमाल करता है या नहीं ये पुलिस जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। वहीं, दोनों महिलाओं ने पूछताछ में इस बात को कबूल किया कि देह व्यापार के धंधे में शामिल हैं। एक रात में वो तीन से चार ग्राहकों के पास जाती हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में वो घुमकर देह व्यापार करती हैं।

# 'जमीन कब्जाने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



गोरखपुर, 18 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गृह क्षेत्र गोरखपुर में दो दिवसीय दौरे पर हैं, इसी क्रम में बुधवार सुबह हमेशा की तरह उन्होंने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके तत्काल समाधान के निर्देश दिए। सीएम योगी ने इस दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जमीन पर कब्जा करने वालों पर कड़ी की जाए। सीएम योगी ने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन सुबह गोरखनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने गोशाला में गायों को गुड़ खिलाया और फिर मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बाहर से आए श्रद्धालुओं से उनका हालचाल लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ सभागार में जनता दर्शन में आए फरियादियों से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि जमीन कब्जा करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई हो। गरीबों को आयुष्मान कार्ड बनवाकर इलाज की सुविधा मिले। सीम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में विकास कार्यों के साथ कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की और कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। सीएम योगी ने बाढ़ बचाव की तैयारियों को लेकर जानकारी ली और तटबंधों को लेकर हो रहे कार्यों के बारे में भी पूछा। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ को लेकर 38 में 24 काम पूरे कर लिए गए है और बाकी कामों को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सीएम योगी ने नगर निगम और जीडीए के अधिकारियों को साफ़-सफाई की व्यवस्था करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी न हो। नियमित साफ़-सफाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर जाम नहीं लगना चाहिए। सड़कों के किनारे अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जाए। कोई नई झुग्गी-झोपड़ी न बसे इस पर खास ध्यान रखा जाए। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि सड़कों पर रेहड़ी-खोमचे लगाने वाले लोगों का सत्यापन हो। ये पता होना चाहिए कि वो कौन हैं और कहां से आया है।

# सीएम योगी के होर्डिंग से छेड़छाड़

**पुलिस अफसरों में मचा हड़कंप; खंगाली जा रही सीसीटीवी फुटेज**

साहिबाबाद, 18 जून (एजेंसियां)। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के हिंडन एयरफोर्स गोल चक्कर के पास लगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग के साथ किसी शरारती तत्व ने छेड़छाड़ कर दी। आरोपित ने मुख्यमंत्री के फोटो पर चेरहे के पास काले रंग की टेप लगा दी, जिससे उनका फोटो खराब हो गया। वहीं, सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने के बाद आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और होर्डिंग को हटवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। सुबह एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसमें दिखाई दे रहा था कि मुख्यमंत्री के होर्डिंग के साथ किसी ने खिलवाड़ किया है। उनके चहरे पर किसी ने टेप लगा दी। वीडियो प्रसारित करने वाले ने लिखा कि किसी ने मुख्यमंत्री की मूंछ बना दी। पुलिस ने जांच की तो यह बात गलत निकली। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मौके पर पुलिस को भेजकर जांच करवाई गई। जांच में आया कि पोस्टर फट गया था और किसी ने इसे टेप से चिपकाने का प्रयास किया लेकिन टेप गलत ढंग से लग गई। एसीपी ने बताया कि यह हरकत किसने की, इसका पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। छेड़छाड़ करने वाले को जल्द ही पकड़ा जाएगा। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मौके पर पुलिस को भेजकर जांच करवाई गई। जांच में आया कि पोस्टर फट गया था और किसी ने इसे टेप से चिपकाने का प्रयास किया लेकिन टेप गलत ढंग से लग गई।

## आरओ-एआरओ पेपर लीक में वांछित एक लाख का इनामी गिरफ्तार



प्रयागराज, 18 जून (एजेंसियां)। आरओ-एआरओ पेपर लीक प्रकरण में एक साल से वांछित एक लाख के इनामी को मंगलवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आयुष पांडेय कौशाम्बी के मंझनपुर से पकड़ा गया। 2024 में मंझनपुर थाने में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में पुलिस को उसकी तलाश थी। गैंगस्टर के मामले में इससे पहले 18 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। आरोपी आयुष मऊ जिले के रानीपुर थानाक्षेत्र के बभनपुरा का रहने वाला है। उसे करवरिया सुगर मिल के सामने मंझनपुर से रात 01:15 पर गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ अफसरों का कहना है कि वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिए जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस संबंध में डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में लगी टीम को आरोपी के बारे में सूचना मिली थी। पता चला था कि वह कहीं जाने वाला है। एसटीएफ के मुताबिक आयुष ने पूछताछ में बताया कि प्रयागराज में कोचिंग पढ़ाने के दौरान वह एक अन्य कोचिंग में पढ़ाने वाले नवीन सिंह के संपर्क में आया। वह आरओ/एआरओ की परीक्षा की तैयारी करवाते थे। नवीन ने वर्ष 2022 में आरओ/एआरओ की परीक्षा का पेपर उसे भेजा। यह पेपर नवीन को अरुण सिंह नामक व्यक्ति ने भेजा था। बाद में यह प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को उसने पांच-पांच लाख रुपये लेकर दिए। उसने अपने कई जानने वालों और तैयारी करने वाले अन्य अभ्यार्थियों को पेपर बेचा था।

# 'न राजा रघुवंशी बनना और न ही सौरभ'

## चंदौली में बिना झिझक पति ने बॉयफ्रेंड को सौंप दी बीवी



चंदौली, 18 जून (एजेंसियां)। मेरठ का सौरभ राजपूत हत्याकांड हो या इंदौर का राजा रघुवंशी मर्डर केस। इन दो मामलों के सामने आने के बाद पतियों में एक अजीब सा खौफ पैदा हो गया है। कहीं न कहीं पतियों में डर है कि हमारी पत्नियां भी हमारे साथ ऐसा ही सलूक ना कर दें। उत्तर प्रदेश के चंदौली में तो एक पति ने शादी के 10 दिन बाद ही अपनी पत्नी को चुपचाप उसके बॉयफ्रेंड को सौंप दिया। कहा- न ही मुझे राजा रघुवंशी बनना है और न ही सौरभ राजपूत। दरअसल, दोनों की हत्या उन्हीं की बीवियों ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के चलते कर दी थी। मामला मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के सैदपुरा गांव का है। यहां रहने वाले युवक शमशेर की शादी 4 जून को मवई खुर्द की रहने वाली युवती खुशी से हुई थी। शादी के बाद जब घर से मेहमान चले गए तो नई नवेली दुल्हन ने अपने पति से बाहर घूमने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद 14 जून को दोनों मुगलसराय आए। इस दौरान दोनों बाजार में चाट खाने लगे। चाट खाते समय विवाहिता अचानक गायब हो गई। पति इससे परेशान हो उठा। उसने पत्नी को खूब तलाशा, मगर वो नहीं मिली।

फिर पति ने मुगलसराय कोतवाली में बीवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की।

पुलिस ने विवाहिता को उसके प्रेमी के साथ वाराणसी से बरामद कर लिया। इसके बाद उसके पति को सूचना दी। सूचना मिलते ही पति शमशेर अपने परिवार के साथ मुगलसराय कोतवाली पहुंचा। वहां घंटों पंचायत चली। इस दौरान विवाहिता बालिग होने का हवाला देते हुए प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही।

इससे पहले पति शमशेर ने घटना के बाद मीडिया से कहा था कि न तो उसे ड्रम में पैक होकर मरना है और न ही खाई में गिरकर अपनी जान देनी है। पति ने पहले ही कहा था कि वह अब खुशी को अपने साथ नहीं रखेगा। बाद में सहमति के आधार पर पुलिस ने उसे प्रेमी के साथ रवाना कर दिया। विवाहिता का प्रेमी पास के ही मोहल्ले में रहता है। सीओ राजीव सिसोदिया ने बताया कि पूरे मामले में थाने पर घंटों पंचायत के बाद यह फैसला हुआ कि तीनों बालिग हैं और नवविवाहित खुशी अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती है। इस पर तीनों परिवारों ने सहमति जाहिर की और उसके बाद पुलिस ने खुशी को उसके प्रेमी सोनू के सुपुर्द कर दिया।

# महिला से लूट का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस ने लंगड़ा फाटक के पास से पकड़ा



लखनऊ, 18 जून (एजेंसियां)। आलमबाग पुलिस ने बुधवार की सुबह महिला से पर्स लूट के आरोपित को लंगड़ा फाटक मोड़ के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसके पास से असलहा, बाइक, नकदी, मोबाइल समेत अन्य सामान भी बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि छह जून को एक महिला मवैया मेट्रो स्टेशन के पास ई रिक्शे से जा रही थी। इसी बीच बदमाशों ने उसका बैग लूट लिया था। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश जारी थी। बुधवार की सुबह सूचना मिली कि आरोपित अपने साथी के साथ शहर से भागने की फिराक में है। इसी के आधार पर चेकिंग शुरू की गई। जांच के दौरान लंगड़ा फाटक के पास दो संदिग्ध बाइक सवारों को आता देख पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान सआदतगंज के वजीरबाग निवासी अनीश के रूप में हुई है। उसके पास से छह सौ रुपये, एक मोबाइल, बाइक, असलहा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने अनीश को गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर पहले से विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में उसे जिला बदर भी किया जा चुका है। वहीं, दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान सआदतगंज के वजीरबाग निवासी अनीश के रूप में हुई है। उसके पास से छह सौ रुपये, एक मोबाइल, बाइक, असलहा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने अनीश को गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर पहले से विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में उसे जिला बदर भी किया जा चुका है। वहीं, दूसरे साथी की तलाश की जा रही है।



# मंत्री मदन दिलावर बोले- मैं गौशालाओं के खिलाफ

## भड़के जूली ने सुनाई खरी-खोटी; क्या है पूरा विवाद?

जयपुर, 18 जून (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा गौशालाओं को लेकर दिए गए बयान ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। 17 जून को बर गांव की एक गोशाला के निरीक्षण के दौरान दिलावर ने कहा कि मैं गोशालाओं के खिलाफ हूं। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही विपक्षी कांग्रेस ने बीजेपी पर हमला बोल दिया।

दरअसल, पाली में निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने गोशाला की तारीफ की और कहा कि यह गायों की सेवा के साथ-साथ दुर्घटनाओं में घायल गोवंश की मदद भी करती है। इसी बीच दिलावर का बयान आया, जिसे वहां मौजूद



किसी ने रिकॉर्ड कर लिया।

**टीकाराम जूली ने तीन मंत्रियों को घेरा**

इधर, कांग्रेस ने इसे बीजेपी की गोसेवा के प्रति नीयत पर सवाल उठाने का मौका बना लिया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि गौमाता का अपमान, कब तक सहेगा राजस्थान? गौमाता के नाम पर वोट, असलियत में गौशालाओं के विरोध में भाजपा, यही है भाजपाइयों का असली चेहरा।

उन्होंने कहा कि गौसेवा की आड़ में राजनीति करने वाली भाजपा की असलियत अब खुद उनके राजस्थान सरकार के तीन मंत्री (मदन दिलावर, अविनाश गहलोत और ओटाराम देवासी) ही उजागर कर रहे हैं। भाजपा के मंत्री खुलेआम कह रहे है की भाजपा मैं (मंत्री) गौशाला के खिलाफ हूं।

जूली ने कहा कि जब भाजपा के मंत्री ही गौशालाओं के विरोध में बयानबाज़ी करें, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि "गौसेवा" भाजपा के लिए महज एक चुनावी हथियार है, न कि आस्था या संवेदनशीलता का विषय। यह भाजपा का दोहरा चरित्र है, जो गौमाता की सेवा के नाम पर किए जा रहे राजनीतिक ढोंग को उजागर कर रहा है।

यह जनता सब देख रही है भाजपाइयों।

**स्थानीय बीजेपी नेता ने क्या कहा?**

स्थानीय बीजेपी नेता राजेश मेवाड़ा ने भी दिलावर को बताया कि यह गोशाला कागजों पर नहीं, बल्कि वास्तविक सेवा के लिए जानी जाती है। इसके बावजूद, गोशाला के नाम जमीन तक दर्ज नहीं है।

इस पर दिलावर ने तुरंत अधिकारियों को भूमि आवंटन और अनुदान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। कोई समस्या हो तो मंत्री अविनाश गहलोत से संपर्क करें। उन्होंने गोशाला संचालकों और भामाशाहों की सराहना भी की।

# कांग्रेस के 2 विधायकों को मिली एक-एक साल की सजा, 11 साल पुराना है मामला

जयपुर, 18 जून (एजेंसियां)। जयपुर की जिला अदालत ने 11 साल पुराने एक मामले में कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को एक-एक साल की सजा सुनाई है। यह मामला 13 अगस्त 2014 का है, जब राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के बाहर जेएलएन मार्ग को करीब 20 मिनट तक जाम किया गया था। जयपुर महानगर प्रथम की एसीजेएम-19 अदालत ने सभी आरोपियों को रास्ता रोकने और विधि विरुद्ध जमावड़े का दोषी पाया। अदालत ने लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, शाहपुरा विधायक मनीष यादव और झोटवाड़ा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी के साथ-साथ राजेश मीणा, रवि किराड़, वसीम खान, द्रोण यादव, भानूप्रताप सिंह और विद्याधर मील को भी दोषी ठहराया। अभियोजन अधिकारी कविता पिंगोलिया ने बताया कि पुलिस ने 11 अगस्त 2016 को इस मामले में चालान पेश किया था। लंबे ट्रायल के बाद कोर्ट ने सभी नौ आरोपियों को सजा सुनाई। घटना के अनुसार, 13 अगस्त 2014 को राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के बाहर प्रदर्शन के दौरान जेएलएन मार्ग



को जाम कर दिया गया था। इस जाम के कारण आम लोगों को काफी परेशानी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोर्ट में चले ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोपियों की संलिप्तता साबित की।

सजा सुनाए जाने के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ आरोपियों को अपील दायर करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। वे सजा को स्थगित करने या रद्द करवाने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं। बता दें,कांग्रेस पार्टी ने अभी इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी के नेता इस फैसले के कानूनी पहलुओं की समीक्षा कर रहे हैं।

# कांग्रेस उदयपुर घोषणा पत्र के अनुसार टिकट बांटेगी

## पंचायत और निकाय चुनावों में 50:50 का फार्मूला

जयपुर, 18 जून (एजेंसियां)। आने वाले निकाय व पंचायत चुनावों में कांग्रेस उदयपुर डिक्लेरेशन के अनुसार टिकट बांटेगी। इसमें 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के युवाओं को दिए जाएंगे। हाईकमान के आदेशों के बाद राजस्थान में कांग्रेस इस फार्मूले पर काम करने में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पीसीसी में विधानसभा कोऑर्डिनेटर की बैठक में इसके निर्देश जारी किए।



उन्होंने कहा कि चुनावों के टिकट वितरण में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की प्रमुख भूमिका रहेगी। हम स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों में इस बार से 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के युवाओं को देंगे। हमें कांग्रेस हाईकमान से इसके निर्देश मिले हैं, जिनकी पालना होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा से लेकर स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों में उम्मीदवार तय करने में अब जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की राय भी मायने रखेगी। टिकट बंटवारे में जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों का फीडबैक लिया जाएगा।

पंचायती राज संस्थाओं में जिला प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, सरपंच और वार्ड पंच चुने जाते हैं। सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव अभी राजनीतिक दलों के सिंबल पर नहीं लड़े जाते हैं, बाकी सभी के चुनाव सिंबल पर होते हैं।

गौरतलब है कि सरकार ने वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सभी निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव एक साथ करवाने की घोषणा कर रखी है। राजस्थान में लगभग 7 हजार पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका है और सरकार ने अब यहां प्रशासक नियुक्त कर रखे हैं। वहीं शहरी निकायों में भी प्रशासक लगाए गए हैं। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा कई मौकों पर कह चुके हैं कि सरकार इस साल के अंत तक पंचायत और निकाय चुनाव वन स्टेट, वन इलेक्शन के फार्मूले के तहत करवा सकती है।

इधर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि इस बार से 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के युवाओं को देंगे। उन्होंने कहा- चुनावों के टिकट वितरण में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की प्रमुख भूमिका रहेगी। हम स्थानीय निकाय और पंचायतीराज चुनावों में इस बार से 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के युवाओं को देंगे। हमें कांग्रेस हाईकमान से इसके निर्देश मिले हैं, जिनकी पालना होगी।

कांग्रेस ने 2022 में उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में उदयपुर घोषणा पत्र जारी कर संगठन से जुड़े कई फैसले किए थे। उदयपुर घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम वालों को देने की घोषणा की थी, जिसे राजस्थान में आगे होने वाले स्थानीय चुनावों से लागू किया जा रहा है। कांग्रेस ने संगठन से जुड़े फैसलों को फेज मैनर में लागू करने की घोषणा की थी।

# 'मेरी पत्नी भाग गई है, ढूंढ दीजिए मंत्री जी'

## हाथ जोड़कर दिलावर के सामने बोला शख्स; क्या है मामला?

कोटा, 18 जून (एजेंसियां)। साहब, मेरी बीवी पड़ोसी के साथ भाग गई है, पुलिस कुछ नहीं कर रही, मेरी मदद करो! राजस्थान के कोटा जिले के रामगंजमंडी में आयोजित जनसमस्या समाधान शिविर में उस वक्त सभी चौंक गए जब एक व्यक्ति ने मंत्री से बेहद अनोखी और निजी फरियाद की।

यह मामला जनसुनवाई शिविर का है, जिसे रामगंजमंडी विधायक और प्रदेश सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने खुद आयोजित किया था। जनसमस्या समाधान शिविर में हर बार क्षेत्र के लोगों की छोटी-बड़ी शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ हटकर था।

खीमच गांव से पहुंचे धर्मेंद्र बैरवा, जो मोड़क थाना क्षेत्र का निवासी है, वह अपनी फरियाद लेकर मंत्री के सामने पहुंचा और कैमरों के सामने अपनी पूरी



आपबीती बयान कर दी। धर्मेंद्र ने कहा कि उसके ही गांव का रहने वाला पड़ोसी सोनू, उसकी पत्नी वर्षा को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। महिला न सिर्फ घर से चली गई, बल्कि जाते-जाते घर के सोने-चांदी के जेवर, नकदी, बैंक पासबुक और दो साल की मासूम बच्ची को भी अपने साथ ले गई।

धर्मेंद्र की मानें तो उसकी बड़ी बेटी मुस्कान (9 वर्ष) और प्रीति (5 वर्ष) अब उसके पास हैं और मां की याद में दिन-रात रोती हैं। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन एक माह बाद भी कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा है। यहां तक कि आरोपी के भाई से भी पुलिस ने कोई पूछताछ नहीं की, जबकि उसे पूरे मामले की जानकारी थी।

इस अनोखी और भावनात्मक फरियाद को सुनते ही शिविर में मौजूद लोग सन्न रह गए। मंत्री मदन दिलावर ने तुरंत एक्शन लेते हुए मौके पर मौजूद पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा को निर्देश दिए कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए और महिला की बरामदगी सुनिश्चित हो। डीएसपी घनश्याम मीणा ने बताया कि इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है और अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही महिला और बच्ची को बरामद कर लिया जाएगा, और आरोपी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में हर 15 दिन में इस तरह के जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें आमजन की शिकायतें सुनी जाती हैं। लेकिन इस बार की सुनवाई ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि मामला केवल घरेलू नहीं बल्कि सामाजिक तानेबाने से भी जुड़ा नजर आया।

# बीजेपी ने पूर्व सांसद की बहू हर्षिनी कुल्हरी को झुंझुनूं से क्यों बनाया जिलाध्यक्ष?

झुंझुनू, 18 जून (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी को पार्टी के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जिले में भाजपा ने पहली बार महिला को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है। जाट समाज से भी पहली बार किसी को भाजपा जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

हर्षिनी के ससुर नरेन्द्र कुमार प्रधान, विधायक व सांसद रह चुके। कुल्हरी को जिला अध्यक्ष बनाने में उनका भी बड़ा योगदान माना जा रहा है। हर्षिनी खुद भी पार्टी के हर छोटे बड़े कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों ने मिठाई बांटी व



पटाखे छोड़कर जश्न मनाया।

**इसलिए बनी जिलाध्यक्ष**

जिलाध्यक्ष पद पर अब से पहले चौदह व्यक्ति रह चुके। माना जा रहा है कि जाट समाज को साधने व उनको पार्टी में ज्यादा संया में जोड़ने के लिए इस बार जाट समाज से जिलाध्यक्ष बनाया गया है। हर्षिनी किसी गुट से भी नहीं जुड़ी हुई हैं। भाजपा का मानना है कि उनको पद देने से पार्टी में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी।

उनके ससुर नरेन्द्र कुमार ने मंडावा में पहली बार भाजपा का कमल खिलाया था। लेकिन इस बार उनको सांसद का टिकट नहीं दिया गया था। वैसे तो जिलाध्यक्ष की दौड़ में कई नेता शामिल थे, लेकिन कई नामों को लेकर विरोध था। विरोध जयपुर व दिल्ली तक दर्ज कराया गया था। हर्षिनी को लेकर कोई विरोध सामने नहीं आया।

# लड़ते हुए सांडों से बचने भागा युवक असंतुलित होकर कुएं में गिरा

## अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

अलवर, 18 जून (एजेंसियां)। जिले के रेणी थाना क्षेत्र के टहटडा गांव में एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब युवक खेत से लौट रहा था और रास्ते में लड़ते हुए दो आवारा सांडों से बचने की कोशिश में संतुलन बिगड़ने से कुएं में जा गिरा।

मृतक की पहचान टहटडा निवासी नीरज कुमार बैरवा पुत्र राजाराम बैरवा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नीरज सोमवार शाम करीब 4 बजे खेत में काम कर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक कुएं के पास दो आवारा सांड आपस में लड़ रहे थे। सांडों से बचने की कोशिश में नीरज भागा और घबराहट में संतुलन खो बैठा और कुएं में गिर गया।

हादसे के समय पास के खेत में काम कर रही एक महिला ने घटना को देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नीरज को कुएं से बाहर निकाला। पहले उसे रेणी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अलवर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। इलाज के दौरान नीरज की मौत हो गई।

नीरज पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसने पढ़ाई छोड़कर अपने पिता के साथ पेंटिंग और रंग-रोगन का कार्य शुरू कर दिया था।

# मुख्यमंत्री के सांचौर दौरे से पहले सियासी संग्राम तेज, पूर्व मंत्री ने किया विरोध का ऐलान

जालौर, 18 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 18 जून को सांचौर दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वे नर्मदा नहर के किनारे स्थित सीलू के नर्मदेश्वर घाट पर पूजा-अर्चना कर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शुरुआत करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। हालांकि दौरे से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। सांचौर के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने इस कार्यक्रम के विरोध का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री का यह दौरा प्रदेश सरकार के जल संरक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से तय हुआ है। वे धार्मिक अनुष्ठान के बाद जनजागरूकता अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसमें जल



संरक्षण की आवश्यकता और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी।

पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान सांचौर को जिला घोषित किया गया था, जिससे क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई थी लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही यह दर्जा वापस ले लिया, जो क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने इस निर्णय को जनविरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री के दौरे का विरोध करने और आमजन से बहिष्कार की अपील की है।

इस घटनाक्रम के चलते सांचौर का राजनीतिक तापमान चढ़ गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# भाई और जीजा ने शादीशुदा बहन और 11 माह के बच्चे की हत्या की

धौलपुर, 18 जून (एजेंसियां)। शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऑनर किलिंग का मामला सामने आया था। भाई और जीजा ने मिलकर 22 वर्षीय शादीशुदा ट्विंकल की स्टेशन के पास हत्या की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही उसके 11 माह के बच्चे बेरहमी से हाथ-पैर तोडकर रेलवे लाइन पर रख दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्विंकल ने करीब डेढ़ साल पहले अपनी मर्जी से युवक विपिन के शादी कर ली थी, जिससे उसके एक बच्चा भी है। उक्त घटनाक्रम से भाई नितिन व अन्य परिजन खफा चल रहे थे। उधर, सनसनीखेज मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपित जीजा मिथुन निवासी सुंदरपुर थाना सदर धौलपुर को पकड़ा है। साथ ही कोतवाली पुलिस ने आगरा जिले के सैंया थाने के गांव तेहरा से मृतका के पिता श्रीकुमार को भी हिरासत में लिया है। जबकि हत्याकांड में शामिल रहा मृतका का भाई नितिन फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने दोंनों के शवों को देर रात जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। फिलहाल घटनाक्रम को लेकर पुलिस ज्यादा कुछ बताने से कतरा रही है। पुलिस पकड़े आरोपित जीजा से पूछताछ करने में जुटी है।

आरोपित जीजा ने पूछताछ में बताया कि वह और नितिन मिलकर ट्विंकल को स्टेशन से कुछ दूरी पर मालगोदाम के पास ले गए। यहां पर सभी बहस हुई। जिसके बाद गुस्से में ट्विंकल की गर्दन पर ब्लैड से वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद आरोपितों ने ट्विंकल के 11 माह के मासूम बच्चे के बेरहमी से हाथ-पैर तोड़ दिए। इनके भी

# नाले में मिला वृद्ध का शव, मगरमच्छ के हमले की आशंका

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

चित्तौड़गढ़, 18 जून (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना क्षेत्र के आजोलिया का खेड़ा गांव निवासी एक वृद्ध का शव चार दिन बाद नाले में तैरता मिला। आशंका जताई जा रही है कि वृद्ध की मौत मगरमच्छ के हमले में हुई है। इसी नाले में एक भैंस के अवशेष भी मिले हैं, जिसे भी मगरमच्छ ने ही शिकार बनाया बताया जा रहा है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हिंदुस्तान जिंक प्रबंधन के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है।

आजोलिया का खेड़ा निवासी प्रभु पुत्र रामा तेली (70) चार दिन पहले गांव के पास भैंसे चराने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और अगले दिन गंगरार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। वृद्ध के साथ भैंस भी गायब थी, जिसे लेकर परिजन काफी चिंतित थे।

तलाशी के दौरान कुछ ग्रामीणों ने हिंदुस्तान जिंक के पास स्थित नाले में एक मृत भैंस के अवशेष देखे। वहीं किनारे पर वृद्ध के कपड़े भी पड़े मिले। इस पर गांव के कमलेश तेली ने ड्रोन की मदद से नाले की निगरानी की, जिसमें नाले के बीच वृद्ध का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। घनी घास के कारण शव पहले नजर नहीं आ रहा था।

सूचना पर गंगरार थानाधिकारी डीपी दाधीच टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सिविल डिफेंस की टीम को भी बुलाया गया। नाले में मगरमच्छ की मौजूदगी के चलते शुरुआत में शव निकालने में कठिनाई हुई। ग्रामीणों के अनुसार, यह नाला बेड़च नदी से जुड़ा हुआ है और इसमें लंबे समय से मगरमच्छों की मौजूदगी की बात कही जा रही है। कई लोग दावा कर रहे हैं कि यहां एक से अधिक मगरमच्छ हैं, जो अक्सर मवेशियों और छोटे जंगली जानवरों को शिकार बना लेते हैं।

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। गंगरार सीआई डीपी दाधीच ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भैंस को मगरमच्छ ने पानी में खींच लिया होगा, जिसे बचाने के प्रयास में वृद्ध भी नाले में उतरा होगा और मगरमच्छ का शिकार बन गया होगा। पशु चिकित्सक ने भी भैंस की मौत मगरमच्छ के हमले से होना बताया है। हालांकि वृद्ध की मौत के असल कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

इस घटना के बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया। लोगों ने जिंक प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हिंदुस्तान जिंक गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया है। मौके पर पुलिस बल तैनात है और फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है।

# देवर बोला भाभी के कई लोगों के साथ अवैध संबंध

## प्रेमियों से करवाती थी पति की पिटाई, अब मर्डर करके बता दिया सुसाइड

अजमेर, 18 जून (एजेंसियां)। बहरोड़ के रीको औद्योगिक क्षेत्र फेज दो में हाईवे स्थित उपवन हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले एक व्यक्ति ने सोमवार रात को फ्लैट में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना को लेकर मृतक मामराज के भाई राकेश सिंह ने अपनी ही भाभी व उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या करने की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मावंडा नीमकाथाना सीकर निवासी मामराज पुत्र शंकर सिंह उपवन हाउसिंग सोसायटी के फ्लैट में परिवार सहित रहता था। जिसने सोमवार रात को फ्लैट में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना को लेकर मृतक के भाई राकेश सिंह ने मामला दर्ज कराया है कि उसका भाई 15 जून को एक माह बाद उसकी बहन के पास से सोसायटी में आया था। क्योंकि उसकी पत्नी ममता उसे पूर्व में अपने प्रेमियों से अनेक बार पिटवा चुकी थी। जिसके कारण उसे हत्या का भय था। ऐसे में वह एक माह तक बहन कमलेश के पास था और 15 जून को उसके पास से सोसायटी में आया था। सोसायटी में मामराज की पत्नी ममता ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी। 15 जून को भी मामराज को उसकी पत्नी ने अज्ञात लोगों से मिलकर पिटवा दिया था। वहीं एक माह पहले उसकी भाभी सोसायटी में ही रहने वाले डॉ. राजसिंह के साथ घूमने के लिए गई थी और उसके कई लोगों के साथ अवैध सबंध है।

## इमिग्रेशन कंसल्टेंसी के निदेशक गिरफ्तार

**दर्जनों नौकरी वीजा चाहने वालों को धोखा देने का आरोप**

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना अपराध जांच विभाग ने बुधवार को ईगल एक्सपर्ट इमिग्रेशन कंसल्टेंसी के निदेशक को दर्जनों नौकरी चाहने वालों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति सरोज शिशवंत थोरात उर्फ सरोज भरत कुमार ने अन्य लोगों के साथ मिलकर तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और अन्य राज्यों के 100 लोगों को दक्षिणी यूरोप के द्वीपीय देश माल्टा में नौकरी दिलाने का वादा कर ठगा था और प्रत्येक पीड़ित से 5 लाख रुपये वसूले थे। जब पीड़ितों को एहसास हुआ कि कंसल्टेंसी ने उनके साथ धोखा किया है तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और फर्म के निदेशक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज किया और बाद में इसे अपराध जांच विभाग को सौंप दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में शामिल शेष संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# बीआरएस नेता राजनीतिक लाभ के लिए झूठ फैला रहे हैं : रेवंत रेड्डी

## राजनीति से परे तेलंगाना के हितों के लिए सभी लोग एक साथ आएं



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बानाकाचर पर सर्वदलीय सांसदों की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि चाहे कोई भी मुद्दा सामने आए, बीआरएस नेता राजनीतिक लाभ के लिए झूठ फैला रहे हैं। जब वे सत्ता में थे, तब वे क्या बोलते थे। अब सत्ता खोने के बाद वे क्या बोल रहे हैं। वे भावनाओं के साथ पार्टी को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को उनकी मुश्किलों से उबारने के लिए सिंचाई परियोजनाएं बनाईं। हम केसीआर और हरीश के किसी भी सुझाव या सहयोग को पूरी समझ के साथ स्वीकार करेंगे। लेकिन वे दुर्भावनापूर्ण इरादे से राजनीतिक लाभ के लिए हमारी आलोचना कर रहे हैं। 21-9-2016 को तत्कालीन सिंचाई मंत्री हरीश राव और तत्कालीन मुख्यमंत्री केसीआर ने दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में आयोजित शीर्ष परिषद की बैठक में भाग लिया।

बैठक के 8 पन्नों के मिनट रिकॉर्ड किए गए। उस बैठक में 3 हजार टीएमसी केसीआर ने प्रस्ताव रखा कि गोदावरी का पानी समुद्र में मिलना चाहिए। रायलसीमा को पानी उपलब्ध कराने के लिए उस बैठक में नींव रखी गई थी। इस बैठक के मिनट हरीश राव गरु को भेजे जाएंगे। विभिन्न कारणों से इसे 2019 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 2019 में, केसीआर ने तत्कालीन एपी मुख्यमंत्री जगन से चार बार मुलाकात की और रायलसीमा को पानी हस्तांतरित करने का फैसला किया। उस बैठक का विवरण तत्कालीन मंत्रियों इटेला राजेंद्र और बुग्गना राजेंद्रनाथ रेड्डी ने एक प्रेस मीट में समझाया था। केसीआर ने कहा कि वे रायलसीमा को रत्नों की भूमि बना देंगे। आंध्र प्रदेश अब उन मुद्दों के बहाने आगे बढ़ रहा है, जिन पर केसीआर और चंद्रबाबू ने 2016 में गोदावरी-बनकाचारला को लेकर चर्चा की थी। केसीआर ने कहा कि कोई बेसिन नहीं है, कोई विवाद नहीं है। आंध्र प्रदेश 200 टीएमसी की परियोजना नहीं बल्कि 300 टीएमसी की परियोजना पर काम कर रहा है। केसीआर ने माना कि 400 टीएमसी ली जा सकती है। हम बहस में नहीं पड़ना चाहते थे। इसलिए हमने जल संसाधन मंत्रालय से शिकायत की कि तेलंगाना को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। हमारी सरकार ने कहीं भी लापरवाही नहीं बरती।

नतीजा यह हुआ कि हरीश बाल्टी लेकर हम पर कीचड़ उछालने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वे यह कहकर हम पर कीचड़ उछालने की कोशिश कर रहे हैं कि वे सत्ता में नहीं हैं। उन्होंने कभी तेलंगाना के हितों के लिए काम किया। उन्होंने पलामुरु जिलों में शुरू की गई किसी भी परियोजना को पूरा नहीं किया।उन्होंने दस साल में किसी भी लंबित परियोजना को पूरा नहीं किया। थुम्मिडीहेट्टी में परियोजना के साथ गुरुत्वाकर्षण सिंचाई प्रदान की गई। लाखों करोड़ रुपये से बनी परियोजना में, कमीशन के लालच में बनी परियोजना से एक लाख एकड़ में भी सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने ऐसी परियोजनाओं को हवा में छोड़ दिया है जो अगर वे दस साल में 2 लाख करोड़ खर्च करते तो कम लागत में पूरी हो सकती थीं। उन्होंने अपने घरों को भरने के लिए राज्य को लूटा। लेकिन हम लंबित परियोजनाओं को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर हम एसएलबीसी को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं और लोग मरते हैं, तो उन्हें राक्षसी खुशी मिलती है। कोई भी व्यक्ति कहीं भी मरता है, उसके चेहरे पर राक्षसी खुशी दिखाई देती है। हरीश राव को संयम से काम लेना चाहिए। झूठ के साथ समय बीत रहा है इसे जाने मत दो। आज हमने सच्चाई उजागर कर दी है। आप सिर पर दुपट्टा कहां रखोगे? क्या हमें सिंचाई परियोजनाओं, मेट्रो विस्तार, क्षेत्रीय रिंग रोड और मूसी सफाई परमिट के लिए केंद्र सरकार से नहीं मिलना चाहिए? अगर आप फंड देते हैं, तो हमें बताएं, हम आपके फार्महाउस में आएंगे। हमें 50 हजार करोड़ दें। हम सरकार की ओर से बॉन्ड जमा करेंगे।तेलंगाना राज्य के हित हमारे लिए महत्वपूर्ण ।हैं। इस मामले में हमारा कोई गलत इरादा नहीं है। हम सभी को मिलकर समस्याएँ समझाएँगे। हालाँकि, अगर न्याय नहीं हुआ, तो हम अदालतों का दरवाजा खटखटाएँगे। तेलंगाना सरकार सभी प्रक्रियाओं का पालन कर रही है और केंद्र को समस्याएँ समझा रही है। मैं चंद्रबाबू नायडू को सुझाव दे रहा हूँ। अगर आपको लगता है कि केंद्र में प्रभाव के कारण परियोजनाएँ पूरी हो जाएँगी, तो आप भ्रम में हैं। तेलंगाना राज्य के हितों की रक्षा के लिए हमारी अपनी योजना है। गोदावरी बेसिन में 3 हजार टीएमसी अतिरिक्त पानी है, तो तेलंगाना के पास 968 टीएमसी इस्तेमाल करने की पूरी अनुमति है। देने के बाद, आप अतिरिक्त पानी ले लेते हैं। केसीआर द्वारा तेलंगाना के साथ किए गए विश्वासघात के कारण पानी आंध्र प्रदेश जा रहा है। मेदिगड्डा एक दिल की तरह है। इसके बिना, उस परियोजना का कोई मतलब नहीं है। अगर लंबित परियोजनाएं दस साल में पूरी हो जातीं, तो तेलंगाना आज इस स्थिति में नहीं होता।

कृष्णा नदी का पानी जुराला में तेलंगाना में आता है। अगर उस पानी का इस्तेमाल किया जाता, तो यह स्थिति नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या केसीआर इसका कारण नहीं हैं? आप रायलसीमा परियोजनाओं से सहमत थे, है न? मोदी को चंद्रबाबू की जरूरत है, जैसे भगवान को अपने भक्त के साथ संबंध की जरूरत होती है। चंद्रबाबू को गोदावरी के पानी की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल हम केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से मिलेंगे और बानाकाचर पर अपनी आपत्तियों को बताएंगे. इसके लिए हम चाहते हैं कि राजनीति से परे तेलंगाना के हितों के लिए सभी लोग एक साथ आएं। सर्वदलीय बैठक में आने के बजाय किशन रेड्डी का केंद्रीय जल संसाधन मंत्री से मिलने का क्या मतलब है? कल हम जाकर मिलेंगे यह जानते हुए भी आज हमसे मिलने जाने के पीछे क्या साजिश है?

## विश्व ग्रामीण विकास दिवस पोस्टर जारी




हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में एकीकृत ग्रामीण विकास केंद्र (सीआईआरडीएपी), राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) और ग्रामीण आर्थिक और शैक्षिक विकास सोसायटी (रीड्स) ने आज हैदराबाद में एनआईआरडीपीआर परिसर में विश्व ग्रामीण विकास दिवस (डब्ल्यूआरडीडी) पोस्टर जारी किया। उद्घाटन भाषण के दौरान, मुख्य अतिथि, प्रो. अनिल के. गुप्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मौजूदा विकास ढांचे के भीतर आय असमानताएं और असमानताएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि एक उद्यम विकास मॉडल इस अंतर को पाटने में मदद कर सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आईटी क्षेत्र में शहरी स्टार्ट-अप के लिए आवंटित जोखिम पूंजी के समान, ग्रामीण स्टार्ट-अप के लिए उद्यम विकास को बढ़ावा देने के लिए समान समर्थन आवश्यक है, जो देश में समावेशी और एकीकृत विकास को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। एनआईआरडीपीआर के महानिदेशक डॉ. जी नरेंद्र कुमार, आईएएस ने कहा कि 1980 के दशक तक किए गए प्रयासों की तुलना में पिछले कुछ दशकों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण विकास की गति धीमी पड़ गई है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूआरडीडी के पालन से जमीनी स्तर पर अभिनव प्रथाओं को सीखने और समझने में सुविधा होगी, जैसे कि भारत की सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) की स्थानीयकरण पहल। सीआईआरडीएपी के महानिदेशक डॉ. पी. चंद्र शेखर ने विस्तार से बताया कि आरईईडीएस ने आंध्र प्रदेश सरकार के समर्थन से एक कार्यक्रम शुरू किया है, जहां राजनीतिक नेता और राज्य सरकार के अधिकारी 6 जुलाई, 2025 को विश्व ग्रामीण विकास दिवस के साथ आंध्र प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास नीतियों और कार्यक्रमों को साझा करने और सूचीबद्ध करने के लिए ग्रामीण समुदायों के साथ आमने-सामने चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने सभी सीआईआरडीएपी सदस्य देशों से अपने-अपने देशों में प्रभावशाली पहलों के माध्यम से डब्ल्यूआरआरडी मनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एकीकृत ग्रामीण विकास को साकार करने के लिए नीति निर्माण और कार्यान्वयन में ग्रामीण विकास एक केंद्र बिंदु होना चाहिए। रीड्स के मानद सचिव डॉ. रवि रेड्डी ने डब्ल्यूआरडीडी समारोह के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के साथ उनके द्वारा प्रस्तावित गतिविधियों पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में 11 सीआईआरडीएपी सदस्य देशों (सीएमसी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें इंडोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, वियतनाम, लाओ पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड, फिजी, फिलीपींस, बांग्लादेश और भारत शामिल हैं।

## बलात्कार मामले में 10 साल की जेल और 40 हजार जुर्माना

कुमरमभीम आसिफाबाद, 18 जून ( स्वतंत्र वार्ता)। जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी. रमेश ने कुमरम भीम आसिफाबाद जिले के कौटाला मंडल के गुरुदु पेटा गांव के एक व्यक्ति को बलात्कार के मामले में 10 साल की जेल और 40,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला एसपी कांतिलाल पाटिल द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार कौटाला मंडल के गुरुदुपेट गांव की 22 वर्षीय लड़की 10वीं कक्षा में पढ़ती थी और फिर उसने स्कूल छोड़ दिया और एक घरेलू नौकरानी के रूप में रहती थी। उसके घर के पास रहने वाला निकोदा नरेश (उम्र 22) ने पिछले कुछ दिनों से उसका पीछा कर रहा था। लेकिन लड़की ने 21 मई, 2017 को चिंतामनपल्ली मंडल के एक व्यक्ति से शादी कर ली। शादी के बाद भी नरेश कई बार लड़की को परेशान करता था, इस दौरान लड़की और उसके पति के बीच नरेश को लेकर कई बार बहस हुई। 16 अक्टूबर, 2020 को कौटाला पुलिस स्टेशन में पीड़ित लड़की द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, तत्कालीन कौटाला एएसआई शिवाजी (प्रथम आई. ओ.) ने मामला दर्ज किया बी. श्रीनिवास कौटाला सीआई और तीसरे आईओ बी. स्वामी कौटाला ने जांच कर उसे कोर्ट में पेश किया। पी.पी. जगनमोहन राव, सीडीओ और लाइसेंसिंग अधिकारी राम सिंह एएसआई और सीडीओ बालाजी एएसआई ने सबूत पेश किए। गवाहों की जांच और अपराध साबित करने के बाद, न्यायाधीश ने कहा कि जिला न्यायाधीश ने आरोपी निकोदा नरेश को 10 साल की जेल और 40,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जिला एसपी ने वर्तमान कागजनगर डीएसपी रामानुजम, कौटाला सीआई मुत्यम रमेश, कौटाला एसआई विजय और अन्य पुलिस कर्मियों को मामले में आरोपी को सजा दिलाने के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

दक्षिण मध्य रेलवे

जीवाय/डीएसएल/02/एयुक्स मोटर्स/2025 दि.11-06-2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय यांत्रिक अभियंता/डिजेल/गूटी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

कार्य विवरणः 2 वर्षों की अवधि के लिए इलेक्ट्रिक लोकोस के आक्सीलरी मोटर्स की मरम्मत/ रेहाबिलिटेशन एवम् रि-वाइण्डिंग करना। अनुमानित लागतःरु.32,47,071.06 (रु.बत्तीस लाख सैंतालिस हजार इकहत्तर तथा छह पैसे मात्र) जीएसटी सहित, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रु.65,000.00 (रु. पैंसठ हजार मात्र)

बंद करने की तिथि व समयः 4-7-2025 के दोप.12.00 बजे बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें, किसी भी शुध्दिपत्र को केवल आनलाईन पर ही जारी किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय यांत्रिक अभियंता, डीएसएल, गूटी

निविदा सूचना सं.एलजीडी/एल/05/2025-26/ओटी दि.16-06-2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय.सीईई/एलजीडीएस द्वारा तत्संबंधित निविदा सं. एलजीडी/एल/05/2025-26/ओटी-ई-टेंडर -बंद करने की तिथि 7-7-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

बोलीदाताओं द्वारा अपने अपने मूल/संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित बंद करने की तिथि एवम् समय तक ही, प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में मैन्युएल आफर्स या प्रस्तावों की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा। ठेकेदारों को अनुमति दी जाती है कि, इस निविदा के पूर्व धरोहर राशि (बोली सुरक्षा राशि) का भुगतान ई-पेमेन्ट गेटवे द्वारा नकद रूप में करें अथवा भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारण्टी बाण्ड के रूप में प्रस्तुत करें या निविदा दस्तावेजों में विवरित निर्देशोंसुसार तत्संबंधित भुगतान करें। यह बैंक गारण्टी बाण्ड, बोली वैधता अवधि से परे, 60 दिनों तक वैध होना चाहिए। मूल बैंक गारण्टी बाण्ड को, व्यक्तिगत रूप में, बोलियों की प्रस्तुति की निर्धारित 5 कार्यालयीन दिनों के भीतर, निविदा दस्तावेज में सूचित पतानुसार, नामित पदाधिकारी को प्रदान करना चाहिए। ई-टेन्डरिंग पोर्टल (आईआरईपीएस) पर, निर्धारित अवधि के भीतर, बोली सहित बी.जी. की स्कैण्ड कापी की अपलोडिंग एवम् मूल बी.जी. की अप्रस्तुति पर, बोली या बिड को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जायेगा।

क्रम सं.01 निविदा सं. एलजीडी/एल/05/2025-26/ओटी कार्य विवरणः दो वर्ष की अवधि के लिए सीडब्ल्यूएम/एलजीडी के क्षेत्राधिकार के तहत विभिन्न क्षमताओं के एयर-कन्डीशनिंग ईकाईयों या यूनिट्स एवं एयर हैण्डलिंग यूनिट्स का वार्षिक रखरखाव ठेका। विज्ञापित मूल्य रु.20,40,098.58/(रु.बीस लाख चालीस हजार अट्ठानबे एवं अट्ठावन पैसे मात्र) बोली सुरक्षा राशिःरु. 40,800.00 कार्य पूरा करने की अवधिः स्वीकृति पत्र(एलसेप्टेन्स लेटर) जारी करने की तिथि से लेकर 24 महिने बंद करने की तिथिः 7-7-2025 के 15.00 बजे

वेबसाइट विवरणःwww.ireps.gov.in निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः उप मुख्य बिजली अभियंता, केरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद-500017

उप मुख्य बिजली अभियंता, सीडब्ल्यूएस, लालागुडा, सिकंदराबाद

ई-निविदा सूचना सं.डीआरएम/वर्क्स/एसएसे/61-63/2025/ओटी, दि.9-6-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.11-07-2025 के 14.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम सं. 01, ई-निविदा सं. 61 सीओ एससी 25 ओटी कार्य विवरणः बीबीसब्ल्यू-केजेडजे, केजेडजे-केआई, एससी-बीकेवी-पीआरएलआई, एमटीएमआई-जेएनपीडी तथा केएचएनपी-टीजेएलपी सेक्शनः सिकंदराबाद डिवीजन के 05 वर्षों की अवधि के लिए, एजेन्सी द्वारा(केवल आरडीएसओ से अनुमोदित फर्म द्वारा) कार्य पर ट्रैक माउण्टेड एंटीमेटिक गेज फेस लुब्रिकेटर्स की आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एवं रखरखाव कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य रु. 43,56,12,442.00 पूधराःरु.23,28,100.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 66 महिने, रखरखाव अवधि -शून्य

क्रम सं. 02, ई-निविदा सं. 62 सीआर एससी 25 ओटी कार्य विवरणः डीईएन/सीआर/एससी सेक्शन के तहत मानसून/भारी बरसात के दौरान वाटर लागिंग के विभिन्न आपदूचीत के दौरान स्थित पुलों पर जमा हुए बरसात के पानी को हटाना या डीवाटरिंग करना तथा सिल्ट या बरसात से जमा गंदगी को साफ करने का प्रस्तावित कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य रुः 35,69,996.00 पूधराःरु.71,400.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 09महिने, रखरखाव अवधि -शून्य

क्रम सं. 03, ई-निविदा सं. 63 एसडब्ल्यू एससी 25 ओटी कार्य विवरणः बीकेवी-पीआरएलआई सेक्शनः जेडबी-एमटीवी स्टेशनों के बीच 7x12.20एम पीएससी स्लैब सहित किमी 68/2-4 पर ब्रिज या पुल सं.96 इएसजी. 7x12.20एम जीबी के लिए पीएससी स्लैब सहित गिर्डर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेन्ट का प्रस्तावित कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य रुः2,75,21,811.00 पूधराःरु.2,87,600.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 09महिने, रखरखाव अवधि -36 महिने

निविदादाता तत्संबंधित में केवल ई-टेन्डरिंग द्वारा ही भाग ले सकते हैं तथा कोई भी मैन्युएल आफर्स अमान्य है।

सभी भावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरा का भुगतान केवल आनलाइन पेमेन्ट्स/बीजी द्वारा ही करें।

रेलवे प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए किसी भी निविदा को निरस्त या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

सभी भावी निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआईएन पहचान पत्र संख्या प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर सहित प्रस्तुत करें।

सीनि. डीइएन/को-आर्डिनेशन/सिकंदराबाद

ई-निविदा सूचना सं.20-2025 दि.17-06-2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय अभियंता/को-आर्ड./गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

बंद करने की तिथि व समयः दि.11-07-2025 के 15.00 बजे

क्रम सं.01 निविदा सं.-इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1866 कार्य विवरण-गुंटकल डिवीजनः धर्मावरम स्टेशन पर कोच वाटरिंग व्यवस्थाओं तथा तुरंत वाटरिंग सुविधाओं का अपग्रेडेशन या वृध्दि करना। विज्ञापित मूल्यःरु. 9,00,95,470.39, पूधराःरु. 6,00,500.00

क्रम सं.02 निविदा सं.-इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1867 कार्य विवरण- गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू । - डीएमएम-पीएके सेक्शनः ओपनिंग हट्स या झोपडियों की सुरक्षा या प्रोटेक्शन के लिए कम्पाउण्ड वाल की मरम्मत, वाटर पाइप लाइन की व्यवस्थाएं तथा सीसीआई,केसीएम,एससीयू, टीकेड,एससीयू, टीएटी केवीपी, वीएलडी,पीसीएल एवं डीसीयू स्टेशनों पर सर्विस बिल्डिंग्स के लिए शौचालयों की व्यवस्था। एसडब्ल्यू ।। - डीएमएम-पीएके सेक्शनःएससीयू एवं एमजीवी स्टेशनों पर बाउण्डरी वाल की मरम्मत। एसडब्ल्यू ।।। - एडीइएन/एमपीएल सब-डिवीजनः सीसीआई, केसीएम,केआरवाई,एससीयू, टीकेड, एससीयू टीएटी,केवीपी,एमपीएल,पीसीएल स्टेशनों तथा पीसीएल पर ट्रैक मशीन साइडिंग के लिए वाटर पाइप की मरम्मत करना। एसडब्ल्यू IV - एडीइएन/एमपीएल सब-डिवीजनः केआरवाई, एमपीएल व केसीएम स्टेशनों पर एसएसइ/पीवे यूनिट्स के लिए स्टोर शेड्स तथा स्टाफ टायलेट्स या शौचालयों की मरम्मत करना। विज्ञापित मूल्यःरु. 2,85,99,404.9, पूधराःरु.2,93,000.00

क्रम सं.03 निविदा सं.-इएनजीजी-जीटीएल-को-आर्ड-1868 कार्य विवरण-गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू । गुंटकल डिवीजनः जीटीएल डिवीजन के एआरटी एवं एमआरवी के लिए डिजास्टर मैनेजमेन्ट सुविधाओं में वृध्दि करना - (एआरटी/जीटीएल पर 64म्एम साइज के रूम का निर्माण कार्य)। एसडब्ल्यू 2, गुंटकल-कोचिंग डिपो/जीटीएल पर 04 रूम का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु.58,75,106.25 पूधराःरु.1,17,500.00

क्रम सं.04 निविदा सं.-इएनजीजी-जीटीएल-सेंट्रल-1869 कार्य विवरण-गुंटकल डिवीजनः विभिन्न स्टेशनों(फेज-II) (दो पैकेट) पर 14.00 किमी बाउण्डरी लम्बाई के लिए, गति 130 किमी प्रति घंटा से अधिक, ट्रैक के चहुंओर बाउण्डरी वाल का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु.13,92,29,998.32 पूधराःरु.8,46,200.00

किसी भी शुध्दिपत्र को केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

A0895 विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य/गुंटकल

निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी एवम् निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

# टीजीएसआरटीसी ने पहली महिला कंडक्टरों को सम्मानित किया



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी प्रबंधन ने आज उन तीन महिलाओं को सम्मानित किया, जो आरटीसी में पहली महिला कंडक्टर के रूप में शामिल हुईं और 28 साल की उत्कृष्ट सेवा पूरी की।

हैदराबाद बस भवन में दिलसुखनगर डिपो की श्रीदेवी और अनीता तथा मेहदीपट्टनम डिपो की शारदा को निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एमडी वीसी सज्जनार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर तीनों कंडक्टरों को प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। केंद्र सरकार के संगठन एसोसिएशन ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग्स (एएसआरटीयू) ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में कई वर्षों से कुशलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाली महिला कंडक्टरों को सम्मानित किया। इनमें टीजीएसआरटीसी की कंडक्टर श्रीदेवी, अनीता और शारदा भी शामिल थीं। इस संदर्भ में प्रबंधन ने आरटीसी में उनकी सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया।

इस सम्मान कार्यक्रम में संस्था के ईडी मुनिशेखर, सीपीएम उषा देवी, दिलसुख नगर डीएम सामथा और अन्य लोग शामिल हुए।

## आज मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय प्रबंधन एवं वाणिज्य संस्थान (आईआईएमसी) 19 जून को इंटरमीडिएट छात्रों के लिए मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करेगा। यह पहली बार है जब तेलंगाना में इतने बड़े पैमाने पर मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिनमें सामान्य अंग्रेजी, योग्यता, तर्क, मानसिक क्षमता, सूचना प्रौद्योगिकी और बुनियादी वाणिज्य जैसे विषय शामिल होंगे तथा यह सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए कोई पंजीकरण प्रक्रिया या शुल्क नहीं है और प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। शीर्ष 50 छात्रों को 5 लाख रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।

## विदेशी सिगरेट जब्त

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार रात बेगमपेट में पुलिस ने घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने %0 वाहनों को जब्त कर लिया, क्योंकि उनके मालिक वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इसके अलावा, देश में कथित रूप से तस्करी करके लाई गई 4 लाख रुपये की विदेशी सिगरेट भी बरामद की गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एस रश्मि पेरुमल ने बताया कि एनबीटी नगर, पटिगड्डा और ओल्ड पटिगड्डा में करीब 530 घरों की तलाशी ली गई। पुलिसकर्मियों ने निवासियों से बातचीत की और सामुदायिक मुद्दों पर फीडबैक भी जुटाया।

## काम के दबाव के कारण युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को कोंडापुर स्थित एक सर्विस अपार्टमेंट में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, सुरेश रेड्डी निर्मल (28) ने कोंडापुर के राजा राजेश्वरी कॉलोनी में एसवी सेरेनिटी अपार्टमेंट में दो दिनों के लिए सर्विस अपार्टमेंट बुक किया था। वह मणिकोंडा में एक निजी कंपनी में काम करता था। गाचीबोवली पुलिस ने बताया, 'सुरेश ने बाजार से हीलियम गैस सिलेंडर खरीदा और उसे कमरे में रख दिया। उसने अपने चेहरे पर प्लास्टिक कवर पहना हुआ था और संदेह है कि उसने एक पाइप लिया और एक छोर को सिलेंडर से जोड़ा और दूसरे छोर को प्लास्टिक कवर में डाल दिया। दम घुटने से उसकी मौत हो गई।' कमरे में मिले सुसाइड नोट में सुरेश ने लिखा है कि उस पर काम का बहुत दबाव है और इसलिए वह अपनी जान दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मसाब टैंक में ड्रग तस्करी के आरोप में 8 लोगों को पकड़ा

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स (पश्चिम क्षेत्र) ने मसाब टैंक पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन में कथित रूप से शामिल आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी मोहम्मद फैजान, जो मसाब टैंक का निवासी है, अपने पांच साथियों के साथ मिलकर शहर भर में नशेड़ियों को नियमित रूप से नशीले पदार्थ बेचता था। बताया जा रहा है कि इस समूह ने अपने परिचितों के माध्यम से ड्रग्स प्राप्त की थी। दो आदतन खरीदारों को भी हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने संदिग्धों के पास से 375 मिली हशीश तेल, 175 ग्राम गांजा, दो चाकू और तीन मोटरसाइकिलें जब्त कीं।



पारसीगुट्टा स्थित श्री आईमाताजी बडेर मे स्व.श्री भोलारामजी हाम्बड़ की श्रद्धांजलि सभा मे श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए पुनाराम, मुकेश कुमार, नारायणलाल, सुरेश, दिनेश, प्रकाश, अशोक, रमेश हाम्बड़, पुनाराम सोयल, रमेश सोलंकी, समाज के पदाधिकारी मोहनलाल हाम्बड़, प्रकाश आगलेचा, कालुराम काग, खंगारसिंह लचेटा, चोलाराम हाम्बड़, जसवंत देवड़ा, पुखराज सोयल, रामलाल, जसाराम बर्फा, सोहनलाल परिहार, राजाराम गहलोत, रामलाल परिहार व समाज बन्धु।

## सडक दुर्घटना में मौत

निर्मल, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल जिला भैंसा मंडल देगांव में बुधवार को बस स्टैंड के पास एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार भैंसा मंडल के वालेगाम गांव के बोडिगामवार चंद्रशेखर (48) अपनी पत्नी सुशीला के साथ बासर जा रहे थे। इसी दौरान देगांव बस स्टैंड पर सड़क पर पैदल जा रहे चंद्रशेखर को भैंसा से निजामाबाद जा रही बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में चंद्रशेखर की मौके पर ही मौत हो गई।

मामले की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण शव के पास पहुंचे और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भैंसा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जुटे है।

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें, द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

आवेदन सूचना सं. वाय/सी.565/ एटीवीएम/ फैसिलिटेटर/ नोटिफिकेशंस/25-26 दि.14-06-2025

हैदराबाद डिवीजन पर एटीवीएम द्वारा फैसिलिटेटर्स की नियुक्ति के लिए, अनारक्षित या अनरिजर्व्ड टिकेट्स को जारी करने हेतु

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे(द.म.रे.) हैदराबाद डिवीजन, सिकंदराबाद द्वारा हैदराबाद डिवीजन के **20 रेलवे स्टेशनों** पर एटीवीएम के माध्यम से टिकेट्स की प्राप्ति तथा अनारक्षित या अन-रिजर्व्ड टिकेट्स को जारी करने के लिए, स्मार्ट कार्ड्स धारक रेल यात्रियों की तत्संबंधित सहायता हेतु फैसिलिटेटर की नियुक्ति हेतु दमरे के सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों एवं एटीवीएम स्थित रेलवे स्टेशन के उसी जिले के सर्व सामान्य जनता से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। फैसिलिटेटर्स के रूप में कार्य करने के लिए अनुमति दि.31-03-2027 तक है। रेल प्रशासन द्वारा, फैसिलिटेटर की भर्ती पर किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक नही दिया जायेगा। चयनित फैसिलिटेटर को अनुमति है कि, वे एटीवीएम स्मार्ट कार्ड्स पर समय समय पर लागू बोनस को बनाए रखें या रिटेन करें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया बोनस एलीजिबिलिटी से जुडी नियम व शर्तों की पैरा सं.3 को रिफर करें। समस्त, पहले के आवेदन तथा स्टैण्ड बाय सूचियां निरस्त या रध्द की गयी हैं। सभी इच्छुक कर्मचारियों को नये सिरे से आवेदन करना चाहिए। जहां जहां पर एटीवीएम फैसिलिटेटर्स की आवश्यकता से संबंधित हैदराबाद डिवीजन के स्टेशनों की सूची निम्न प्रकार हैः

| क्रम सं. | स्थान | श्रेणी | फैसिलिटेटर्स की आवश्यकता की मात्राः |
|---|---|---|---|
| 1 | केसीजी | एनएसजी-2 | 12 |
| 2 | एनजेडबी | एनएसजी-3 | 6 |
| 3 | केआरएनटी | एनएसजी-4 | 6 |
| 4 | एमबीएनआर | एनएसजी-4 | 4 |
| 5 | केएमसी | एनएसजी-4 | 4 |
| 6 | जीडब्ल्यूडी | एनएसजी-5 | 4 |
| 7 | एसएचएनआर | एनएसजी-5 | 2 |
| 8 | जेसीएल | एनएसजी-5 | 2 |
| 9 | बीएसएक्स | एनएसजी-5 | 4 |
| 10 | युएमआरआई | एनएसजी-5 | 2 |
| 11 | डीएबी | एनएसजी-5 | 2 |
| 12 | एचपीजी | एसजी-3 | 1 |
| 13 | एफएम | एसजी-3 | 4 |
| 14 | युआर | एसजी-3 | 2 |
| 15 | एमइडी | एसजी-3 | 2 |
| 16 | बीएमओ | एसजी-3 | 1 |
| 17 | एमजेएफ | एसजी-3 | 1 |
| 18 | एसटीपीडी | एसजी-3 | 1 |
| 19 | वीएआर | एसजी-3 | 1 |
| 20 | एमएक्सटी | एसजी-3 | 1 |
| | कुल | | 62 |

**टिप्पणीः** इस अधिसूचना से पूर्व प्रस्तुत किए गये आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों या कैंडिडेट्स को सलाह दी जाती है कि, चयन हेतु नये सिरे से आवेदन करें।

महत्वपूर्ण तिथियां

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर आवेदन पत्र की उपलब्धता की तिथि | -www.scr.indianrailways.gov.in पर दि.13-06-2025 के 9.00 बजे से |
| आवेदन पत्रों को जारी करने की अंतिम तिथिः | 3-7-2025 के दोप.12.00 बजे तक |
| आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथिः | 3-7-2025 के दोप. 15.00 बजे तक |

इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारीगण, दक्षिण मध्य रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पति जीवनसाथी/वयस्कों/बालकों एवम् / सामान्य जन द्वारा तत्संबंधित अपने आवेदनों को निर्धारित प्रारूप में दि.3-7-2025 के 15.00 बजे या इससे पहले, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक का कार्यालय, हैदराबाद डिवीजन, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद कार्यालय पर, प्रस्तुत कर सकते हैं। वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक का कार्यालय, हैदराबाद डिवीजन के साथ साथ रेलवे वेबसाइट -www.scr.indianrailways.gov.in पर दि.13-06-2025 के 9.00 बजे से 3-7-2025 के दोप.12.00 बजे तक, तत्संबंधित निर्धारित आवेदन, नियम व शर्तें, योजना की प्रमुख विशेषताएं आदि उपलब्ध हैं। आवेदन पर, सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के पति जीवनसाथी/वयस्कों/बालकों एवम् /सामान्य जन की श्रेणी के प्रति ----------------रेलवे स्टेशन पर एटीवीएम फैसिलिटेटर के लिए आवेदन अंकित किया जाना चाहिए तथा इस आवेदन को मुहरबंद लिफाफे में डालकर, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद डिवीजन, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद कार्यालय पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। दि.3-7-2025 के 15.00 बजे के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार किया जायेगा। डाक द्वारा प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार किया जायेगा।

A0902 हस्ता./- वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद

# बुमराह बोले- कप्तान नहीं बनना मेरा फैसला था

## इंग्लैंड में सभी 5 टेस्ट नहीं खेल सकता

## वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते लीडरशिप रोल नहीं चुना

मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि उन्होंने खुद कप्तानी लेने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, बुमराह ने खुद को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध बताया।

कप्तानी के सवाल पर बुमराह ने कहा- 'मैंने कप्तानी के लिए बीसीसीआई और सिलेक्टर्स को मना किया था। इसमें कोई फैंसी कहानियां नहीं हैं, कोई विवाद नहीं है या कोई हेडलाइन वाला बयान नहीं है कि मुझे बर्खास्त कर दिया गया था या मेरी तरफ नहीं देखा गया।' रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कई पूर्व क्रिकेटर्स ने बुमराह को कप्तान बनाने का समर्थन किया था।

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर हैं। टीम को वहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी हैं। पहला



मुकाबला 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

**मैंने बोर्ड से कहा, मुझे**

**कप्तान न बनाएं: बुमराह**

बुमराह ने बताया, रोहित-कोहली के रिटायर होने से पहले मैंने बोर्ड से बात की थी। मैंने अपने वर्कलोड की जानकारी दी। पीठ दर्द के ट्रीटमेंट के बाद मैंने सर्जन से भी बात की। काम का बोझ था इसलिए हम इस नतीजे पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा और स्मार्ट बनना होगा। जिसके बाद मैंने बोर्ड से कहा, 'मैं नहीं चाहता कि मुझे नेतृत्व के तौर पर देखा जाए।'

**इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट खेलेंगे बुमराह**

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए खुद को उपलब्ध बताया। उन्होंने अपनी फिटनेस पर बात करते हुए कहा- 'मैं कम से कम तीन मैच खेलना चाहता हूं।

फिलहाल, यही प्लान है। अभी कोई नंबर तय नहीं किया है। लेकिन, पहले मैच के लिए तैयार हूं। हमें आगे देखना होगा कि चीजें कैसे गुजरती हैं।'

# स्मृति मंधाना आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बनीं

## 5 साल बाद टॉप पर पहुंचीं; बॉलर्स में दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर



नई दिल्ली, 18 जून (एजेंसियां)। आईसीसी की विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना टॉप पर पहुंच गई हैं। वे साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट और इंग्लैंड की नैटली सिवर ब्रंट को पीछे कर नंबर-1 पर पहुंचीं। मंधाना 5 साल बाद नंबर-1 बैटर बनीं, वे 2019 में आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खत्म होने के बाद टॉप पर पहुंची थी।

बॉलर्स की वनडे रैंकिंग में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर बरकरार हैं। वे टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। दीप्ति दोनों फॉर्मेट की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी टॉप-4 के अंदर मौजूद हैं।

मंधाना टी-20 में चौथे नंबर-4

आईसीसी ने विमेंस प्लेयर रैंकिंग अपडेट की। मंधाना ने 1 स्थान की छलांग लगाई, वे 727 पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंचीं। सिवर-ब्रंट भी 1 स्थान ऊपर पहुंचीं, वे और वोल्वार्ट 719 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर कायम हैं। टॉप-10 बैटर्स रैंकिंग में भारत से और किसी भी प्लेयर को जगह नहीं मिली। जेमिमा रोड्रिग्ज 15वें और हरमनप्रीत कौर 16वें नंबर पर मौजूद हैं।

टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भी मंधाना को छोड़कर भारत की कोई बैटर टॉप-10 में शामिल नहीं है। मंधाना चौथे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और ऑस्ट्रेलिया की ही ताहलिया मैक्ग्रा टॉप-3 पोजिशन पर कायम हैं।

टॉप-10 बॉलर्स में दीप्ति इकलौती भारतीय वनडे की टॉप-10 बॉलर्स में दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर हैं। इंग्लैंड की सोफी ए क ले स् ट न, ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और मेगन शट टॉप-3 पोजिशन पर हैं। इस रैंकिंग में भारत की अगली टॉप प्लेयर रेणुका सिंह हैं, जो 24वें नंबर पर बरकरार हैं। हालांकि, टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में दीप्ति दूसरे तो वहीं रेणुका पांचवें नंबर पर हैं।

दोनों ही फॉर्मेट की ऑलराउंडर्स रैंकिंग में को ई ब द ला व नहीं हुआ। वनडे में ए श ले गार्डनर टॉप पर हैं, दीप्ति चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं टी-20 में हेली मैथ्यूज नंबर-1 और दीप्ति नंबर-3 पर हैं।



टीम इंडिया दोनों फॉर्मेट में तीसरे नंबर पर

दोनों ही फॉर्मेट की टीम रैंकिंग में भी बदलाव नहीं हुआ। इंडिया विमेंस वनडे में 121 और टी-20 में 260 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों फॉर्मेट में पहले और दूसरे नंबर पर हैं।

# जसप्रीत बुमराह की चोट को लेकर योगराज सिंह का बड़ा बयान

## कम उम्र में आप जिम जाते हैं जिससे ज्यादा चोटें लगती है

मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। टीम इंडिया अब इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून को खेला जाएगा। इस बार टीम इंडिया की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं, हालांकि गिल से पहले बीसीसीआई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टेस्ट टीम का कप्तान बनाना चाहती थी, लेकिन बुमराह ने फिटनेस के कप्तानी करने से मना कर दिया था। बुमराह इस सीरीज के सभी मैच खेल पाएंगे या नहीं ये तय नहीं है। कई बार बुमराह को इंजरी के चलते लंबे समय तक टीम इंडिया से बाहर रहते हुए देखा गया है। वहीं अब पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने बताया कि आखिर बुमराह बार-बार क्यों




चोटिल हो रहे हैं?

**योगराज सिंह का बड़ा बयान आया सामने**

एक इंटरव्यू के दौरान योगराज सिंह ने कहा "बुमराह और अन्य क्रिकेटरों के बार-बार चोटिल होने का कारण जिम है। शमी और हार्दिक आपको बॉडीबिल्डिंग की जरूरत नहीं है। पुराने दिनों में बड़े-बड़े गेंदबाज काफी लचीले थे इसके अलावा दिग्गज विव रिचर्ड्स भी 35 साल तक कोई जिम नहीं गए थे। क्रिकेटर्स को 35-36 साल की उम्र के बाद जिम जाना चाहिए, क्योंकि आपकी मजबूती 36-37 साल के बाद शुरू होती है।"

आगे उन्होंने कहा "कम उम्र में आप जिम जाते हैं जिससे ज्यादा चोटें लगती है। पुराने समय में न के बराबर चोट लगती थी। क्रिकेट में आपको लचीले शरीर की जरूरत होती है। आगे उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि कृपा भगवान के लिए क्रिकेटरों को जिम न भेजे।" योगराज सिंह का मानना है कि क्रिकेटरों के ज्यादा जिन जाने से उनको इंजरी का ज्यादा खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में उनको जिम नहीं जाना चाहिए।

**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में चोटिल हुए थे बुमराह**

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान जसप्रीत बुमराह इंजर्ड हो गए थे। सिडनी टेस्ट के दौरान बुमराह को पीठ में ऐंठन की समस्या हो गई थी, जिसके चलते उनको स्कैन के लिए मैच बीच में छोड़कर अस्पताल जाना पड़ा था। इसके बाद दूसरी पारी में बुमराह ने गेंदबाजी भी नहीं की थी। इंजरी के चलते बुमराह आईपीएल 2025 के शुरुआती मैचों में भी नहीं खेल पाए थे। अब देखने वाली बात होगी इंग्लैंड के साथ होने वाली सीरीज के कितने मैच बुमराह खेलने वाले हैं?

# ऋषभ ने 10 छक्कों के साथ 66 गेंदों पर ठोके 137 रन

## 24 घंटे के अंदर इन दो टीमों पर टूटा कहर

भोपाल, 18 जून (एजेंसियां)। लगता है ऋषभ नाम वाले खिलाड़ियों का मौसम आ गया है. उधर इंग्लैंड में तो अभी ऋषभ पंत के इंग्लैंड के खिलाफ गरजने-बरसने का इंतजार है. लेकिन, इधर MPL 2025 में ऋषभ चौहान की रनबाजी लगातार जारी है. लीग के लगातार दूसरे मैच में उनके बल्ले ने रन आग की तरह उगले है, जिसके असर से उनकी टीम ग्वालियर चीताज ने 24 घंटे के अंदर दो टीमों- जबलपुर और बुंदेलखंड बुल्स- धूल चटा दी है.



एमपीएल यानी मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग 2025 के पहले मैच में जबलपुर को हराने के 24 घंटे के अंदर ही ग्वालियर चीताज का मुकाबला बुंदेलखंड बुल्स से हुआ. श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले इस मैच को उन्होंने 46 रनों से जीता. इन दोनों ही मैचों में जिस एक बल्लेबाज की भूमिका सबसे अहम रही, वो रहे ऋषभ, जिन्होंने दोनों मैचों को मिलाकर 10 छक्कों के साथ 66 गेंदों में 137 रन ठोके.

ऋषभ ने बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ मिली 46 रन की जीत में सिर्फ 19 गेंदों पर 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ नाबाद 44 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 4 छक्के निकले. इसके पहले जबलपुर के खिलाफ ऋषभ ने 6 छक्के उड़ाए थे और सिर्फ 47 गेंदों पर 93 रन ठोके थे. यानी ग्वालियर चीताज के लिए खेलते हुए पहले मैच में शतक से चूकने वाले ऋषभ, दूसरे मैच में बुंदेलखंड के खिलाफ अपने अर्धशतक से चूकते दिखे.

मैच की बात करें तो जबलपुर के खिलाफ पहले मैच में 191 रन बनाने वाली ग्वालियर चीताज ने 24 घंटे के अंदर ही बुंदेलखंड के खिलाफ अपने दूसरे मैच में 20 ओवर में 5 विकेट पर 208 रन बनाए. ग्वालियर चीताज की ओर से ऋषभ के अलावा उसके ओपनर सूरज यादव की भूमिका की बुंदेलखंड के खिलाफ कमाल की रही. उन्होंने 69 रन बनाए. इसके अलावा मंगेश यादव ने भी अपने बल्ले का जोर दिखाया और केवल छह गेंद में ही नाबाद 24 रन बना दिए. उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए.

## रवि शास्त्री ने चुनी इंग्लैंड टेस्ट के लिए भारतीय प्लेइंग-11

# साई सुदर्शन को डेब्यू का मौका, जायसवाल-राहुल की ओपनिंग जोड़ी; जडेजा होंगे मुख्य स्पिनर

मुंबई, 18 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी पसंदीदा भारतीय प्लेइंग-11 बताई है।

उन्होंने आईसीसी रिव्यू में कहा है कि साई सुदर्शन को डेब्यू करवाना चाहिए और उन्होंने पहले मैच में साई को तीसरे नंबर पर उतारने का भी सुझाव दिया है। वहीं, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने वाले करुण नायर को पांचवें नंबर पर खिलाने की वकालत की है।

पांच मैच की सीरीज का पहला मैच शुक्रवार से शुरू होगा जो भारतीय कप्तान के रूप में शुभमन गिल की पहली सीरीज होगी।

**ओपनिंग जायसवाल और केएल राहुल करें**

शास्त्री ने सलामी जोड़ी के लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को चुना। उन्होंने कहा,



'राहुल का अनुभव और इंग्लैंड में उनका पहले का शानदार प्रदर्शन उन्हें सलामी बल्लेबाज के लिए सही विकल्प बनाता है।' नंबर तीन पर उन्होंने युवा साई सुदर्शन को मौका देने की बात कही, जो हाल में शानदार फॉर्म में हैं।

नंबर चार पर कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी करें। नंबर पांच पर करुण नायर को चुना गया है, जिन्होंने हाल के दिनों में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं। शास्त्री ने नायर की मेहनत की तारीफ की और कहा,'उन्होंने अपनी मेहनत से टीम में जगह बनाई है।' नंबर छह पर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत होंगे।

**मुख्य स्पिनर के तौर पर कुलदीप की जगह जडेजा को तव्वजो**

शास्त्री ने नंबर सात पर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को चुना, जो मुख्य स्पिनर होंगे। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पक्के हैं। उनके अनुसार तीसरे तेज गेंदबाज के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह में से किसी एक को मौका मिल सकता है, जो मौसम और पिच की स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर मौसम बादल वाला हुआ, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप को प्राथमिकता मिल सकती है।

ऑलरांउर के लिए शार्दूल और नीतीश के बीच मुकाबला

ऑलराउंडर के लिए शार्दूल ठाकुर और नीतीश रेड्डी के बीच कड़ा मुकाबला है। शास्त्री ने कहा, 'अगर नीतीश 12-14 ओवर डाल सकते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी के कारण उन्हें मौका मिल सकता है।' यह टीम युवा और अनुभव का मिश्रण है, जो इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में भारत के लिए मजबूत प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।

## एक साल पहले जारी हुआ विमेंस टी-20 वर्ल्डकप का शेड्यूल

# 12 जून से शुरू होगा टूर्नामेंट; भारत का पहला मैच पाकिस्तान से

दुबई, 18 जून (एजेंसियां)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल एक साल पहले ही जारी कर दिया है। बुधवार को जारी शेड्यूल के अनुसार, भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ 14 जून को एजबेस्टन में करेगी।

इसी मैदान पर 12 जून को मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 5 जुलाई को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे।

**12 टीमों को दो ग्रुपों में बांटा, इंडिया को ग्रुप-ए में रखा**

टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही 12 टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीम हैं। वहीं, ग्रुप-बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज हैं। दोनों ग्रुपों की शेष दो टीमों ग्लोबल क्वालिफायर से आएंगी।

**5 जुलाई को लॉर्ड्स में फाइनल खेला जाएगा**



**विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026**

| ग्रुप 1 | ग्रुप 2 |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड (मेजबान) |
| दक्षिण अफ्रीका (2024 की फाइनलिस्ट) | न्यूजीलैंड (डिफेंडिंग चैंपियन) |
| भारत | श्रीलंका |
| पाकिस्तान | वेस्टइंडीज |
| *दो टीमें ग्लोबल क्वालिफायर से* | *दो टीमें ग्लोबल क्वालिफायर से* |

हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल मैच 30 जून और 2 जुलाई को ओवल में होंगे और फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। 24 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के मैच 7 मैदानों पर होंगे। इसमें एजबेस्टन, हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स शामिल हैं।

**इंग्लिश कप्तान नेटली सीवर-ब्रंट ने कहा- यह वर्ल्ड कप यादगार होगा**

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने कहा, वर्ल्ड कप हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह वाला कुछ अलग ही लग रहा है, इसमें खेल को सच में बदलने की ताकत है। यह हमारे खेल के लिए एक बहुत बड़ा मौका है और युवाओं को प्रेरित करने व देशभर के फैंस को आकर्षित करने का शानदार अवसर है।

अपने देश में, दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ, सबसे बड़ी ट्रॉफी के लिए खेलना, यह वाकई यादगार होने वाला है। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह टूर्नामेंट ना सिर्फ देशभर के फैंस को मशहूर क्रिकेटर्स को लाइव देखने का मौका देगा, बल्कि यह महिलाओं और लड़कियों को क्रिकेट से जुड़ने के लिए प्रेरित करके एक स्थायी बदलाव भी लाएगा।

# भारतीय जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने बरकरार रखा दबदबा

## पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में



सिंगापुर, 18 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशिया कप के दूसरे चरण में अपना दबदबा कायम रखा और पुरुष तथा महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली। पुरुषों के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है।

दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी। शानमुखी ने क्वालीफिकेशन में 706 अंक हासिल किए। उन्होंने सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की युरिके नीना बोनिता परेरा को 145-139 से हराया। क्वालीफिकेशन में 700 अंक हासिल करने वाली तेजल ने मलेशिया की फतिन नूरफतेह मैट सालेह को 147-142 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

# वेस्टइंडीज टीम में हुई गेल, ब्रावो और पोलार्ड की एंट्री

## लीजेंड्स टूर्नामेंट में मचाएंगे धमाल

खेल डेस्क, 18 जून (एजेंसियां)। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन का आगाज होने जा रहा है। डब्ल्यूसीएल का दूसरा सीजन 18 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। पहला मुकाबला एजबेस्टन में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच होगा। वहीं इस टूर्नामेंट के लिए वेस्टइंडीज की टीम भी सामने आ चुकी है। जिसमें क्रिस गेल, ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड जैसे दिग्गज शामिल है। इस टूर्नामेंट में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके सभी टीमों के दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए नजर आते हैं। पिछले सीजन इंडिया चैंपियन ने इस टूर्नामेंट को जीता था।

**वेस्टइंडीज चैंपियन की टीम आई सामने**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन के लिए वेस्टइंडीज चैंपियन की टीम सामने आ चुकी है।




इस बार टूर्नामेंट में ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड भी खेलते हुए नजर आने वाले हैं। इसके अलावा क्रिस गेल भी धमाल मचाने के लिए तैयार है।

इसलिए खास है ये टूर्नामेंट

ये टूर्नामेंट इसलिए भी खास माना जाता है क्योंकि इसमें फैंस पुराने चहीते दिग्गज खिलाड़ी एकसाथ खेलते हुए दिखाई देते हैं। इंडिया की तरफ से भी आपको इस टूर्नामेंट में युवराज सिंह, इरफान पठान, हरभजन सिंह जैसे दिग्गज खेलते हुए दिखाई देंगे।

**इस दिन अपने अभियान की शुरुआत करेगी वेस्टइंडीज चैंपियन**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज चैंपियन 19 जुलाई से करेगी। 19 जुलाई को वेस्टइंडीज चैंपियन का सामना साउथ अफ्रीका चैंपियन के साथ होगा। ये मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इसके बाद टीम का अगला मुकाबला 22 जुलाई को इंग्लैंड चैंपियन के साथ होगा।

## पशु क्रूरता उजागर करने के बाद तेलंगाना प्रयोगशाला के खिलाफ एफआईआर

हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रयोगशाला पशुओं के साथ दुर्व्यवहार पर पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया द्वारा हाल ही में किए गए खुलासे के बाद, तेलंगाना स्थित पालमूर बायोसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, महबूबनगर के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है। व्हिसलब्लोअर की रिपोर्ट के बाद, केंद्र सरकार की संस्था पशु नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण तथा प्रयोग समिति (सीसीएसईए) ने भी निरीक्षण शुरू किया। प्रसिद्ध पशु कल्याण संगठन ने कहा कि यह पहली बार है कि देश में किसी पशु प्रयोग प्रयोगशाला को इस तरह की कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

एक मुखबिर की मदद से पेटा द्वारा प्रयोगशाला में पशुओं के साथ दुर्व्यवहार के बारे में रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद महबूबनगर के बूथपुर पुलिस स्टेशन में प्रयोगशाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रयोगशाला के बारे में मुखबिर द्वारा किए गए खुलासे में आरोप लगाया गया है कि कुत्तों को अत्यधिक भीड़भाड़ में रखा जाता है, जिसके कारण अक्सर झगड़े होते हैं और खराब व्यवहार के कारण चोट लग जाती है। पेटा की रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि प्रयोगशाला के जानवर परीक्षण यौगिकों से गंभीर संक्रमण से पीड़ित हैं, जो अक्सर रक्त के पूल में पाए जाते हैं। कंपनी ने कथित तौर पर जंगली रीसस मैकाक भी प्राप्त किए, जिनमें से कुछ जूनोटिक रोगों के लिए सकारात्मक परीक्षण करते हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं।

पेटा के अनुसार, इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की उन धाराओं के साथ-साथ पशुओं की हत्या, उन्हें अपंग बनाने और उनके प्रति लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं, साथ ही संरक्षित मैकाकों को अवैध रूप से पकड़ने से संबंधित वन्य जीव संरक्षण अधिनियम (डब्ल्यूपीए) की धाराएं भी लगाई गई हैं।

पेटा इंडिया की डॉ. अंजना अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह ऐतिहासिक कदम पशुओं पर प्रयोग के इर्द-गिर्द छिपे रहस्य के पर्दे को हटाता है। पेटा इंडिया ने बयान में कहा कि फेडरेशन ऑफ इंडियन एनिमल प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन (एफआईएपीओ) के सहयोग से वह पालमूर बायोसाइंसेज को स्थायी रूप से बंद करने, उसके लाइसेंस रद्द करने, मुकदमा चलाने और जीवित पशुओं के पुनर्वास की मांग कर रहा है।

# तेजी से बदलती प्रौद्योगिकियों के साथ जीवन पूरी तरह से डिजिटल : रेवंत रेड्डी

## गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (जीएसईसी) का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज हैदराबाद के हाई-टेक सिटी में गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (जीएसईसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि हैदराबाद में एशिया प्रशांत क्षेत्र में वैश्विक आईटी दिग्गज गूगल के पहले गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (जीएसईसी) के उद्घाटन से बहुत प्रसन्न हूं। यह नई सुविधा दुनिया में केवल चौथी है। उन्होंने कहा कि गूगल ने दुनिया में बड़े बदलाव लाए हैं और तेजी से बदलती प्रौद्योगिकियों के साथ हमारा जीवन पूरी तरह से डिजिटल हो गया है।

आज, आईटी उद्योग में सबसे बड़ी चिंता का विषय गोपनीयता और सुरक्षा है। चूंकि हमारी अर्थव्यवस्था, सरकार और दैनिक जीवन डिजिटल प्रौद्योगिकी के साथ उन्नत हैं, इसलिए हम डिजिटल सुरक्षा के माध्यम से और आगे बढ़ेंगे। मुझे उन्नत साइबर सुरक्षा और सुरक्षा समाधानों के लिए इस साइबर-सुरक्षा केंद्र का उपयोग करने के लिए गूगल पर गर्व है। यह केंद्र रोजगार सृजन और भारत की साइबर सुरक्षा क्षमता को बढ़ाने के अलावा कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि गूगल के 'बुराई न करें' के कॉर्पोरेट दर्शन की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। गूगल की तरह, मेरा दृढ़ विश्वास है कि मेरी सरकार अच्छे कार्यों के माध्यम से लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। हमें दीर्घावधि में अच्छे परिणाम प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, क्योंकि हमारा दर्शन कम समय में परिणाम नहीं देगा।

वैश्विक कंपनियाँ उपयुक्त निवेश स्थानों की तलाश कर रही हैं और तेलंगाना राज्य निवेश करने और कंपनियाँ स्थापित करने के लिए सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में उभरा है। यदि हम ऑनलाइन खोज करते हैं, तो हैदराबाद लिंक में सबसे पहले दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'तेलंगाना राइजिंग' के नारे के साथ, राज्य सरकार 2035 तक एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के लिए पहले से ही आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाने का संकल्प लिया। हैदराबाद में गूगल कार्यालय के बगल में 2.50 एकड़ भूमि पर महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए स्टॉल लगाए। जनता की सरकार किसानों को एक समृद्ध समुदाय के रूप में विकसित करने और एक खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं के बीच कौशल को निखारने और उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए गूगल का समर्थन मांगा। तेलंगाना राइजिंग के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने की अपील की क्योंकि गूगल और हैदराबाद पुराने दोस्त हैं।

गूगल कंपनी ने कांग्रेस के शासन के दौरान 2007 में हैदराबाद में अपना पहला कार्यालय स्थापित किया। हैदराबाद गूगल कार्यालय में लगभग 7,000 कर्मचारी काम कर रहे हैं और शहर को अपना गृहनगर मानते हैं। राज्य सरकार पहले से ही गूगल के साथ सहयोग कर रही है और शिक्षा, सुरक्षा, मानचित्र, यातायात, स्टार्टअप, स्वास्थ्य आदि जैसे कई क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करती है। गूगल और मेरी सरकार में समानताएं हैं क्योंकि हम दोनों ने एक अभिनव दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हैदराबाद में यातायात प्रबंधन में ट्रांसजेंडरों को नियुक्त किया। जबकि, पिछली सरकार ने विशेष समुदाय की उपेक्षा की। जीएचएमसी भी विभिन्न कार्यों के लिए ट्रांसजेंडरों को काम पर रख रही है। हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है और इसलिए सरकार ने यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी और यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूल स्थापित किए हैं। हर साल, राज्य के कॉलेजों से 1.10 लाख इंजीनियरिंग छात्र पास होते हैं और उनमें से कई के पास नौकरी पाने के लिए कौशल नहीं होता है। भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति आनंद महिंद्रा के नेतृत्व में प्रतिष्ठित यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी छात्रों में कौशल विकसित कर रही है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी में एक विश्वविद्यालय की स्थापना। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य "सभी के लिए स्वास्थ्य" है।

ये मेरे मुख्य नवाचार हैं। मैं गूगल की तरह ही अपनी सरकार में भागीदार महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों, मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को उच्च जीवन स्तर प्रदान करना चाहता हूँ। आइए हम सब मिलकर जीवन स्तर को ऊँचा उठाएँ और हैदराबाद में नए सुरक्षा इंजीनियरिंग केंद्र की स्थापना के लिए गूगल को बधाई। मुझे पूरा विश्वास है कि गूगल अपने काम में उत्कृष्टता के माध्यम से हमें गौरवान्वित करेगा।

## बिल न चुकाने पर ठेकेदार ने मंचेरियल स्कूल पर लगाया ताला, दी आत्महत्या की धमकी



मंचेरियल, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तीन दिनों में दूसरी ऐसी घटना में, एक ठेकेदार ने एक सरकारी स्कूल के मुख्य द्वार को बंद कर दिया और एक पूर्ण परियोजना के बिलों का भुगतान न करने पर अपनी जान देने की धमकी दी, जिससे बुधवार को दांडेपल्ली मंडल के वेलगानूर गांव में लगभग तीन घंटे तक 300 से अधिक छात्रों को पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हुई। ठेकेदार गदिगोप्पुला थिरुपति ने बताया कि कुछ समय पहले स्कूल परिसर में डाइनिंग हॉल का निर्माण पूरा करने के बावजूद उनका बिल अभी तक नहीं चुकाया गया है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि काम के लिए लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए साहूकारों की ओर से उन पर बहुत दबाव था और अब वे तंगहाली की कगार पर पहुंच गए हैं।

उन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, 'मेरे पास कीटनाशक खाकर अपनी जान देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।' परिणामस्वरूप, आस-पास के चार गांवों के छात्र और स्कूल के शिक्षण स्टाफ को दोपहर तक बंद परिसर के बाहर इंतजार करना पड़ा। छात्रों ने अधिकारियों से इस मुद्दे को तुरंत हल करने की अपील की, जबकि शिक्षकों ने अधिकारियों से छात्रों को और अधिक असुविधा से बचाने के लिए बिल भुगतान में तेजी लाने का आग्रह किया। हाल के दिनों में यह दूसरी ऐसी घटना है। 16 जून को, एक अन्य ठेकेदार गद्दाम श्रीनिवास ने खानपुर मंडल के राजुरा गांव में जिला परिषद माध्यमिक विद्यालय के गेट पर ताला लगा दिया, जिसमें मरम्मत कार्यों के लिए 40 लाख रुपये के बिल के भुगतान में देरी का विरोध किया गया। उस विरोध प्रदर्शन के कारण शिक्षकों और छात्रों को भी स्कूल के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ा।

## किसान को दो साल की जेल

निर्मल, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। छह साल पहले मुधोले मंडल के नीलायिपेट गांव में अपने खेत के चारों ओर अवैध विद्युत बाड़ लगाने से एक व्यक्ति की मौत का कारण बनने के लिए एक किसान को मंगलवार को दो साल की कैद और 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश वाणी ने 2019 में बैंकोला भूमेश की मौत के मामले में डेगावथ शंकर को दोषी पाते हुए उनके खिलाफ फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि आरोपी ने जानबूझ कर बिजली से चलने वाली बाड़ लगाई, जबकि उसे पूरी तरह पता था कि इससे जानलेवा परिणाम हो सकते हैं। इस बीच, पुलिस अधीक्षक डॉ. जानकी शर्मिला ने दोषी को सजा दिलाने के लिए जांच अधिकारियों की सराहना की।

## डबल बेडरूम फ्लैट आवंटित करने के नाम पर धोखा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, उत्तरी क्षेत्र टीम ने बंडलागुडा पुलिस के साथ मिलकर डबल बेडरूम फ्लैट आवंटित करने के नाम पर धोखा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मोहम्मद अहमद और उसके तीन साथियों मोहम्मद अमजद उर्फ मुनव्वर, मीर कौसर अली उर्फ सिराज और कोथाकोटा राज कुमार रेड्डी उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 25-30 निर्दोष लोगों को बंडलागुडा में डबल बेडरूम फ्लैट आवंटित करने के वादे पर पैसे लेकर धोखा दिया और टीजी राज्य सरकार की योजना के तहत लगभग 42.35 लाख की राशि एकत्र की और नकली और जाली मुहर लगाकर (11) पीड़ितों को नकली और जाली डबल बेड रूम आवंटन आदेश प्रतियां दीं। आरोपियों के पास से पुलिस ने नकली डबल बेड रूम आवंटन आदेश प्रतियां-11, स्टाम्प-06, सेल फोन-04, नकद 5,50,000 रुपए बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त, टास्क फोर्स, हैदराबाद शहर,वाई.वी.एस. सुधींद्र ने कहा कि मुख्य आरोपी व गिरोह का सरगनामोहम्मद अहमद बंदलागुडा हैदराबाद का निवासी है, उसने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और एसी तकनीशियन और रियल एस्टेट ब्रोकर के रूप में अपनी आजीविका चला रहा है। रियल एस्टेट से कम आय के कारण, उसने अपने सहयोगी मोहम्मद अमजद उर्फ मुनव्वर निवासी बंदलागुड़ा के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को टीजी सरकारी योजना के तहत डबल बेडरूम फ्लैट दिलाने की आड़ में फंसाने और उनसे पैसे ऐंठने की योजना बनाई। इसके लिए उन्होंने दूसरे आरोपी कोथाकोटा राज कुमार रेड्डी उर्फ राजू से संपर्क किया, जो बंदलागुड़ा में निर्माणाधीन साइट पर सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा है, जहां सरकार लाभार्थियों के लिए डबल बेडरूम फ्लैट बना रही है। फिर अहमद और मुनव्वर दोनों लोगों से कहते थे कि वे उन्हें डबल बेडरूम फ्लैट आवंटित करवा सकते हैं और उनसे 50,000 से 1,70,000 रुपये तक की रकम लेते थे।

फिर वे दोनों भोले-भाले लोगों को बंदलागुड़ा साइट पर ले जाते थे, जहां राजू उन्हें डबल बेडरूम फ्लैट दिखाता था और उन्हें विश्वास दिलाता था कि उन्हें ये फ्लैट आवंटित होने वाले हैं, जिसके लिए वह अहमद से कमीशन लेता था। कुछ दिनों बाद, हैदराबाद के गोलकुंडा निवासी मीर कौसर अली उर्फ सिराज जो मुख्य आरोपी का रिश्तेदार भी है। उससे संपर्क किया और कमीशन के आधार पर गोलकुंडा से अपने कुछ रिश्तेदारों को भेजा। इसी तरह, मोहम्मद अहमद ने पीड़ित के नाम पर फर्जी आवंटन आदेश प्रति देकर, डबल बेड रूम के आवंटन के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 50,000 से 2,22,000 रुपये की मांग की थी। मुख्य आरोपी अहमद किसी और के नाम पर जारी डबल बेडरूम के मूल आवंटन आदेश को लेता था और उसे पिक्सआर्ट ऐप में संपादित करता था और आवंटन आदेश प्रतियों के खाली दस्तावेज बनाता था और बाद में उन्हें निर्दोष लोगों के विवरण के साथ भर देता था और उन पर आरडीओ हैदराबाद के हस्ताक्षर और मुहर लगाता था। इस तरह वह सरकारी राजस्व विभाग का एक जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज तैयार करता था, जिसे डबल बेडरूम के आवंटन आदेश के रूप में दिखाया जाता था।

इस प्रक्रिया में दो वर्षों से मुख्य आरोपी मोहम्मद अहमद और उसके तीन साथियों मोहम्मद अमजद उर्फ मुनव्वर, कोठाकोटा राज कुमार रेड्डी उर्फ राजू और मीर कौसर अली उर्फ सिराज ने बंदलागुड़ा, अंबरपेट, मंगलहाट, मदन्नापेट, गोलकोंडा, नल्लाकुंटा, अट्टापुर और अन्य क्षेत्रों आदि से लगभग 25 से 30 लोगों को फंसाया और भोले-भाले लोगों से 42.35 लाख रुपये की ठगी की और जमकर पैसे उड़ाए। विश्वसनीय सूचना पर आज उत्तर क्षेत्र टास्क फोर्स टीम और बंदलागुड़ा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी को राघवेंद्र, पुलिस निरीक्षक, उत्तरी क्षेत्र टास्क फोर्स, गुरुनाथ, पुलिस निरीक्षक, बंदलागुडा पुलिस स्टेशन, पी. ज्ञानदीप, सी.राघवेंद्र रेड्डी, पुलिस उपनिरीक्षक, उत्तरी क्षेत्र टास्क फोर्स, नागराज रेड्डी, पुलिस उपनिरीक्षक, बंदलागुडा पुलिस स्टेशन, सागर पीसी, इमरान पीसी तथा उत्तरी क्षेत्र टास्क फोर्स की टीम और बंदलागुडा पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा अंजाम दिया गया।

## चचेरे भाई की हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

संगारेड्डी, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक व्यक्ति जिसने मामूली बात पर अपने चचेरे भाई की हत्या कर दी, उसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी भवानी चंद्रा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार, दोषी जिन्नाराम मंडल के मदाराम निवासी मंगली भास्कर का 19 नवंबर 2021 को अपने चचेरे भाई मंगली बाबू (26) के साथ मामूली बात पर विवाद हो गया था। गुस्से में आकर भास्कर ने बाबू पर बीयर की टूटी बोतल से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। साक्ष्यों की जांच और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने मंगलवार को फैसला सुनाया।

# सीपी ने एचसीएससी सदस्यों के लिए हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया



हैदराबाद, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। डीजी व सीपी हैदराबाद सिटी पुलिस और अध्यक्ष, हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल (एचसीएससी) सी वी आनंद ने विशेष रूप से एचसीएससी सदस्यों के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया। हैदराबाद के ज्वैलर्स के लिए एचसीएससी द्वारा आयोजित एक बैठक में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, आयुक्त ने उन्हें हैदराबाद को रहने और व्यापार करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने में एचसीएससी के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उल्लेख किया कि यह हेल्पलाइन हमारे सदस्यों के लिए गैर-आपातकालीन सुरक्षा चिंताओं की रिपोर्ट करने, मार्गदर्शन प्राप्त करने और सामुदायिक पुलिसिंग पहलों पर हमारी परिषद के साथ सहयोग करने के लिए एक सीधा संचार चैनल के रूप में काम करेगी। सी शेखर रेड्डी, महासचिव, एचसीएससी ने ज्वैलर्स को एचसीएससी गतिविधियों में भाग लेने और एचसीएससी के सह-मालिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। विक्रम सिंह मान, एडिशनल सीपी, लॉ एंड ऑर्डर ने एचसीएससी का अवलोकन दिया और हैदराबाद को एक सुरक्षित शहर बनाने में एचसीएससी की सक्रिय भूमिका के बारे में बताया। बैठक में प्रशांत कुमार, संयुक्त सचिव, सीएसआर फोरम और पी. पुष्पा एसपी (तकनीकी) टीजीआईसीसीसी, प्रभारी डीसीपी एसएमआईटी भी मौजूद थे। हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल (एचसीएससी) के बारे में: हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल (एचसीएससी) एक गैर-लाभकारी संस्था है जो हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नरेट, विभिन्न प्रतिष्ठानों, सरकारी एजेंसियों और नागरिकों को शहर में सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाती है। एचसीएससी विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम करता है, जिसमें एंटी-नारकोटिक्स, महिला सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और साइबर सुरक्षा शामिल है। सहयोग और भागीदारी के माध्यम से, एचसीएससी जागरूकता पैदा करने, प्रभावी रणनीतियों को लागू करने और सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करता है।

## तेलंगाना सरकार ने मेरा फोन भी टैप किया था : वाईएस शर्मिला



विशाखापत्तनम, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एपी कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने आज कहा कि यह सच है कि तेलंगाना में फोन टैपिंग की घटना हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और उनके पति के फोन को तत्कालीन तेलंगाना सरकार ने टैप किया था।

उन्होंने विशाखापत्तनम एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया, "वाईवी सुब्बा रेड्डी ने खुद पुष्टि की है कि फोन टैपिंग हुई थी। मैंने उस दिन टैप किए गए अपने ऑडियो में से एक सुना है। फोन टैपिंग मामले की जांच जहां भी हो, तेलुगु राज्यों के सीएम रेवंत रेड्डी और चंद्रबाबू को फोन टैपिंग मामले की जांच में तेजी लानी चाहिए। उस समय जगन और केसीआर के बीच के संबंधों को देखते हुए, खून का रिश्ता भी महत्वहीन हो गया है। फोन टैपिंग एक स्केच है जिसे उन दोनों ने तेलंगाना में राजनीतिक और वित्तीय रूप से मुझे कमजोर करने के लिए मिलकर बनाया था। वाईएस जगन ने केसीआर के लिए मुझे रौंदने की कोशिश की।" उन्होंने कहा कि वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकतीं क्योंकि तब परिस्थितियां अलग थीं। शर्मिला ने आरोप लगाया, "जगन और केसीआर ने जो किया वह अराजकता थी और फोन टैपिंग उनकी जांच की तुलना में छोटी है।

मैं जगन की छोटी बहन हूं। वे उस मामले को भूल गए और साजिश रची कि मैं आर्थिक और राजनीतिक रूप से आगे न बढ़ूं। उन्होंने मेरे भविष्य को खत्म करने के लिए कई काम किए। उन्होंने मेरा समर्थन करने वालों को धमकाया। उन्होंने मेरे लोगों को राजनीतिक रूप से आने से रोका। मैं पार्टी बनाने के लिए तेलंगाना गई थी। उन्होंने केसीआर के लिए मुझे कुचलने की कोशिश की। उन्होंने मेरे आसपास चीजें मुश्किल बना दीं। उन्होंने मेरे हर संघर्ष में बाधा डाली।"

## कांग्रेस शासन में पुलिस स्टेशन बन गए हैं समझौता केन्द्र : केटीआर



राजन्ना-सिरसिल्ला, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस सरकार के तहत पुलिस स्टेशन समझौते के केंद्र बन गए हैं और पुलिस पूरी तरह से कांग्रेस नेताओं के निर्देश पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार के दस साल के कार्यकाल के दौरान इस तरह की प्रथाओं को कभी प्रोत्साहित नहीं किया गया। रामा राव मंगलवार को सिरसिल्ला में आत्महत्या करने वाले बीआरएस पार्टी कार्यकर्ता कुंतैया को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। रामा राव ने कहा कि कुंतैया ने न्याय की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उनकी शिकायत पर ध्यान देने के बजाय पुलिस ने उनके खिलाफ ही जवाबी मामला दर्ज कर लिया। इसे अस्वस्थ प्रवृत्ति बताते हुए बीआरएस नेता ने कहा कि अधिकारियों के इस तरह के व्यवहार को सुधारा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीआरएस तब तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी जब तक कुंतैया के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता। कुंतैया सोमवार को एसीबी की पूछताछ से पहले रामा राव को नैतिक समर्थन देने हैदराबाद गए थे। हालांकि, वापस लौटने पर उन्होंने यह कदम उठाया। आत्महत्या के प्रयास के बारे में जानने के बाद, रामा राव ने स्थानीय नेताओं को निर्देश दिया था कि वे सुनिश्चित करें कि कुंतैया को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा मिले। दुर्भाग्य से, इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

कुंतैया को समर्पित पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए रामा राव ने गहरा दुख व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि बीआरएस उनके परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने उनके बच्चों की शिक्षा और भविष्य का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। इससे पहले दिन में रामा राव ने कुंतैया के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और पार्टी का पूरा समर्थन दोहराया।

# बीआरएस कार्यकर्ता का निधन

राजन्ना-सिरसिल्ला, 18 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले बीआरएस कार्यकर्ता और पूर्व एमपीटीसी करिकेबोइना कुंतैया की मंगलवार शाम येलारेड्डीपेट मंडल के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। थंगल्लापल्ली मंडल के अंकुशपुर गांव के मूल निवासी कुंतैया ने कथित तौर पर 10 लाख रुपये के ज़मीन सौदे में एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर ठगे जाने के बाद यह कदम उठाया। कुंतैया, अन्य बीआरएस कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को हैदराबाद गए थे। जबकि अन्य लोग रात तक लौट आए, लेकिन वह घर नहीं लौटे। उनकी अनुपस्थिति से चिंतित परिवार के

**आरोपों से इनकार करते हुए सिरसिल्ला ग्रामीण सीआई मोगिली ने कहा कि कुंतैया की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली थी।**

सदस्यों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिन्होंने मोबाइल सिग्नल के ज़रिए उनकी लोकेशन ट्रैक की।

मंगलवार की सुबह वह गांव के बाहरी इलाके में बेहोशी की हालत में मिला। जब उसे पता चला कि उसने कीटनाशक पी लिया है, तो स्थानीय लोगों ने उसे येल्लारेड्डीपेट के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुसाइड नोट में कुंतैया ने बताया कि उसने जमीन खरीदने के लिए एक व्यक्ति को 10 लाख रुपए दिए थे। हालांकि, उसे बेची गई जमीन पहले से ही किसी और के कब्जे में थी और पैसे वापस नहीं किए गए। उसने दावा किया कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थानीय सीआई और एसआई ने उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। आरोपों से इनकार करते हुए सिरसिल्ला ग्रामीण सीआई मोगिली ने कहा कि कुंतैया की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। थंगल्लापल्ली एसआई राममोहन ने कहा कि कुंतैया के खिलाफ फर्जी जमीन बेचने का मामला दर्ज किया गया है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.